राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज



वर्ष- 13 अंक - 24
लखनऊ, सोमवार 22 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


समृद्ध समाज का आधार



विपक्ष के पास विकास का न विजन है और न नीति : धर्मपाल सिंह 03

सट्टा माफिया हसनैन की दो करोड़ 40 लाख की सम्पत्ति कुर्क 10


### प्रथमं शैलपुत्री



**वन्दे वांछितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्। वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥**

मां दुर्गा पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं. ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हं.। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,12,300/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2950/ |
| 18 कैरेट | = | 84,260/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,35,000/ |



### संक्षिप्त समाचार

**उच्च न्यायालय के 13 न्याय पीठ सचिव प्रोन्नत**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रशासन ने न्याय पीठ सेवा संवर्ग के 13 अधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान की है। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की अधिसूचना के अनुसार प्रोन्नत अधिकारियों में ज्वाइंट रजिस्ट्रार कम बेंच सेक्रेटरी ग्रेड चतुर्थ दिनेश प्रसाद गुप्ता को रजिस्ट्रार कम प्रिंसिपल बेंच सेक्रेटरी बनाया गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार कम बेंच सेक्रेटरी ग्रेड तृतीय पद पर तैनात विनय कुमार शर्मा (लखनऊ बेंच), मोहम्मद खलील इकबाल व देवेंद्र कुमार सिन्हा को ज्वाइंट रजिस्ट्रार कम बेंच सेक्रेटरी ग्रेड चतुर्थ पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है।इसी क्रम में असिस्टेंट रजिस्ट्रार कम बेंच सेक्रेटरी ग्रेड द्वितीय पद पर नियुक्त रंजय कुमार रमन (लखनऊ बेंच), सुभाष चंद्र शुक्ल, ओमप्रकाश प्रजापति, सुशील कुमार शुक्ल (लखनऊ बेंच), पुष्पा आर्या (लखनऊ बेंच), धर्मेंद्र कुमार, जय प्रकाश दुबे, मोहम्मद एमए कलीम (लखनऊ बेंच) एवं राजेश कुमार यादव को डिप्टी रजिस्ट्रार कम बेंच सेक्रेटरी ग्रेड तृतीय बनाया गया है।

**टीजीटी प्रवक्ता भर्ती की आयु सीमा में छूट पर जवाब-तलब**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक प्रवक्ता भर्ती में आयु सीमा में छूट दिए जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर राज्य सरकार और लोक सेवा आयोग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने इंद्र कुमार पाठक व कई अन्य की याचिका पर दिया है। याचियों ने प्रवक्ता भर्ती के लिए 28 जुलाई को जारी विज्ञापन को रद्द करने और आयु सीमा में छूट देने की मांग की है। उनका कहना है कि वे काफी समय से तैयारी कर रहे हैं, लेकिन विज्ञापन अब जारी हुआ है। याचियों का कहना था कि पूर्व में पुलिस भर्ती और जेल वॉर्डर भर्ती में इस प्रकार की छूट दी जा चुकी है। कोर्ट ने मामले को विचारणीय मानते हुए याचिका पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 19 नवम्बर को होगी।

**शहर को साफ-स्वच्छ बनाए रखना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी**

**भोपाल।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वार्ड, नगर, प्रदेश और देश को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि सभी स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करें। हम अपने घर और आसपड़ोस में अपने वार्ड में स्वच्छता बनाए रखें। अपने वार्ड और शहर को साफ और स्वच्छ बनाए रखना न केवल नगरीय निकाय की जिम्मेदारी है, बल्कि हर नागरिक की भी नैतिक जिम्मेदारी है और सभी को यह जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साफ-स्वच्छ वातावरण न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि हमारे जीवन में खुशहाली और समृद्धि भी लाता है। चौहान रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

## सीएम योगी ने गोरखनाथ विवि में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' पर आयोजित कार्यशाला में कहा

# यूपी के विकास में सभी निभाएं योजक की भूमिका

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' पर काम कर रहा है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित 12 सेक्टर्स में से किसी भी क्षेत्र में अपने सुझाव देकर राज्य का हर व्यक्ति यूपी को विकसित बनाने में योजक की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति सरकार द्वारा जारी 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के क्यूआर कोड को मोबाइल में स्कैन कर अपने सुझाव अवश्य दे।

सीएम योगी रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एमजीयूजी के ऑडिटोरियम में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2047' पर आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पूर्व और वर्तमान दशा का विस्तार से उल्लेख किया और भावी दशा के लिए एक रोडमैप सबके सामने रखा। सीएम ने कहा कि आजादी मिलने के बाद 1947 के देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 14 प्रतिशत था। इसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती गई। 2017 में उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद इसमें सुधार आना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 तक उत्तर प्रदेश की जीडीपी 12 लाख 36 हजार करोड़ रुपये थी। इस वर्ष के अंत तक सरकार इसे 36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाने जा रही है। यानी नौ सालों में तीन गुणा वृद्धि। इसी तरह राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी नौ सालों में 45000 रुपये से बढ़कर 1 लाख 20000 रुपये पर पहुंच रही है। आज प्रदेश में हरेक सेक्टर में विकास देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ 'अमृत महोत्सव' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए जो पंच प्रण दिए हैं, हम सभी को उसके साथ आगे बढ़ना होगा।

हमें उन पंच प्रणों, गुलामी की मानसिकता को सर्वथा समाप्त करना, विरासत का सम्मान करना, सेना, अर्धसेना और यूनिफॉर्मधारी जवानों का सम्मान व उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना, जाति, क्षेत्र या किसी भी तरह के वाद से मुक्त होकर समतामूलक समाज के लिए एकता के सूत्र में बंधना और नागरिक कर्तव्यों का पालन करना अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा।



**भगवान श्रीराम भारत के राष्ट्रीय चरित्र के परिचायक**

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया में हर देश का अपना एक राष्ट्रीय चरित्र होता है। भारत में यह राष्ट्रीय चरित्र भारत का अध्यात्म है। भारत के प्रत्येक नागरिक में किसी न किसी रूप में आध्यात्मिक भाव होता है। हर देश अपने चरित्र के अनुरूप अपनी भूमिका तैयार करता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भगवान राम के रूप को हमारे देश के आध्यात्मिक चरित्र को दिखाया गया है। रामायण में सामाजिक जीवन, राष्ट्रीय जीवन, पारिवारिक जीवन, प्राकृतिक जीवों से जुड़े सभी मूल्य समाहित हैं। महर्षि बाल्मिकी की यह कृति युगों-युगों से सामाजिक मार्गदर्शन कर रही है। रामायण के माध्यम से भगवान राम का जो चरित्र दिखाया है, वह राष्ट्रीय चरित्र के रूप में आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत विकसित हो सकता है। इसके लिए हमें उत्तर प्रदेश को विकसित करना होगा। यूपी को विकसित करने के साथ ही गोरखपुर को विकसित करना होगा। प्रदेश के हर नगर, कस्बे और गांव को विकसित करने के लिए कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की तुलना करें तो भारत विकसित था, आगे भी भारत विकसित बनेगा।

**विकसित भारत के लिए यूपी ने उठाई आवाज**

मुख्यमंत्री ने पितृ विसर्जन के पावन पर्व पर आजादी दिलाने वाले देश के पूर्वजों को याद करते हुए कहा कि देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वालों का सपना था कि भारत दुनिया की एक ताकत बने। पितृ विसर्जन पर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के लिए आयोजित यह कार्यशाला पूर्वजों के प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पीएम के आह्वान के तीन साल बाद जब किसी और जगह से आवाज नहीं आई तो विकसित भारत के लिए आवाज उठाने की शुरुआत यूपी ने की। बताया कि अगस्त माह में विकसित उत्तर प्रदेश के लिए एक विजन बनाने को विधानसभा और विधान परिषद में लगातार 24 घण्टे चर्चा हुई। इस चर्चा ने उस धारणा को बदल दिया है जिसमें कहा जाता था कि विधायिका में काम नहीं होता है। और, उस चर्चा के बाद अब आमजन से सुझाव लेकर कार्ययोजना बनाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेशभर में इस तरह की चर्चा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु यूपी में तीन सौ से अधिक बुद्धिजीवियों जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस, कुलपति, शिक्षक, चिकित्सकों, उद्यमियों की सहभागिता है, को प्रदेश के सभी जिलो में भेजा जा रहा है। ये बुद्धिजीवी प्रदेश के विभिन्न अकादमिक संस्थाओं में जाकर विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर छात्रों व अन्य लोगों से चर्चा कर रहे है।

**भारत में हैं आध्यात्मिक पर्यटन के सभी केंद्र**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांचवें संकल्प के रूप में प्रधानमंत्री ने देश दर्शन का दिया है। हमारे यहां 4 धाम, 51 शक्ति पीठ, 12 ज्योर्तिलिंग आदि आध्यात्मिक पर्यटन के सभी केंद्र हैं। हेरिटेज टूरिज्म की दृष्टि से भी भारत सम्पन्न है। भारत ने आक्रान्ताओं के खिलाफ एक लम्बी लड़ाई लड़ी है। टूरिज्म के लिए हम विदेश क्यों जाएं, जब हमारे पास इतना वैभवपूर्ण टूरिज्म क्षेत्र है। इससे हमारा पैसा भी अपने देश में खर्च होगा। पीएम के संकल्पों को याद दिलाते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। रासायनिक उर्वरको से कैंसर जैसे अनेक रोग होते हैं। मधुमेह के रोगियों की संख्या भारत में लगातार बढ़ रही है।

## लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह को मिला एम.एस. स्वामीनाथन ओरशन अवार्ड

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह को एम.एस. स्वामीनाथन ओरशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 21 सितम्बर 2025 को कलाम सेंटर, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ में आयोजित प्री-कॉन्फ्रेंस लाइव सर्टिफिकेशन वर्कशॉप्स एवं आईएसएमएन अवार्ड्स व फेलोशिप सेरेमनी के दौरान प्रदान किया गया, जो कि 5वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑन मेडिकल फूड एंड न्यूट्रिशन का हिस्सा था। यह विशिष्ट सम्मान प्रो. सिंह के मेडिकल फूड एवं न्यूट्रिशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करता है और हमारे संस्थान के लिए गौरव का क्षण है।

## एटीएस की कार्रवाई, गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के नाम पर ठगी में तीन गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के नाम पर उत्तर प्रदेश समेत कई देशों से धन उगाही करने के आरोप में तीन शातिरों को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया हैं। इन तीनों को महाराष्ट्र कोर्ट के ट्रांजिड रिमांड पर लखनऊ लाकर पूछताछ की गई।

यूपी एटीएस ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि गाजा पीड़ितों की मदद के नाम पर ठगी करने वाले महाराष्ट्र के ईदगाह स्लाटर हाउस भिवंडी निवासी मोहम्मद अयान, थाणे के शांती नगर निवासी जैद नोटियार और भिवंडी के गुलजार नगर का रहने वाले अबू सूफियान को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र कोर्ट से तीनों की ट्रांजिड रिमांड लेकर लखनऊ लाया गया और इनसे पूछताछ की गई। पता चला कि इन आरोपितों ने गाजा युद्ध पीड़ितों की सहायता के लिए क्राउड़ फंडिग की मुहिम चलाकर सोशल मीडिया में मार्मिक वीडियो पोस्ट किए, जिससे लोग आर्थिक सहायता के लिए भावुक किया जा सके।

इस दौरान आरोपितों ने आपदा में अवसर का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये जुटाए। पूरा पैसा पीड़ितों का न भेजकर अपनी अवैध गतिविधियों में खर्च किया। इन लोगों ने देश विरोधी कुचक्र में यूपी के कई जिलों से लाखों रुपये भेजे गए हैं। बताया गया कि आरोपितो ने मीडिया कैंम्पेन में अपनी यूपीआईडी और बैंक खातों का उपयोग किया है, जिसमें करोड़ो रुपये का चंदा आया है।

## दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार

**मुंबई।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास अगले बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले, शनिवार तक, मन्हास अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र नाम थे, जो इस साल अगस्त में पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी के पद छोड़ने के बाद से खाली है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तब से अंतरिम रूप से इस पद पर कार्यरत थे। बीसीसीआई पदाधिकारियों में एक और क्रिकेटर के शामिल होने की संभावना है, कर्नाटक और भारत के पूर्व स्पिनर रघुराम भट कोषाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। भट वर्तमान में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं।

## एच-1बी वीजा शुल्क नए आवेदकों पर होगा लागू

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है एच-1बी वीजा के लिये एक लाख डॉलर वाला नया शुल्क अमेरिका में पुन: प्रवेश करने वाले मौजूदा वैध वीजा धारकों पर लागू नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने शनिवार को इस मामले से जुड़े भ्रम और चिंताओं को दूर करने के लिये यह स्पष्टीकरण जारी किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह शुल्क रविवार से सिर्फ नये वीजा आवेदन पर लागू होगा, नवीकरण वीजा और वर्तमान वीजा धारक इसके दायरे से बाहर रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि एच-1बी वीजा धारक देश से बाहर जा सकते हैं और




पुनः प्रवेश कर सकते हैं, जैसा कि वे सामान्यतः करते आये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ एकमुश्त शुल्क है जो केवल नये आवेदन पर ही लागू होगा है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को अत्यधिक कुशल विदेशी श्रमिकों को नौकरी देने की अनुमति देता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये है, जिसके तहत एच-1बी आवेदकों को प्रायोजित करने के लिए कम्पनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अमेरिका में उच्च कुशल प्रतिभाएं आयें। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इस घोषणा के बाद माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने एच-1बी कर्मचारियों को सलाह दी है कि वे अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचें या नीति के प्रभावी होने से पहले अमेरिका लौट आयें। इस नीति से विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करने वाली कंपनियों की लागत में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। शुक्रवार को श्री ट्रंप ने कहा कि कंपनियां नया शुल्क नहीं देना चाहेंगी और इससे अमेरिकी नागरिकों को नौकरी मिलने का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकियों को नौकरी देने के लिये एक प्रोत्साहन नीति है।

## यूपी में माफियाओं की कमर टूटी अब कानून का राज : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज कायम है और संगठित अपराधी पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 17 साल पहले सपा सरकार के समय यूपी में अपराधियों का बोलबाला था, लेकिन भाजपा की सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति से माफियाओं की कमर तोड़ दी है। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज अपराधी और माफिया जान की भीख मांग रहे हैं। सपा शासनकाल में यही अपराधी व्यापारियों से वसूली करते थे, प्लाट और दुकान कब्जाते थे और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में रहती



थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्ती दिखाकर प्रदेश को सुरक्षित वातावरण दिया है। ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष को चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत है तो निर्वाचन आयोग में क्यों नहीं जाते। जब ये कर्नाटक में जीतते हैं तो संवैधानिक संस्थाओं की तारीफकरते हैं, लेकिन हारते ही संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं।

## ई-गवर्नेंस पर 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन 22 से विशाखापत्तनम में

**नई दिल्ली।** ई-गवर्नेंस पर 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन 22 से 23 सितंबर तक आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में होगा। दो दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह करेंगे। इस बार सम्मेलन का मुख्य विषय विकसित भारत : सिविल सेवा और डिजिटल परिवर्तन है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राज्य के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और आईटी एवं मानव संसाधन विकास मंत्री एन. लोकेश भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में इस बार 19 उत्कृष्ट पहलों को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें 10 स्वर्ण, 6 रजत और 3 जूरी पुरस्कार शामिल हैं।

## शब्द बदलते ही दिव्यांगों के प्रति बदला नजरिया

**केंद्रीय गृहमंत्री ने किया आह्वान समाज, सरकार व स्वयंसेवी संस्थाएं इन्हें आगे बढ़ाने के लिए हाथ आगे बढ़ाएं**

एजेंसी

**जोधपुर।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने विकलांगता की जगह दिव्यांगता शब्द मात्र बदल कर समाज व देश के नजरिये को बदल दिया है। अब जरूरत है तो ऐसे दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की।

उन्होंने कहा कि समाज, सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए काम करे तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसे लोग अच्छे



उद्यमी, इंजीनियर और डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर सकते हैं। ऐसे लोगों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए हमें हाथ थामने की जरूरत है। यहां स्व. पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि ईश्वर जब किसी को कुछ नहीं देता है तो उसे जीवन जीने के लिए कुछ विशेष भी जरूर देता है। उसे जो दिव्य चीज मिलती है, उसे पहचान कर दिव्यांगता के साथ व्यक्ति राष्ट्र निर्माण कर सके, ऐसा दायित्व समाज का है। दिव्यांग शब्द से ही आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर बनने का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी ने जागृत किया। राजस्थान के खिलाड़ी देवेन्द्र जाझड़िया, जिसकी मां के गहने बिक जाते हैं, जब वह देश के लिए कीर्तिमान हासिल करता है तो उसे देश का तिरंगा फहराने का फक्र मिलता है। प्रधानमंत्री ने ऐसे दिव्यांगजनों में खेल के कौशल को एक प्लेटफार्म मुहैया करवाया है।

## गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार कल

**गुवाहाटी।** असमिया दिलों पर दशकों से राज करने वाले पार्श्व गायक एवं अभिनेता जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार आगामी 23 सितंबर को राजधानी गुवाहाटी के बाहरी इलाका जोराबाट के दिसांग रिसोर्ट के पास कमारचुकी में 10 बीघा भूमि पर होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। इसकी जानकारी आज देर शाम असम लोक सेवा भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जुबीन गर्ग की चिता भस्म को जोरहाट में भी ले जाया जाएगा। 23 सितंबर की सुबह 08 बजे से जुबीन गर्ग की अंतिम शव यात्रा निकलेगी।

**संबोधन**

## पीएम मोदी ने शारदीय नवरात्रि के साथ जीएसटी की नयी दरों के लागू होने की पूर्व संध्या पर कहा

# कर सुधार से स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मिलेगी गति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कल से लागू होने वाले सुधारों को बचत उत्सव बताते हुए आज कहा कि नागरिक देवो भवः की सोच पर आधारित कर सुधारों से देश के लोगों के ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बचेंगे और आत्मनिर्भरता की दिशा में स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को गति मिलेगी।

मोदी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि के साथ जीएसटी की नयी दरों के लागू होने की पूर्व संध्या पर रविवार शाम को राष्ट्र के नाम संदेश में त्योहारों



के इस मौसम में सबका मुंह मीठा करने वाले और देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ाने वाले जीएसटी के अगली पीढ़ी के सुधार लागू होने पर देश के कोटि-कोटि परिवारजनों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों से रोजमर्रा की ज्यादातर जरूरत की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सामान अब 5 प्रतिशत के टैक्स दायरे में आएगा। इससे खाना-पीना और यहां तक कि घूमना-फिरना भी सस्ता हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर स्वदेशी वस्तुओं की अपील करते हुए कहा कि देश के लोग भारत में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर भारत बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली। वैसे ही देश की समृद्धि को भी स्वदेशी के मंत्र से ही शक्ति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में छोटे, मझोले एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) की भूमिका को रेखांकित किया और उन्हें देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ ही वैश्विक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत के स्वर्णिम काल में भी इन्हीं उद्योगों ने भारत की साख बनाई थी।

**पीएम आज देंगे अरुणाचल व त्रिपुरा को 5100 करोड़ की सौगात**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे, जहां वो 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय रविवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश के बाद श्री मोदी त्रिपुरा जाएँगे और पूजा-अर्चना करेंगे तथा माताबाड़ी में माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। क्षेत्र में विशाल जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट) और तातो-I जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट) अरुणाचल प्रदेश के सियोम उप-बेसिन में विकसित की जाएँगी।

## कोयला और शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने 10 ठिकानों पर मारा छापा

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोयला व शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में कई शराब कारोबारियों के घर दबिश दी गई है।

प्रदेशभर में 10 ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा पड़ा है। शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने प्रदेश के 10 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में शराब कारोबारियों के घर छापा पड़ा है। राजधानी में तीन से चार ठिकानों पर दबिश दी गई है। रायपुरा स्थित शिव विहार कॉलोनी स्थित शराब कारोबारी अवधेश यादव के घर भी ईओडब्ल्यू की टीम पहुंची है, जहां दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसी तरह दुर्ग और बिलासपुर में भी टीम ने छापामार की कार्रवाई कर जांच कर रही है। जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में ईओडब्ल्यू की 12 सदस्यीय टीम ने खनिज अधिकारी के बेटे के ठिकानों पर दबिश दी है। यहां कोयला व्यापारी जयचंद कोसल के अंबेडकर चौक स्थित घर में छापामार की कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि जयचंद कोसल के पिता जांजगीर जिला में ही राजस्व विभाग में पदस्थ हैं। ईओडब्ल्यू की इस ताबड़तोड़ छापामार की कार्रवाई से एक बार फिर हड़कंप मचा हुआ है। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए शराब और कोयला घोटाले में पहले ही कई अधिकारी और कारोबारी जेल जा चुके है।

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट डॉक्टर की हार्ट अटैक के चलते हुई मौत

**हमीरपुर।** शहर के एक प्राइवेट डॉक्टर का एक हार्ट अटैक के चलते उनकी रास्ते मौत हो गई सरल सुभाव के डॉक्टर की मौत की खबर सुनते ही परिजनों सहित उनके मरीजों और तिमारदारों में शोक की लहर दौड़ गई डॉक्टर का शव घर पहुंचते ही मिलने वालों का हुजूम लग गया दोपहर बाद डॉक्टर के शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया है। मुख्यालय के गौरा देवी मंदिर समीप एक प्राइवेट क्लिनिक चला रहे डॉ. मुहम्मद सफी का शनिवार की देर रात अचानक हार्ट अटैक पड़ गया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ से उन्हें कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन आनन फानन में कानपुर लेकर भागे। कानपुर नगर के थाना सजेती के पास रास्ते में डॉ. सफी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों सहित उनके मरीजों और तिमारदारों में गहरा सदमा लग गया। बता दें कि कोरोना काल में जहाँ एमएमबीबीएस डॉक्टरों ने मरीजों को देखना बंद कर दिया था वहीं सरल सुभाव के चिकित्सक डॉ. सफी ने अपने क्लिनिक में हाथों से मरीजों का इलाज कर अपनी एक पहचान बनाई थी। उनके व्यक्तित्व को लेकर शहर में चर्चा का विषय बन गया है।

### कैबिनेट मंत्री का कस्बे में हुआ स्वागत

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** महोबा जाते समय प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का व्यापारियों ने बस स्टैंड में फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया। रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के महोबा जाते समय बस स्टैंड में कस्बे के व्यापारी प्रत्यूष साहू, भोलू मिश्र, अंकुर नामदेव, राहुल सिंह, जावेद खान, मुकेश साहू, अंकित गुप्ता, सचिन गुप्ता, अर्पित निगम, भोलू सिंह, विकास सिंह, प्रदीप सचान आदि ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### दो युवकों ने शराब पिलाकर युवक को बेहरमी से बेल्टों से पीटा, गर्दन पर चाकू मार किया घायल

**राठ, हमीरपुर।** युवक ने शराब पिलाकर दो युवकों पर बेल्टों से मारपीट करने व गर्दन पर धारदार चाकू से हमला करने व रुपए छीनने का आरोप लगाया है। घायल युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के नई बस्ती पठानपुरा मोहल्ला निवासी निर्दोष अनुरागी पुत्र भगवतराम ने बताया कि शनिवार की रात करीब नौ बजे पियूष राजपूत निवासी पठानपुरा ने उसे उरई रोड स्थित ढाबे पर बुलाया। उसके बाद में ढाबे पर रज्जू निवासी उमरिया, सुनील निवासी कुल्हेंडा मौजूद थे। इसके बाद पियूष उसे चार पहिया कार से उरई स्टैंड ले गया। जहां उसने उसे शराब पिलाई। बताया कि इसके बाद पियूष ने उसे वापस ढाबे पर छोड़ दिया। बताया कि ढाबे पर मौजूद सुनील, रज्जू उसे बाइक पर बैठाकर एकांत स्थान पर ले गए। आरोप लगाया कि दोनों युवकों ने बेहरमी से बेल्टों से पीटा और धारदार चाकू से गले पर हमला कर दिया। जिससे गले में गंभीर चोटें आईं हैं। बताया कि वह बेहोश होकर गिर गया। युवक उसे छोड़कर भाग गए। आरोप लगाया कि जब वह होश में आया तो उसके दो मोबाइल व जेब में पड़े दस हजार रुपए निकाल कर ले गए। मारपीट से उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल अमित कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

### मोहल्लेवासियों के पूछताछ से बाइक व बैग छोड़कर भागे चोर, बैग में कटर, छड़ व पैंचकस निकले

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार चोर मोहल्ले की गलियों में घूम रहे हैं। मोहल्लेवासी रात को जागकर घरों की रखवाली करने में लगे हैं। शनिवार को चोर तीन स्थानों पर चोरी करने में असफल रहे। मोहल्लेवासियों के पूछताछ करने पर भाग खड़े हुए। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी शैलेन्द्र व्यास ने बताया कि शनिवार की रात के तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। मोहल्लेवासियों की नजर पड़ी जब पूछा तो वह कुछ नहीं बता सकते। बताया कि मोहल्लेवासी इकट्ठे हो गए। चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरे में भाग गए। डर से चोर अपनी बाइक और बैग छोड़ गए। बताया कि बैग में कटर, प्लास, छड़ और पेंचकस थे। मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। वहीं उरई बस स्टैंड निवासी काशी राजपूत ने बताया कि सुबह कार सवार कुछ लोग आए और रस्सी काटकर बकरी ले गए। सामने फौजी परमानंद के घर के बाहर बंधा बकरा लेकर भाग गए। जानवरों की आवाज सुनकर घर के बाहर निकले तब तक चोर बकरा बकरी लेकर भाग गए। इसी तरह उरई बस स्टैंड के पास स्थित महीयादीन गुप्ता की किराना की दुकान की शटर का ताला तोड़ रहे थे चोर किसी आहट मिलते ही भाग गए। बताया जाता है कि शटर के नीचे गड्ढा करके चोर ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन चोरी करने में असफल रहे।

### पितृमिलन कार्यक्रम के दौरान मासूम बच्ची की खौलती सब्जी के बर्तन में गिरने से हुई मौत

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टोलाकला गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शनिवार की देर शाम घर में आयोजित पितृ मिलन कार्यक्रम के दौरान 3 वर्षीय बच्ची कोमल देवी खेलते खेलते खौलते हुए सब्जी के बर्तन में गिर गई, जिससे बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं परिजनों के द्वारा बच्ची को गंभीर हालत में बांदा जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पर लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। इस घटना को देखते हुए पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पितृ मिलन जैसी कार्यक्रम पर अचानक हुई इस घटना से परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। वहीं स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,रविवार को पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई है।

### दुर्गा मूर्ति पूजा पंडाल विद्युत लाइन के नीचे न बनाएं सुरक्षा के समुचित उपाय कर सौहार्दपूर्ण पर्व मनाएं



**कमासिन/बांदा।** थाना परिसर कमासिन में पीस कमेटी की बैठक उप जिला अधिकारी बबेरू अवनीश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई बैठक में क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित नागरिकों से दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी दुर्गा मूर्ति पूजा पंडाल विद्युत तारों के नीचे ना स्थापित किए जाएं पंडाल के समीप सुरक्षा के लिहाज से पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ध्वनि विस्तारक डीजे तेज आवाज में न बजाए जाएं ध्वनि विस्तारक में केवल भक्ति गीत ही बजाए जाएं दुर्गा पूजा एवं रामलीला आयोजन समिति समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखें सजावटी विद्युत पोलों को प्लास्टिक कवर से ढक कर दुर्घटना होने से बचाए पूजा पंडाल को राजनीतिक मंच न बनाएं और एक दूसरे के खिलाफ झूठे मुकदमे भी पंजीकृत न कराए पूजा पंडाल की सुरक्षा के लिए आयोजक सुरक्षा समिति बना ले मूर्ति विसर्जन परंपरागत मार्गो से निर्धारित निर्धारित स्थल पर ही क्रम से संपन्न करें किसी प्रकार से व्यवधान अशांति ना करें अन्यथा पुलिस सुरक्षा के साथ कठोर कार्रवाई भी करेगी। उप जिला अधिकारी बबेरू अवनीश कुमार ने कहा पहले से तय स्थल पर ही क्रमबद्ध तरीके से शांतिपूर्ण दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन किया जाए। डीजे की ध्वनि पर उन्माद ना फैलाएं ताकि छात्रों की पढ़ाई और बुजुर्गों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो ज्वलन सील पदार्थ पूजा पंडाल के पास ना रखा जाए, किसी के साथ अभद्र व्यवहार ना करें पूजा पंडाल का मुख्य द्वार सड़क की ओर न करें जिससे आवागमन बाधित न हो। थाना प्रभारी कमासिन भास्कर मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों के बीच कहां सुरक्षा संबंधी पुलिस पूरा सहयोग करेगी। दुर्गा पूजन का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द तरीके से मनाएं किसी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को जन्म न दें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन को लेकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया दौरा



**बांदा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जनपद में संगठन सृजन कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारीयों द्वारा बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन किए जाने को लेकर अनेक ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया गया। ग्राम पंचायत तिंदवारा में अनिल द्विवेदी पूर्व प्रधान व कालीचरण शाहू ,बड़ोखर बुजुर्ग में बूथ प्रभारी अंकित कुशवाहा, अरविंद द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, गिरवा ग्राम पंचायत में पाण्डेय पुरवा व गिरवा ग्राम पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस के मेराज खान से संगठन मजबूती के लिए विस्तृत चर्चा की गई साथ ही गत दिवस मंडल अध्यक्ष पनगरा मंडल अनीता विश्वकर्मा के पति शिरोमणि विश्वकर्मा बीमारी के चलते निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अजय राय पूर्व मंत्री द्वारा भेजे गए शोक संवेदना पत्र उनके निवास नरैनी ग्राम भवई पहुंच कर दिया गया। इस अवसर पर पीसीसी रमेश चंद्र कोरी, उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई एड., महामंत्री /मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, महासचिव कालीचरण निगम, नगर अध्यक्ष नरैनी रामकृष्ण निगम, मंडल अध्यक्ष रज्जाक भाई भी साथ रहे।

# सामुदायिक शौचालय की महिला केयर टेकर की निर्मम हत्या

- बदमाशों ने बंधक बनाकर घटना को दिया अंजाम
- घर में अकेली थी महिला, पति चित्रकूट कामतानाथ के दर्शन को गया था
- पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र घटना का खुलासा करने के दिए निर्देश

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव में शौचालय में केयर टेकर के रूप में कार्यरत अधेड़ महिला की निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई। घर में अकेली महिला को कुछ अज्ञात बदमाशों ने बंधक बनाकर गला घोंटकर मार डाला और घर का दरवाजा बंद करके भाग गए। सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। सीओ व थाना पुलिस ने पहुंच कर घटना की जानकारी कर जांच में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।



क्षेत्र के बौखर गांव निवासी शिलारानी उर्फ ललिता (55) पत्नी नंदराम गांव के ही शौचालय में केयर टेकर के रुप में कार्यरत थी। ललिता का पति नन्दराम शनिवार की शाम अमावस्या पर चित्रकूट कामता नाथ दर्शन करने चला गया था और वह घर में अकेली थी। बच्चे बाहर रहते हैं। तभी रात में कुछ बदमाश उसके घर में घुसे और उसके हाथ बांधकर निर्मम हत्या कर दी और दरवाजा बंद कर भाग गये।

रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर महिला के घर के सामने ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, सीओ राजकुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष जरिया मयंक चन्देल सहित पुलिस ने घटना की जानकारी कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका का देवर बालचरन ने बताया कि मृतका भाभी का एक बेटा दीपेंश है। जो प्रयागराज में तैयारी कर रहा है। पांच बेटियां हैं। जिसमें सरिता, श्रीकांति व रूबी की शादी हो चुकी है। चौथी बेटी पूजा रेलवे में है और सबसे छोटी बेटी दीपशिखा पुलिस की ट्रेनिंग कर रही है। इस घटना से गांव व क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थानाध्यक्ष जरिया मयंक चंदेल ने बताया कि महिला के हाथ बंधे हुए थे। हत्यारे घर के पीछे से घुसे होंगें। हत्या की गई है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना के सफल अनावरण के लिए टीमें गठित कर दी गई है। जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सेवा परमो धर्मा को चरितार्थ करेगी भारतीय जनता पार्टी: अरविंद श्रीवास्तव

- 17 सितंबर से जारी सेवा पखवाड़ा के माध्यम से दो अक्टूबर तक पार्टी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से सेवा परमो धर्मा को करेगी चरितार्थ
- 24 सितंबर तक चलेगा भाजपा का स्कूल और अस्पताल स्वच्छता अभियान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का तमगा हासिल करने वाली भाजपा द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर जीरो सदस्यता से पुनः उत्साह पूर्ण वातावरण में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से जारी सेवा पखवाड़ा के माध्यम से दो अक्टूबर तक पार्टी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से सेवा प्रमुख धर्म को चरितार्थ करेगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 17 से 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। वहीं अब 18 से 24 सितंबर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलेगा।

23 सितंबर को विधानसभा स्तर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती अवसर पर अधिकतम सदस्यता दिवस मनाया जाएगा 2 अक्टूबर गांधी जयंती अवसर पर महात्मा गांधी की मूर्तियों की स्वच्छता माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ खादी उत्पाद खरीद अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री के जीवन उद्देश्य एवं देश की प्रगति में योगदान पर पत्र पत्रिका में लेख प्रस्तुत किए जाएगे।

## खेत पर ट्यूबवेल में उतरे करंट की चपेट से युवक की मौत

**राठ, हमीरपुर।** खेत पर संदिग्ध परिस्थितियों के चलते ट्यूबवेल में आ रहे करंट की चपेट से युवक की मौत हो गई। जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी 26 वर्षीय रमाकांत पुत्र महेशचंद्र अपने खेत में लगे ट्यूबवेल पर किसी कार्य से गया था। तभी रविवार की सुबह करीब दस बजे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों के चलते ट्यूबवेल के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई रामसिंह ने बताया कि उसके पिता के पास 32 बीघा जमीन है। उसका भाई रमाकांत पिता के साथ खेती में हाथ बंटाता था। बताया कि उसके भाई की शादी तीन माह पहले ही हुई थी। पति की मौत पर पत्नी दीपाली, मां मुरली का रो रोकर बुरा हाल है।

## मिशन शक्ति फेज-5: जागरूकता बाइक रैली को डीएम-एसपी ने दिखाई हरी झंडी




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने महिला पुलिस कर्मियों के जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली महिलाओं को सुरक्षा, स्वालम्बन व सशक्तीकरण हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना तथा समाज में महिला सम्मान व सुरक्षा का संदेश प्रसारित करना रहा। रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने आमजनमानस को जागरूक किया। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत उपलब्ध सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की जीत पर मनाया जश्न

**बांदा।** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शानदार जीत के बाद, बांदा में भी खुशी की लहर दौड़ गई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इस जीत का जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और बधाई दी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय ने कहा कि यह जीत छात्रों के विश्वास और संगठन की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डीयूएसयू में एबीवीपी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि छात्र समुदाय राष्ट्रवाद और विकास के एजेंडे को पसंद करता है। वहीं, विभाग सह प्रमुख डा. अशोक सिंह परिहार ने कहा इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि एबीवीपी हमेशा छात्रों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह



जीत उन सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके संगठन को मजबूत बनाया है। जश्न के दौरान एबीवीपी के ज्येष्ठ कार्यकता विश्वभर, जिला प्रमुख डा. शैलेश सिंह जीनगर अध्यक्ष डा. नवीन पांडेय नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, पूर्व विभाग संयोजक नीतीश निगम ,पूर्व जिला संयोजक आशीष पांडेय विकाश सिंह जी प्रवीण सिंह अभय साहू आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने नारे लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जानकारी श्लोक द्विवेदी नगर मंत्री एबीवीपी बांदा द्वारा प्रदान की गई।

## कस्बा सहित 120 स्थानों में विराजेगी मां दुर्गा, तैयारी पूरी

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- सभी पंडालों में लगवाने होंगे सीसीटीवी कैमरे

कस्बा सहित थानाक्षेत्र में 120 स्थानों पर मां दुर्गा के नयनाभिराम पंडाल सजाए गए हैं। कस्बे में अकेले तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा विराजमान होगी। मूर्तियों का जलधारा में विसर्जन नहीं होगा। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। साथ ही प्रशासन द्वारा तय किए गए 17 बिंदुओं की व्यवस्था करके प्रशासन को बिंदुवार अवगत कराना होगा। पंडाल के आसपास महिला अपराध रोकने पर समितियां से सीधे जवाब मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर समिति पर भी विधिक कार्यवाही होगी। यह हिदायत सीओ सदर ने देवी प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान दी हैं।

थानाध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम थाने में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियां के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कस्बा सहित थाना क्षेत्र के गांव में अलग-अलग 120 स्थान पर दुर्गा प्रतिमाएं की स्थापना की सूचना लिखित तौर पर प्राप्त हुई है। अकेले कस्बे में तीन दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो रही है। बैठक में आए सीओ सदर राजेश कमल ने कहा कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक पंडाल में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम कराए जाएं। शक्ति मिशन के तहत किसी भी पंडाल के आसपास महिला अपराध नहीं होने चाहिए। अगर किसी तरह के अपराध की पुष्टि होती है तो समितियों के सदस्यों को भी जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। इसलिए सुरक्षा के लिहाज से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए जाएं। नवरात्र के बाद सभी मूर्तियों का तालाब के अलावा भूमि विसर्जन ही होगा। जलधारा में नाव के माध्यम से कहीं भी विसर्जन नहीं किया जाएगा। साथ ही डीजे के ऊपर कोई भी व्यक्ति सवार नहीं होगा। पंडाल में विद्युत आपूर्ति में नंगे तार नहीं लगाए जाएंगे। बैठक का संचालन एमएल अवस्थी ने किया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, अशोक यादव ने विचार रखते हुए साफ सफाई, विद्युत कटौती आदि के मुद्दे उठाए। बैठक में अनिल परनामी, रामजी मिश्रा, ज्ञानेश दीक्षित, आशीष गुप्ता, राधे शुक्ला आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मानव खोपड़ी मिलने से हडकंप, पुलिस कर रही जांच



**मौदहा हमीरपुर।** रविवार दोपहर झाडियों के निकट मानव खोपड़ी मिलने से हडकंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोपड़ी को कबजे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही शुरू कर दी, जबकि मानव खोपडी काफी पुरानी लग रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहय्या में सडक किनारे प्रतीक्षालय के और मरघट के निकट एक मानव खोपड़ी मिलने से हड़कंप मच गया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द कुमार की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही शुरू कर दी है।वहीं खोपडी मोक्षधाम में किसी दफनाए गए मुर्दे की होने का अनुमान लगाया जा रहा है जो काफी साल पुरानी प्रतीत हो रही है। इस सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते हुए बताया कि,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने सूचना दी थी कि, ग्राम करहिया में प्रतीक्षालय के पास सड़क किनारे एक मानव कंकाल (खोपड़ी) पड़ा हुआ है, जो प्रथम दृष्टया कई वर्ष पुराना प्रतीत हो रहा है तथा संभावना है कि इसे किसी जानवर द्वारा कहीं से खोदकर या खींचकर लाया गया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और जाँच के दौरान पाया कि, जिस स्थान पर कंकाल मिला है उसके पास ही मरघट/मोक्षधाम स्थित है जहाँ शवों का दाह संस्कार एवं दफनाने की प्रक्रिया की जाती है। थाना पुलिस द्वारा कंकाल (खोपड़ी) को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## अश्लील व गैर धार्मिक गाने व देवी पंडालों में तेज गति से डीजे बजाने पर प्रतिबंध

- चिल्ला थाने में सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**चिल्ला बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे विसर्जन के दौरान अश्लील गाने व गैर धार्मिक गाने एवं देवी पंडालों में तेज गति से डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त बातें चिल्ला थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कही।नवरात्रि के चलते थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक चिल्ला थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वहीं गुगौली गांव के विष्णु दत्त ने सभी गांवों की सफाई व बिजली व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों को नवरात्र के दौरान व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के चिल्ला थाना प्रभारी से अपील की इसी क्रम में चिल्ला, सादीमदनपुर, लौमर, चकला, तारा, दोहतरा, पदारथपुर, भवानीपुर, गुगौली, डीघवट के सभी देवी पंडालू के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं से आवश्यक सुझाव मांगे गए, जिसमें सभी ने बिजली कटौती बंद करने सहित गांव के प्रमुख मार्गो को चुस्त दुरुस्त साफ सफाई करवा दिया जाए व नवरात्रि के चलते कस्बे में दारू की दुकानों को बन्द करने को भी कहा। चिल्ला थाना प्रभारी ने सभी देवी पंडालों के कार्यकर्ता व समिति के अध्यक्ष से कहा कि कोई भी गलत गाने गैर धार्मिक गाने नहीं बजना चाहिए, इसी क्रम में उप निरीक्षक उत्कर्ष ने भी यही बात कही सभी लोगों ने आश्वासन किया कि ऐसी गलती नहीं की जाएंगी इस क्रम में मेराज अहमद, आलोक बाबा तांत्रिक, शैलू मिश्रा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बांदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को बांटें कपड़े

**बांदा।** प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मिन्टू यादव, अरुणेश सिंह के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला के नेतृत्व में,ग्राम प्रधान विनोद यादव ग्राम अछरौड ब्लाक बड़ोखर खुर्द तहसील व जनपद बाँदा की उपस्थित में, समाजसेवी ग्राम अछरौड आज़ाद मोहम्मद के सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि का वितरण ग्राम अछरौड के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति



बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष रिज़वान अली और सदस्य शफ़ीक़ अहमद के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, उप शाखा प्रमुख छिसहरी अलीमुद्दीन, सदस्य निहाल खान, शहाना खान आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जर्जर संपर्क मार्ग का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराने को ज्ञापन सौंपा

**कमासिन/बांदा।** कस्बा के बांदा कमासिन राजापुर मार्ग से बस्ती के बीच का मुख्य मार्ग जो दांदौ राजमार्ग को जोड़ता है जिसकी दूरी 1 किलोमीटर के लगभग है। जिसका निर्माण नाली सहित प्रांतीय सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराए जाने के लिए प्रमुख सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग लखनऊ को संबोधित ज्ञापन पत्र ब्लॉक प्रमुख कमासिन रावेंद्र गर्ग मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के साथ कस्बा के ग्रामीण पत्रकारों ने बीडीओ कमासिन ओमप्रकाश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण पत्रकारों को बीडीओ ने जिला अधिकारी बांदा के माध्यम से प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी को भिजवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एन के वर्मा भवानीदीन यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## चिल्ला थाना में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गई जानकारी

**चिल्ला/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला एवं बच्चियों को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, जैसे आपात कालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, 181 महिला आशा ज्योति केंद्र,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि से अवगत कराया । एवम् वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध एवम् उनसे बचने के बारे में जानकारी



दी । साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 से अवगत कराया। विशेष तौर पर छात्रों को हववक जवनबी, ठंक जवनबी के बारे में समझाया गया व महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछीं गईं सभी ने कुशलता प्रकट की सथाना चिल्ला में संगम इण्टर कॉलेज की बालिकाओं को किया जगरूप चिल्ला थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे,उप निरीक्षक राम दिनेश तिवारी,( महिला उप निरीक्षक) ज्योत्सना नायक, (कांस्टेबल महिला) ममता पाल, शालनी पाल, ( हेड कांस्टेबल) मुख्तार अहमद, मैथिली ,मुकेश कुमार,विजय कुमार (कांस्टेबल) बच्चियों को जागरूक किया गया इस मौके पर संगम इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ गणेश पटेल, अध्यापक- पवन कुमार निगम, जावेद अहमद एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकिशुन निषाद, मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मेन्द्र गुप्ता पैलानी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अमित निगम पैलानी, आलोक बाबा तांत्रिक, स्वतंत्र देव सिंह, यासिर, अनुपम गुप्ता, मो. अनस, अनिल गोस्वामी मौके पर मौजूद रहे।

## रामलीला के चौथे दिन धनुष यज्ञ परशुराम-लक्ष्मण संवाद का सुंदर मंचन

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के रामलीला मैदान में शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद का सुंदर मंचन किया गया, जिसमें रामलीला की शुरुआत आरती के साथ संपन्न की गई,उसके बाद तन्मय पांडेय व शुभ पांडेय एवं अन्य लोगों के द्वारा श्लोक सुनाया गया,उसके बाद रामलीला की शुरुआत की गई, जिसमें बहुत ही सुंदर मंचन देखने को मिला। बता दे कि यह रामलीला का आयोजन श्री श्री 1008 स्वामी वीर दास बाबा की असीम अनुकंपा से 179 वर्षो से बराबर चली आ रही है,जिसमें रामलीला के चौथे दिन धनुष यज्ञ रावण बाणासुर संवाद एवं लक्ष्मण परशुराम



संवाद का मंचन किया गया। जैसे ही श्री राम जी ने धनुष उठाया तो जय श्री राम के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, धनुष टूटने के बाद राम जी और सीता जी का जयमाला कार्यक्रम संपन्न कराया गया,उसके बाद रविवार सुबह तक लक्ष्मण परशुराम संवाद का सुंदर मंचन किया गया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। इस मौके पर आचार्य दिलीप सोनी, प्रबंधक प्रकाश नारायण चतुर्वेदी, नीरज पांडे, अध्यक्ष अनूप यादव ऑडिटर मुन्ना सिंह तराया आदि मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के झंझट अब खत्म, पाएंगे पेंशन व बीमा का लाभ

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों खातिर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा गठित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड यूपीसीओएस राज्य में पारदर्शी, मानकीकृत और उत्तरदायी आउटसोर्सिंग प्रणाली की आधारशिला है।

प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि यह मॉडल न केवल भर्ती में पारदर्शिता लाएगा, बल्कि रोजगार के क्षेत्र में एक नया उदाहरण भी

**यूपीसीओएस आउटसोर्सिंग प्रणाली की आधारशिला**

पेश करेगा। यह कॉर्पोरेशन न केवल कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगा, बल्कि राज्य प्रशासन में दक्ष और योग्य मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। अभी तक राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति निजी एजेंसियों के माध्यम से होती थी। यह व्यवस्था विभागों के लिए भले सुविधाजनक थी लेकिन कर्मचारियों के लिए असुरक्षा, अनिश्चितता भरी हुई थी। सरकार ने अब व्यवस्था में बदलाव करते हुए कर्मचारियों को बड़ी खुशखबरी दी हैं। यूपीसीओएस गैर-लाभकारी सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में स्थापित की गई है, जो कंपनीज एक्ट 2013 की धारा-8 के तहत रजिस्टर्ड है। इसका उद्देश्य है राज्य के 93 सरकारी विभागों व संस्थाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति, प्रबंधन और निगरानी है।

यूपीसीओएस भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी बनाएगा, जिसमें जेम पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत एजेंसियों का पैनल तैयार होगा। भर्ती में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद जैसी समस्याओं पर रोक लगेगी।


# कालिमकिया में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का होगा प्रदर्शन

### केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की ओर से 24 सितंबर से एक अक्टूबर तक होगा अवशेषों का प्रदर्शन, यूपी के उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाएगा प्रतिनिधिमंडल

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की ओर से 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रूस के कालिमकिया में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए भारत से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को लेकर रूस जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे।

यह जानकारी रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ 23 सितंबर को



भारतीय वायुसेना के विमान से रूस प्रस्थान करेंगे। जहां पर भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा (कपिलवस्तु) अवशेषों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि कपिलवस्तु अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा भारत की साफ्टपावर और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व थाईलैंड और वियतनाम में भगवान बुद्ध के अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित की जा चुकी है। थाईलैंड और वियतनाम की सफलता ने वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। श्री मौर्य ने बताया कि रूस में होने वाली प्रदर्शनी इस गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाएगी और भारत की सांस्कृतिक छवि को और निखरेगी। उपमुख्यमंत्री ने पवित्र अवशेषों के प्रदर्शन के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि इससे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी तथा सभ्यतागत विरासत को पुनः स्थापित करना व भारत को बौद्ध धर्म की जन्मभूमि व परम्परा का संरक्षक स्थापित करना है। यही नहीं इससे वैश्विक शांति व सद्भाव का वातावरण मजबूत करना है और भगवान बुद्ध के संदेश करुणा, शांति व अहिंसा को विश्वभर में प्रसारित करना है।

**संस्कृति और परम्परा का हिस्सा है बौद्ध धर्म**

केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि 25 से 28 सितंबर तक एलिस्ता शहर कालिमकिया में राष्ट्रीय संग्रहालय की ओर से भगवान बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाने वाले मूल कलात्मक शैलियों की कृतियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की जाएगी। पिपरहवा अवशेषों पर एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया जाएगा। कालिमकिया ऐसा क्षेत्र है जहां बौद्ध जनसंख्या बहुतायत में है और यहां बौद्ध धर्म केवल धर्म नहीं बल्कि संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध के कपिलवस्तु अवशेष पीपरहवा (उत्तर प्रदेश)से प्राप्त हुए, जिसे प्राचीन कपिलवस्तु नगरी से जोड़ा जाता है। यह अवशेष पुरातात्विक रूप से प्रमाणित हैं और वैश्विक बौद्ध समुदाय के लिए अत्यंत पूज्यनीय धरोहर हैं। यह भगवान बुद्ध के जीवन से प्रत्यक्ष जुड़ाव का प्रतीक हैं।

## खबरें एक नजर में

### स्कूटी चार्ज करते समय हादसा, मकान में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक मकान में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग के दौरान आग लग गई। एलडीए कॉलोनी, सेक्टर-एफ विस्तार में अमित सक्सेना के मकान में रात करीब 1.45 बजे यह घटना हुई। घटना के समय मकान में रिचा प्रभाकर श्रीवास्तव और उनका बेटा अभिनव धुएं और आग की लपटों में फंस गए। अमित किसी तरह मकान से बाहर निकल गए। फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही सरोजनीनगर और आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सरोजनीनगर एफएसओ सुमित प्रताप के नेतृत्व में फायरमैन सुरेंद्र यादव और सुधीर यादव ने सीढ़ी के सहारे मकान में प्रवेश किया। टीम ने महिला और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। आलमबाग की टीम ने होज लाइन से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन स्कूटी समेत घर का काफी सामान जलकर नष्ट हो गया।

### योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के प्रभारी राज्यसभा सांसद आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार में हुई शिक्षक भर्तियों को लेकर सवाल उठाया है। रविवार को संजय सिंह ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्ती घोटाला, योगी सरकार सवर्णों को दे रही दलितों-पिछड़ों की नौकरियां। संजय सिंह ने कहा कि बांदा कृषि विश्वविद्यालय में 15 पदों पर भर्ती हुई, 11 ठाकुर, 2 सामान्य और 2 दलित-पिछड़ों को नौकरी मिली है। लखीमपुर सहकारी बैंक में 27 पदों की भर्ती में 15 ठाकुर, 4 सामान्य और 8 पिछड़े-दलित-आदिवासी चुने गए ही। पिछड़ों का नेता बताने वाले मोदी जी उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक हड़पे जाने पर चुप हैं। संजय सिंह ने आगे कहा कि यूपी सरकार भर्ती घोटाले की जांच कराकर दोषियों को जेल भेजे और आरक्षण को पूरी तरह लागू करे। हिंदुओं को एकजुट करने के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म कर देगी।

### एसपी गोयल अब स्वस्थ, आज संभालेंगे चीफ सेक्रेटरी की कुर्सी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद नवरात्रि के प्रथम दिन यानि कल सोमवार को पुनः अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। अस्वस्थता के कारण मुख्य सचिव एसपी गोयल पिछले लगभग एक महीने से स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे । कार्यवाहक मुख्य सचिव के रूप में वरिष्ठ आईएएस एपीसी दीपक कुमार मुख्य सचिव का दायित्व संभाल रहे थे। सरकारी सूत्रों की माने तो अब एसपी गोयल पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं और सोमवार को अपनी वापसी करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के शुभावसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परम्परा में माँ दुर्गा की उपासना का प्राचीन काल से ही अत्यधिक महत्व रहा है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह चराचर जगत की आदि शक्ति हैं, इनके अनन्त रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदि शक्ति चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। वर्ष में दो बार नवरात्रि का कार्यक्रम मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है। शारदीय नवरात्रि का आयोजन, सभी प्रदेशवासियों के लिए शुभ एवं मंगलमय हो यह मेरी कामना है।

### अमावस्या पर मां चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित कठवारा गांव में आदि शक्ति स्वरूपा मां चंद्रिका देवी मंदिर में अमावस्या पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार की सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। माता के श्रृंगार दर्शन के लिए रविवार की रात से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। प्रातः काल की आरती के समय भी भक्तों की भीड़ रही। मां चंद्रिका देवी मेला विकास समिति ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेला विकास समिति ने भक्तों से मंदिर परिसर में पॉलिथीन के इस्तेमाल से बचने की अपील की। शारदीय नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक यहां बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। मंदिर प्रशासन ने सूचना जारी की है कि गर्भगृह के दर्शन के लिए कोई दबाव न बनाया जाए। द्वापर युग की किंवदंती के अनुसार, इसी स्थान पर नारद मुनि ने नौ दुर्गा का आवाहन किया था। भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को यहां तप करने का सुझाव दिया था। बर्बरीक ने यहीं तप कर दिव्य शक्तियां प्राप्त की थीं।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मीठेनगर में रविवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। काली देवी और भुइयां देवी मंदिर के 30 वर्षीय पुजारी रामविलास रावत का शव कस्तूरियन बाग में पेड़ से लटका मिला। रामविलास बचपन से ही कठिन परिस्थितियों से जूझ रहा था। उनके माता-पिता का तलाक हो चुका था। पिता गुरु प्रसाद ने दूसरी शादी कर ली थी। उनके चार भाई आशीष कुमार, मनीष कुमार, आकाश और विकास लखनऊ में मजदूरी करके गुजारा करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, रामविलास गांजे का आदी था। वह अकेले मंदिर में रहता था और पूजा-पाठ में समय बिताता था। शनिवार शाम को खाना खाने और पूजा करने के बाद वह कहीं चला गया। रविवार सुबह उनका शव गांव से लगभग 600 मीटर दूर कस्तूरियन बाग में मिला। स्थानीय लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी और परिजनों को भी खबर की। कसमंडी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। पिता की शिकायत पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास से हरी झंडी दिखाकर नमो मैराथन का किया शुभारंभ, 1090 चौराहे पर समापन

# विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को हर वर्ग का समर्थन

**नशे से दूर रहें युवा, नशा विनाश का कारण : योगी**

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** लखनऊ में नमो मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ और भाजपा यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शामिल हुए। सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास 5 केडी से हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। 1090 चौराहे पर समापन हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर



तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। इसी के तहत रविवार को यूपी के 16 महानगरों में नमो मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया और मुझे प्रसन्नता है कि अभियान को उत्तर प्रदेश के हर वर्ग का भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है। हमें अपने गांव, कस्बे और नगर को भी विकसित बनाना है और विकसित होने की कुंजी है आत्मनिर्भरता में, आत्मनिर्भरता की कुंजी है स्वस्थ समाज में और स्वस्थ समाज की कुंजी नमो मैराथन जैसे कार्यक्रमों में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा पखवाड़ा की शुरुआत मध्य प्रदेश के धार से की थी और उनकी धारणा है कि नारी स्वस्थ रहेगी तो युवा भी स्वस्थ होगा, मां स्वस्थ होगी तो बच्चा भी स्वस्थ होगा, मां स्वस्थ होगी तो समाज भी स्वस्थ होगा , परिवार सशक्त होगा। स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम ने पूरे देश में एक कीर्तिमान स्थापित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आह्वान किया था कि विकसित भारत हमारा संकल्प बने, हमारे जीवन का मंत्र बने और विकसित भारत के निर्माण में पंच प्राण को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना को आगे बढ़ाना चाहिए।इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री का विश्वास है कि अगर महिलाएं स्वस्थ होंगी तो युवा भी स्वस्थ होंगे।देशभर के युवा इसमें भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने संकल्प लिया था कि श्भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य और मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिएश।सीएम ने विरासत और सशस्त्र बलों का सम्मान करने और नागरिक कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने के महत्व पर जोर दिया। भारत को विकसित बनाने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई। आत्मनिर्भरता के लिए स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। आत्मनिर्भरता का आधार अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना है। 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने की पहल की गई है।

### उत्तर और पश्चिम विधानसभा में 29.60 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

**लखनऊ ।** लखनऊ के उत्तर और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का विकास होगा। त्वरित आर्थिक विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत क्रमशः 10.68 करोड़ और 18.92 करोड़ की लागत से कुल 116 विकास कार्यों का रविवार को शिलान्यास हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। उत्तर विधानसभा के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन जानकीपुरम स्वागत लॉन में हुआ। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर दिखेगा समावेशी विकास

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार समाज कल्याण विभाग भी प्रतिभाग करेगा। इस ट्रेड शो में विभाग के स्टाल पर समावेशी विकास की झलक देखने को मिलेगी।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस संबंध में विभाग के तैयारियों को लेकर की पदाधिकारियों संग रविवार को बैठक की। उन्होंने बताया कि आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए समाज कल्याण विभाग से

**ट्रेड शो में पहली बार प्रतिभाग करेगा समाज कल्याण विभाग**

संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के 20 बच्चों का चयन किया जा रहा है।

इसमें 10 बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऐसे उद्यमियों को ट्रेड शो में आमंत्रित किया जा रहा है, जिनको उद्यम स्थापित करने में समाज कल्याण विभाग की ओर सहायता प्रदान की गयी है। स्टाल में समावेशी विकास के साथ विकसित भारत के परिकल्पना की भी झलक दिखने को मिलेगी।

# विपक्ष के पास विकास का न विजन है और न नीति : धर्मपाल सिंह

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को मेरठ में शक्ति केंद्र सशक्तिकरण के साथ संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न स्तर की संगठनात्मक बैठकों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केंद्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना भाजपा की त्रिशक्ति है। यही त्रिशक्ति निश्चित विजय सुनिश्चित करेगी। ईमानदारी, प्रतिबद्धता और जुझारूपन ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान और राष्ट्र नव निर्माण ही लक्ष्य है।

बूथ तथा मंडल के बीच शक्ति केंद्र सेतु का काम करता है । मजबूत शक्ति केंद्र से मजबूत बूथ तैयार होंगे और हर



बूथ पर संगठन की मजबूती से विजय की नींव तैयार होगी।उन्होंने मेरठ में बैठकों में मार्गदर्शन करते हुए शक्ति केंद्र संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, मोर्चों के जिलाध्यक्षों के साथ पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, पूर्व जिलाध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के तहत भाजयुमो द्वारा आयोजित नमो मैराथन में सहभागिता की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शक्ति केंद्र संयोजकों से उनके कार्यक्षेत्र की प्रगति, स्थानीय स्तर की समस्याओं और योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें योजनाबद्ध कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया। पंचायत चुनाव तथा विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी पूर्ण तैयारी पूर्व तैयारी की नीति पर करना है। पार्टी के अपेक्षाओं के अनुरूप काम करते हुए शक्ति केंद्र संयोजकों को प्रत्येक कार्यक्रम व अभियान को बूथ पर प्रभावी रूप से संपन्न कराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के तहत बूथ पर पार्टी के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों को सक्रिय करना है और कार्यक्रमों में जिम्मेदारी देना है। संगठन विस्तार और कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया में युवा एवं महिलाओं को जोड़ना है और उन्हें सक्रिय करते हुए जिम्मेदारी देना है। जिम्मेदारी से ही कार्यकर्ता निर्माण होता है। संगठन के पूर्व पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्य योजना तैयार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार की प्रत्येक योजना सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। योजनाओं के लाभार्थियों का एक बड़ा वर्ग है जिनसे लगातार संपर्क व संवाद करना है और उन्हें पार्टी से जोड़ना है। विपक्ष के पास विकास का विजन नहीं है, कोई नीति नहीं है और नियत में खोट है। विपक्षी दल झूठ और अफवाहें फैलाकर लगातार देश में भ्रम फैला रहे हैं।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल, हर क्षेत्र में गांव को मजबूत बना रहे हैं : डॉ. राजेश्वर सिंह

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** लोकनीति का असली अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। इसी भावना के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह हर रविवार को आपका विधायक-आपके द्वार शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनते और समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्रामसभा बेहटवा में आयोजित 136वां 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसंवाद शिविर इस जीवंत लोकतांत्रिक परंपरा का साक्षी बना।

डॉ. सिंह मानते हैं कि ÷जनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है।÷ इसी सोच के तहत शिविर में ग्रामीणों से मिली सोलर 3 स्ट्रीट लाइट, नाली-सड़क,



पीएम आवास, पेंशन जैसी 31 आवश्यकताओं को तत्काल दर्ज किया गया और 4 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। उनके लिए यह केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को निभाने का प्रयास है। डॉ. सिंह का स्पष्ट मानना है कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज की नींव रखते हैं। इसलिए हर जनसंवाद शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर जोड़ना उनकी परंपरा बन गया है। बेहटवा में टीएस मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित हेल्थ चेक अप एवं नेत्र चिकित्सा कैम्प में 50 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। यह पहल बताती है कि उनका दृष्टिकोण केवल बुनियादी ढाँचे तक सीमित नहीं, बल्कि मानव कल्याण तक विस्तृत है।

### कैंट में दिखा तेंदुआ, रोड क्रॉस करते समय कैमरे में कैद हुआ, वन विभाग अलर्ट

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में एक तेंदुआ देखा गया है। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वन विभाग की टीम को तेंदुए के पंजे (पग चिह्न) का निशान भी मिला है। वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। 8-8 घंटे के हिसाब से 3-3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मामला कैंट क्षेत्र के गन्ना संस्थान का है। रविवार तड़के रोड क्रॉस कर रहे तेंदुए का वीडियो एक कार सवार ने मोबाइल के कैमरे में कैद किया है। वीडियो में तेंदुआ सड़क क्रॉस करके जंगल में भागते दिख रहा है। वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग और कैंट बोर्ड की संयुक्त टीम ने इलाके में कॉम्बिंग शुरू की। टीम ने तेंदुए के पग चिह्न चिह्नित किए हैं। 8-8 घंटे के लिए 3-3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# स्वच्छता अभियान के तहत महापौर और नगर आयुक्त ने की सफाई

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** राजधानी में नवरात्र से पहले मंदिरों के सफाई की शुरुआत महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने की है। हनुमान सेतु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में यह मेयर और नगर आयुक्त ने कूड़ा हटाया, झाड़ू लगाई। मौके पर सफाई कर्मचारियों ने भी नाले नालियों को साफ करते हुए अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान नगर निगम की तरफ से नवरात्र के मौके पर शहर के मंदिरों के साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की शुरुआत की गई है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहर के 110 वार्डों में पार्षद अभियान चलाकर त्योहार के मौके पर इसे सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख मंदिरों, रामलीला स्थलों, दुर्गा पूजा पंडालों, पार्कों और गोमती नदी घाटों सहित सभी मार्गों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। कूड़ा कलेक्शन सही ढंग से किया जाना है। नालियों की सफाई, जल निकासी, पानी का छिड़काव, एंटी लार्वा ट्रीटमेंट और फॉगिंग के काम सुनिश्चित किए जाएं। रास्तों पर पैच वर्क मरम्मत के काम करने की जरूरत है। उसे समय रहते पूरा किया जाए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि शहर में त्योहार के मौके पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। ताकि लोगों को सही सुविधा मिल सके। शहर में दो दिन अभियान चलाकर स्ट्रीट लाइट सहित अन्य व्यवस्थाएं सही की जानी हैं। इस दौरान शिकायतों का निस्तारण करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया गया है।

# विकसित यूपी 2047 : शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में सुधार के लिए सुझाव दे रही जनता

**समृद्धि न्यूज**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत जनता से फीडबैक लेने की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के 75 जनपदों में नोडल अधिकारीगण और प्रबुद्धजन, आम जनता, छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघों और मीडिया के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और भविष्य के रोड मैप पर चर्चा कर रहे हैं। फीडबैक देने में शहर वालों से आगे निकले ग्रामीण अभियान के तहत रविवार तक विकसित पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर कुल 3 लाख फीडबैक प्राप्त हुए। इनमें से 2.40 हजार ग्रामीण और 60 हजार से अधिक नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के अनुसार 1.12 लाख से अधिक सुझाव 31 वर्ष से कम, 1.66 लाख सुझाव 31-60 वर्ष और बाकी सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों से प्राप्त हुए हैं।

**इन सेक्टर्स में मिल रहे सर्वाधिक सुझाव**

फीडबैक के क्षेत्रवार वितरण में शिक्षा (1.10 लाख), नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र (52 हजार से अधिक), स्वास्थ्य (23 हजार से अधिक), समाज कल्याण (25 हजार से अधिक), कृषि (51 हजार से अधिक) और आईटी एवं टेक्नोलॉजी (6 हजार से अधिक) शामिल हैं। प्रमुख जनपदों जैसे आगरा, फिरोजाबाद, बस्ती, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गोरखपुर, सहारनपुर, शामली, एटा, मेरठ, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, ललितपुर, महाराजगंज, प्रयागराज आदि से 1.11 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

**बैठक** | नगर विकास व ऊर्जा ने मंगलम गेस्ट हाउस में जनहितार्थ आयामों पर दिया बल

# जीएसटी प्रणाली में सुधार से मध्यम वर्ग होगा और अधिक सशक्त : शर्मा

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ/मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलम गेस्ट हाउस मऊ में जीएसटी सुधार पर जनहितार्थ आयामों पर बल दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए रणनीतिक रूप से प्रभावशाली बदलाव किए और उन्हें सफलता पूर्वक लागू किया जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी और वे अब अधिक सशक्त होंगे। नेक्स्ट-जेन जीएसटी जन-प्रथम सुधार मील का पत्थर साबित होगा।

सुलभ दाम से हर परिवार की मुस्कान बढ़ेगी और रोजमर्रा की जरूरतों पर रोजाना बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के नेतृत्व में नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों के लिए 3 सितम्बर को 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों के निर्णय लिए गए। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। इन सुधारों के तहत 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सरल दो-दर संरचना लागू की गई है, जबकि विलासिता और लग्जरी सामानों पर 40 प्रतिशत की दर रखी गई है। इससे पारदर्शिता, न्यायसंगत व्यवस्था और कर पालन में आसानी की पुरानी मांगों को पूरा किया गया है। ये सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। यह केवल आर्थिक कदम नहीं, बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफा है, इससे करोड़ों परिवारों की बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी। जैसे दीपावली पर दीपक घरों को रोशन करते हैं, वैसे ही ये सुधार घरों के खर्च कम करेंगे, किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे, जिससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी।दो-दरों की सरलता होगी। पुरानी चार-स्तरीय व्यवस्था हटाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दरें रखी गई हैं। इससे भ्रम, कानूनी झंझट और टैक्स भरने की मुश्किलें कम होंगी। दूध, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू सामान पर अब सिर्फ5 प्रतिशत या शून्य कर लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण पर कर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण भारत को सीधा लाभ मिलेगा।व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया गया है। दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर कर में बड़ी कटौती की गई है ताकि इलाज सभी के लिए सस्ता हो सके। गाड़ियों और बाइक पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गयी है यानि पूरे 10 प्रतिशत की कटौती जिससे वाहन खरीददारों को आराम मिलेगा और त्योहारों के समय मांग बढ़ेगी। शिक्षा हुई सस्ती कॉपियों, पेंसिल, नक्शों और अन्य जरूरी छात्र सामग्री पर अब कोई कर नहीं लगेगा। विलासिता की वस्तुएं जैसे तंबाकू, पान मसाला और कैसिनो आदि पर अब 40 प्रतिशत कर लगाया गया है। सरल रजिस्ट्रेशन, तेज रिफंड 90 प्रतिशत ऑटो-अप्रूव रिस्क-आधारित कंप्लायंस से एमएसएमई, निर्यातकों और श्रम प्रधान क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। तंबाकू पर सेस तब तक जारी रहेगा जब तक मुआवजे के ऋण चुकते नहीं हैं, जिससे राजस्व प्रबंधन जिम्मेदारी से होगा।

# दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त बैठक की। शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, छठ पूजा और दीपावली के मद्देनजर सुरक्षा योजना बनाई गई है। जिले को कुल 6 सुपर जोन, 44 जोन और 124 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

बैठक में सभी सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी, पंडाल समितियों के प्रतिनिधि और क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे।पंडाल समितियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इनमें पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, साउंड सिस्टम की समय सीमा, यातायात प्रबंधन और स्वच्छता शामिल हैं। डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि स्तर का पालन करने और भड़काऊ गीत न बजाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। भारी वाहनों को शहर और भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भ्रामक सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

प्रधान संघ के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने प्रधान संघ के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी त्यौहार दुर्गापूजा के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में दुर्गापूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्राम सुरक्षा समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सदस्यों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। कानून-व्यवस्था एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन तथा ग्राम सुरक्षा समिति के बीच आपसी सहयोग पर बल दिया गया। त्योहारों के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही गई। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों व सोशल मीडिया द्वारा सतत निगरानी हेतु भी बताया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं समितियों के सहयोग से शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में योगदान दें।

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्र में तैनात किए गए डीएफओ मुख्य वन संरक्षक ने प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज़





**बहराइच।** वन प्रभाग, बहराइच अन्तर्गत कैसरगंज रेंज के हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों का अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र डॉ. रेणु सिंह ने वन संरक्षक सेम्मारान एम., प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव, सहायक वन संरक्षक राशिद जमील व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ सिपहिया हुलास, मंझारा तौकली, भौरी आदि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान हिंसक वन्य जीव के रेस्क्यू, नियंत्रण/शमन के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू आपरेशन के लिए प्रभागीय वनाधिकारी बाराबंकी आकाशदीप बधावन, गोण्डा के अनुराग प्रियदर्शी व श्रावस्ती के धनराज मीना की ड्यूटी लगायी है। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है।

विशेषज्ञ टीम द्वारा 02 थर्मल ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी। मुख्य संरक्षक डॉ. सिंह ने निर्देश दिया कि क्षेत्रीय लोगों को जागरूक करें तथा वन्य जीव के सम्बन्ध में यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जाय।

## खबरें एक नजर में


### प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेता, शादी के लिए बना रहा था दबाव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कौड़ियां थाना क्षेत्र में एक प्रेमी ने शनिवार की सुबह अपने प्रेमिका के घर में जबरन घुस गया और शादी करने के लिए उस पर दबाव बना रहा था। शादी करने से मना कर दिया तो उस ने घर में घुस कर चाकू से उस के गले पर बार कर के घायल कर दिया। इलाज के लिए उस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। प्रेमिका की बहन ने बताया कि वह दो बहन है। सभी से बड़ी है। जिस की शादी हो चुकी है। छोटी बहन और भाई पिता ही साथ में रहते थे। मां की मौत हो गई है। भाई बाहर रहता है। छोटी बहन और पिता ही घर पर रहते थे। उस की छोटी बहन का चक्कर एक युवक से हो गया। वहां अक्सर घर पर आता जाता था। शनिवार की सुबह उस के पिता खेत पर चले गए। उस की छोटी बहन घर पर किचन में खाना बना रही थी। अकेली थी।तभी युवक उस से मिलने घर पर आ गया। किचन के अंदर घुस गया। शादी के लिए दबाओ बनाने लगा। उस ने मना किया तो उस ने चाकू से उस के गले पर पीछे से वार कर दिया। शोर मचाने पर उस के पिता और गांव के तमाम लोग आ गए। घायल अवस्था में युवती को मेडिकल कालेज में भर्ती कराए गया।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, मां बेटे की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** तबगंज थाना क्षेत्र के सिंघहा चंदा ग्राम के पास शुक्रवार की देर शाम को एक बाइक पर सवार तीनों लोगों को कार ने टक्कर मार दिया जिस पर सवार मां बेटे की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। जिस को इलाज के लिए एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। बस्ती जनपद के छावनी थाना क्षेत्र के बालक राम की पत्नी 45, रोला देवी पुत्र 13 वर्षीय नीरज दामाद सुरेंद्र उर्फ सज्जन निवासी नाग नाथ पुरवा थाना तरब गंज तीन एक साथ बाइक पर सवार हो कर दवा लेने मेडिकल कॉलेज आए थे। दवा लेकर वापस घर तरब गंज जा रहे थे। सिंघहा चंदा पुर ग्राम के पास पीछे से कार ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने नीरज को देखने के मृत्यु घोषित कर दिया। मां रोला देवी को मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रोला देवी की मौत हो गई। मृतका के पति बालक राम ने बताया कि उस ने अपने पुत्री पूजा की शादी नाथ नाग पुरवा निवासी शैलेंद्र तिवारी के यहां किया है। उस की पत्नी रोला देवी और पुत्र नीरज उन्हीं के यहां आया था। उस के दामाद के भाई सुरेंद्र उर्फ सज्जन मेडिकल कालेज रोला देवी और नीरज की दवा लेने आया था। दवा लेकर वापस जा रहे थे। तभी यहां घटना घट गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। सुरेंद्र का इलाज एक नर्सिंग होम में चल रहा है।

### रात मे ड्रोन दिखने से हड़कंप



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रिसिया कस्बे में बीती रात आसमान में ड्रोन दिखने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सबसे पहले ग्राम इटकौरी से ड्रोन दिखने की सूचना मिली। कस्बा चौकी इंचार्ज बिहारी सिंह यादव की टीम ने मौके पर जांच की, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद इंदिरा नगर में ड्रोन दिखाई दिया। यहां कपड़ा व्यापारी अरुण अग्रवाल ने 112 पर सूचना दी। पुलिस ने जांच की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। नानकपुरा और शास्त्रीनगर में भी ड्रोन की सूचना मिली। लोगों ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो अपलोड किया। कस्बे के नानकपुरा व शास्त्रीनगर मे भी ड्रोन दिखाई देने से लोग लाठी-डंडे लेकर खेतों में ड्रोन की तलाश करने निकल पड़े। पुलिस और 112 की टीम भी रात भर गश्त करती रही। लेकिन कुछ भी पता नही चल सका। इसके बाद लोग सड़कों पर लाठी डंडे लेकर रख वाली करते दिखाई दिये। कस्बे मे लोग पूरी रात लाठी डंडे के साथ मुख्य मार्गो पर निगरानी करते हुए दिखाई दिये। ड्रोन दिखने के कारण लोग रात भर आशंकित रहे और किसी अनहोनी की आशंका जताते रहे। इस संबंध मे थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने कहा कि यह किसी शरारती तत्व का काम हो सकता है। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 27 घंटे बाद भी मासूम का नहीं मिला सुराग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज तहसील के मँझरा तौकली में एक भेड़िया 3 वर्षीय बच्चे को उठा ले गया। गंधु झाला गांव निवासी रक्षा राम का बेटा अंकेश शनिवार सुबह 10 बजे घर के बरामदे में दूध पी रहा था। इसी दौरान जंगली जानवर उसे अपने जबड़ों में दबाकर ले गया। परिजनों ने शोर मचाया तो ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ बच्चे की तलाश में निकल पड़े। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। रविवार सुबह नदी किनारे कॉम्बिंग की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। वन विभाग ड्रोन कैमरे से भेड़िए की तलाश कर रही है। साथ ही प्रभावित गांवों में सोलर आधारित कैमरे लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भेड़ियों ने मासूम को खा लिया होगा। पिछले 11 दिनों में कैसरगंज और फखरपुर ब्लॉक में जंगली जानवरों के हमले में दो बच्चों की मौत हो चुकी है। इस वजह से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# दुर्गा पूजा महासमिति ने की मैराथन बैठक, ब्लॉक तहसील व थाना प्रमुखों को सौंपे दायित्व

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई।बैठक में ब्लॉक, तहसील, थाना प्रमुख व विसर्जन के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण के माहौल में मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल बिजली कटौती न की जाए।पूजा पण्डालों में सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की ओर से व्यापक की जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवाया जाए।उन्होंने कहा कि जनपद की छह तहसील में महोत्सव के लिए बैठकें आयोजित की जाएं। बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बुकलेट, बैज,पटका,महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्व सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई। बैठक को संरक्षक सुभाष त्रिपाठी, परशुराम कुशवाहा, चन्द्र भान सिंह संचित, हरिश्चंद्र गुप्ता,निशंक त्रिपाठी, सुधाकर मिश्रा, शिवम जायसवाल,श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला प्रचारक अजय, राजू निगम ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने किया। इस दौरान राम जी शुक्ला, शिवशरण सिंह, कन्हैया सोनी, विपिन यज्ञसैनी, पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, विनोद रस्तोगी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा, गौरव तिवारी, सुरेश गुप्ता, हरि शंकर,बैजनाथ रस्तोगी, पंकज केवट, वैभव जैन, दुर्गेश पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, अखिलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, पंकज केवट, दिवाकर यादव मौजूद रहे।

### ब्रेजा कार से फेंकी गई लाश का खुलासा चार आरोपी नामजद

**पयागपुर, बहराइच।** बुधवार 17 सितम्बर को सुबह करीब 5.30 बजे थाना पयागपुर क्षेत्र के झाला गांव के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस जांच में इस मामले का खुलासा हो गया है। जांच में सामने आया कि ब्रेजा कार (क्र 32 चष्ठ 3900) से टक्कर लगने के बाद घबराए कार सवारों ने मृतक को गाड़ी से निकालकर सड़क किनारे फेंक दिया था। कार मालिक लवकुश मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी तेंदुआ कबीर, थाना विशेश्वरगंज ने बताया कि उसकी गाड़ी परिचित अद्वैत त्रिपाठी पुत्र कौशलेंद्र त्रिपाठी ने अयोध्या जाने के बहाने मांगी थी। अद्वैत अपने साथियों शैलेश राय, मानवेंद्र सिंह और हर्ष सिंह के साथ अयोध्या दर्शन कर लौट रहा था। इसी दौरान विशेश्वरगंज के वैष्णो ढाबा के पास कार की टक्कर एक अज्ञात व्यक्ति से हो गई, जो गाड़ी में फंसकर घसीटता चला गया। घबराए आरोपी लाश को झाला तरहर मार्ग पर फेंककर फरार हो गए। भागते समय कार भूपगंज क्षेत्र में खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।

# गोकशी के आरोपी से पुलिस मुठभेड़, वसीम के पैर में गोली लगी, साथी बख्श भी गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नानपारा कोतवाल राजनाथ सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि गोकशी के मुख्य आरोपी वसीम और खुदा बख्श बिना नंबर की बाइक से ताजपुर की तरफ जा रहे हैं। इन दोनों ने जुमईपुरवा में गुरुवार और शुक्रवार की रात के बीच गोकशी की घटना को अंजाम दिया था। वरिष्ठ उप निरीक्षक शशि प्रताप, चौकी इंचार्ज राजा बाजार राम गोविंद वर्मा और उप निरीक्षक राजेश्वर सिंह ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वसीम के पैर में गोली लगी। भागने की कोशिश कर रहे खुदा बख्श को भी पकड़ लिया गया। मौके से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। घायल वसीम को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉ. संतोष यादव और फार्मासिस्ट पीके शुक्ला ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# गोण्डा पुलिस ने की रात्रि गश्त व चलाया सघन चेकिंग अभियान

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में शनिवार व रविवार की रात्रि जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारीगण ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और आम नागरिकों को सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

इसी प्रकार सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी व बीट आरक्षियों ने नगर और ग्रामीण इलाकों के मुख्य चौराहों, बाजारों, कॉलोनियों, राजमार्गों तथा सुनसान स्थलों पर विशेष निगरानी की। दो व चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई तथा बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध वाहनों पर आवश्यक कार्रवाई की गई। बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, होटल, ढाबों आदि संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा जांच के साथ तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। यूपी-112 पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर त्वरित पुलिसिंग सुनिश्चित की गई। साथ ही, ऑनलाइन संदिग्ध गतिविधियों पर साइबर सेल द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

जनपदवासियों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 या नजदीकी थाना/चौकी को दें।

### विशेश्वरगंज में प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर लापता

**विशेश्वरगंज, बहराइच ।** क्षेत्र के ग्राम बैजू बरगदही दा0 बेलभरिया निवासी जगतराम पुत्र रामअशीष ने थाना विशेश्वरगंज में तहरीर देकर अपनी 20 वर्षीय पुत्री कोमल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तहरीर के अनुसार, कोमल 20 सितम्बर की सुबह लगभग 7.30 बजे घर से धनुही स्थित अजय मिश्रा के प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, पर कोई पता नहीं चला। परिवार की लिखित शिकायत मिलते ही थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने विशेष टीम गठित की और तेज़ी से तलाश के निर्देश दिए। उनकी देखरेख में उपनिरीक्षक आशुतोष खरवार व दीवान रंजीत की टीम ने तुरंत खोजबीन शुरू की। इस दौरान ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम सुल्ताना पहुंची, जहाँ युवती डरी-सहमी हालत में नदी किनारे बैठी मिली। पुलिस ने उसे बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचाया, जहाँ चिकित्सीय परीक्षण के बाद थाने लाकर बयान दर्ज किया गया और अंततः परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# लापता बहु की बरामदगी किए जाने को लेकर विधवा पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** थाना क्षेत्र रेहरा बाजार की ग्राम सभा ग्वालियर ग्रंट के मजरे सरजू पुरवा गाँव के निवासी रामनाथ की शादी बीते 18 अप्रैल वर्ष 2024 को गोण्डा जनपद के मोतीगंज थाना अन्तर्गत सीहा गांव के मजरे मधपुर में रुचि नाम की लड़की से हुई थी।पीड़ित रामनाथ के अनुसार उनकी पत्नी रूचि बीते 08-08-2025 को रक्षाबंधन त्यौहार पर अपने घर मधपुर भाई को राखी बांधने के लिए गई हुई थी।

वही से वह बीते ग्यारह अगस्त को कही गुम हो जाती है इसकी जानकारी रामनाथ के परिवार को रुचि की मां द्वारा फोन के माध्यम से दी जाती है। जब रामनाथ के परिवार के लोगों को इसकी जानकारी मिलती है तो वह रुचि को ढूंढने के लिए थाना मोतीगंज पर व पुलिस अधीक्षक गोण्डा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते है।उक्त सम्बन्ध में जानकारी किए जाने पर रामनाथ की मां कलावती पत्नी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मैं एक विधवा महिला हूँ मैने अपने छोटे बेटे की शादी गोण्डा जनपद के सीहा गांव के मजरे मधपुर में बड़े ही धूमधाम से वर्ष 2024 में की थी।मगर मेरे बहु का आचरण सही ना होने के चलते वह लालापुरवा दूल्हापुर बनकट थाना धानेपुर निवासी विजय कुमार उर्फ लल्लू पुत्र मल्हू उर्फ बुधराम के साथ चली गई है इसकी सूचना मुझे मिली है। जिसको लेकर मैने थाने पर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मेरी बहु जब रक्षाबंधन त्यौहार पर अपने घर गई थी तो बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से गई थी वह घर से लगभग चार हजार रुपया नगद व शादी में मेरे द्वारा दिया गया पांच थान जेवर व मेरा दो थान जेवर दोनों मिलाकर लगभग सात थान जेवर लेकर गई थी।

मुझे इसकी जानकारी तब हुई है जब मुझे मेरी समधन ने बताया कि रुचि कही घर से भाग कर चली गई है तब मैने अपने घर पर अपने लड़के रामनाथ को इसकी जानकारी दी और घर पर जेवर की खोजबीन करने लगी।जब घर पर कही जेवर नहीं मिला तो मेरे होश उड़ गए हम परिवारीजन काफी परेशान है। हम पुलिस प्रशासन से माँग करते है कि लड़की की बरामदगी करके मुझे मेरा जेवरात वापस दिलाया जाए। घटना को लेकर मैने आजीआरएस भी किया है साथही मैने पुलिस अधीक्षक गोण्डा व थाना मोतीगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की मनमानी से नहीं हो रहा है लिपिकों का स्थानांतरण

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा।** उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। जिसके द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति हेतु खण्डीय लिपिकों का स्थानान्तरण वर्ष 2025-26 में मुख्य अभियन्ता, देवीपाटन (गोण्डा) क्षेत्र, लो0नि0वि0, गोण्डा के पत्रांक-3870/व्यग (स्थानान्तरण) दे0क्षे0/2025 दिनांक-15.06.2025 एवं पत्रांक-3871/व्यग (स्थानान्तरण)-दे0क्षे0/2025 दिनांक-15.06.2025 द्वारा किये गये स्थानान्तरण का अनुपालन करते हुए स्थानान्तरित लिपिकों की योगदान/कार्यमुक्त की सूचना अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराये, जिससे खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति की कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत की जा सके, परन्तु आप द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जो कदापि उचित नहीं है।उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि वर्तमान में कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, व्यवस्थापन ग वर्ग, उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा दिनांक-30.04.2025 एवं दिनांक-30.06.2025 तक सेवानिवृत्त/पदोन्नति आदि से रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी व वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक के पदों हेतु क्रमांकों का आवंटन किया गया है। चूंकि खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति की कार्यवाही क्षेत्र के अन्तर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष किया जाना है। अतएव उक्त आदेश का अनुपालन किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक है। अतः उक्त के सम्बन्ध में स्मरण कराते हुए अन्तिम बार आपको निर्देशित किया जाता है कि खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति हेतु खण्डीय लिपिकों का स्थानान्तरण वर्ष 2025-26 में मुख्य अभियन्ता के उक्त आदेश दिनांक-15.06.2025 द्वारा स्थानान्तरित लिपिकों की योगदान/कार्यमुक्त की सूचना आज ही इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति की कार्यवाही शासनादेश संख्या-05/2025/748/ सैंतालीस-का-1-2025-13(1)/2022 दिनांक-03.09.2025 द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत की जा सके। अन्यथा की स्थिति में यदि कोई विषम परिस्थिति उत्पन्न होती है तो आपका नाम उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायेगाजिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**प्रतियोगिता**

### अग्रसेन जयंती आज, ध्वजारोहण से होगी कार्यक्रम की शुरुआत

# शतरंज प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अनमोल अग्रवाल प्रथम

समृद्धि न्यूज



**गोंडा ।** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में चल रहे अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम में दुसरे दिन रविवार को पोस्टर पेंटिंग, बोरा दौड़, छोटे बच्चों की गुढ़लिया, पॉट पेंटिंग, बेबी रेस, सुलेख, मंडला आर्ट ड्राइंग, कुर्सी दौड़, कैरम, रसाकसी महिला वर्ग, म्यूजिकल चेयर, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के छोटे-छोटे बच्चों महिलाओं ने प्रतिभागी रहें।

शतरंज प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अनमोल अग्रवाल प्रथम व निश्चय अग्रवाल को द्वितीय, सीनियर वर्ग में पुलकित अग्रवाल को प्रथम सार्थक मोदी को द्वितीय एवं सुपर सीनियर वर्ग में आशीष गोयल को प्रथम और अभय अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बोरा दौड़ प्रतियोगिता में ध्रुव सिंघल को प्रथम नमन अग्रवाल को द्वितीय एवं मिसिका केडिया को तृतीय स्थान मिला। गुढलिया रेस प्रतियोगिता में रितिक जैन को प्रथम हेनवी अग्रवाल को द्वितीय एवं अक्षत अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला।

बेबी रेस ग्रुप फर्स्ट में भैरव अग्रवाल को प्रथम यशस्वी सिंघल को द्वितीय और वंशिका अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। बेबी रेस ग्रुप सेकेंड प्रतियोगिता में गौरी अग्रवाल को प्रथम यति अग्रवाल को सेकंड और वेदांश अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। अग्रसेन जयंती समारोह अग्रवाल नव युवक संघ द्वारा मनाया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच और देवीपाटन महिला शाखा का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि आज महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें ध्वजारोहण हवन पूजन होगा । उसके बाद अग्रसेन चौराहे पर माल्यार्पण किया जाएगा।फिर कार्यक्रम स्थल पर आरती थाल, रस्साकशी पुरुष, लड्डू गोपाल जी श्रृंगार, व्यंजन, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य, शैक्षणिक पुरस्कार वितरण, समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जीवन में उतारने और समाज में भाईचारे, समानता और सेवा भाव को बढ़ावा देने का लिए प्रोत्साहन किया गया।आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रहेगी।

### कैडेट्स को दिया गया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वावधान में नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 तथा प्री आईजीसी शिविर के छठवे दिन कैडेट्स के बीच प्रातः ड्रिल कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें कंपनी के कैडेट ने भाग लिया और विजेता कैडेट्स को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किया गयाद्य कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि ड्रिल सैन्य अनुशासन का सबसे महत्वपूर्ण भाग है इसी कारण प्रत्येक कैडेट को अच्छे ड्रिल का ज्ञान होना चाहिए अच्छा ड्रिल जरूरी है क्योंकि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना को विकसित करता है। ड्रिल से इंसान मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनता है तथा आदेश को सही समय पर और सटीकता के साथ पालन करना सीखता है। यह एकजुटता, समय की पाबंदी और आपातकालीन स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना सिखाता है, जिससे सुरक्षा और व्यक्तिगत विकास दोनों में मदद मिलती है। सेना और सभी कैडेट्स के लिए ड्रिल नियमित अभ्यास के रूप में जरूरी है, ताकि किसी भी चुनौती का सामना कुशलता से किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने पंचायत सचिवालय को बनाया निशाना, लाखों का माल किया पार



**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कठवारा गांव में बीती रात चोरों ने पंचायत सचिवालय को निशाना बनाते हुए सचिवालय के अंदर मौजूद लाखों रुपए का माल पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि बीते शनिवार व रविवार की रात चोरों ने ग्राम पंचायत कठवारा के पंचायत सचिवालय को निशाना बनाते हुए कक्ष में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर, मॉनिटर, इनवर्टर, दो बैटरी सीसीटीवी कैमरे की मशीन सहित लगभग 1 लाख से अधिक के कीमती सामान को ताला तोड़कर पार कर दिया। सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। मौके पर पहुंचे गुल्लूपुर चौकी इंचार्ज जांच पड़ताल में जुट गए हैं। इस बाबत थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### सर्पदंश का शिकार हुई महिला, पहुंचाया गया अस्पताल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र निगोहा अंतर्गत ग्राम नंदौली की रहने वाली एक महिला उस समय सर्पदंश का शिकार हो गई। जब वह जानवर चराने के लिए जा रही थी। जिसे पारिवारिक जनों के द्वारा घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल महिला गुड्डी पत्नी छोटेलाल निवासी नंदौली रविवार की देर शाम तकरीबन 4:00 बजे के आसपास जानवर चराने के लिए अपने घर से खेतों की तरफ जा रही थी। जैसे ही वह अपने घर से बाहर निकली, तभी उसे किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। घटना की जानकारी होते हुए मौके पर पहुंचे परिवारीजनों के द्वारा घायल अवस्था में इलाज के लिए उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फिलहाल डॉक्टर के द्वारा महिला की स्थिति सामान्य बताई गई है।

### ग्रामीणों ने संदिग्ध को कर समझ कर बिजली के खंभे से बांधा

**डलमऊ, रायबरेली।** इन दिनों रात में ड्रोन कैमरे उड़ने और चोरी की अफवाह जोरों पर है दिया अथवा लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है रात में लोग जाग कर पहरा दे रहे हैं यदि कोई अनजान व्यक्ति रात में दिख जाए तो उसे चोर समझ कर पिटाई कर दे रहे हैं ऐसा ही कुछ मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के आफताब नगर गांव से निकलकर सामने आया है जहां शनिवार की देर रात लगभग दस बजे शराब के नशे में धुत एक संदिग्ध व्यक्ति गांव में घूमता हुआ दिखाई पड़ा। संदिग्ध व्यक्ति को देख गांव के लोग उमड़ पड़े और ग्रामीणों ने चोर समझ कर बिजली के खंभे से बांध दिया। हालांकि जानकारी होने पर उस व्यक्ति के साथ किसी तरह की मारपीट करने की बात सामने नहीं आई। थोड़ी देर बाद कुछ लोगों ने संदिग्ध व्यक्ति की पहचान पूरे पहाड़ सिंह मजरे करकरा गांव के बच्चन लाल के रूप में की ग्रामीणों के द्वारा उनके परिजनों को सूचना दी गई । जानकारी मिली है कि बच्चन लाल शराब का आदी है। उसके बाद व्यक्ति के परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया और परिजनों के सुपुर्द कर उसके घर भेज दिया गया। मालूम हो कि इस तरह डलमऊ क्षेत्र में घर ऐसी अफवाहें चरम पर हैं लेकिन उसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा चोर एवं चोरी की अफवाहों को लेकर कोई जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

### गांधी/शास्त्री जयंती की तैयारी संबंधित बैठक 25 को

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि गांधी एवं शास्त्री जयन्ती 2025 के अवसर पर कार्यक्रमों के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.2025 दिन गुरुवार की मध्यान्ह 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बन्धु, गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं/संगठनों के पदाधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे।

### गोवध निवारण अधिनियम के तहत 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा गोवध जैसे गंभीर आपराधिक कृत्य के संबंध में पंजीकृत संबंधितधारा उ.प्र. गोवध निवारण अधि. थाना अटरिया जनपद सीतापुर में प्रकाश में आये तीन अभियुक्तों 1. मोहम्मद सलमान पुत्र मैनुद्दीन निवासी ग्राम गोधना थाना अटरिया सीतापुर 2. अफजाल पुत्र असगर निवासी ग्राम बाड़ी थाना सिधौली सीतापुर 3. हबीब पुत्र फजल निवासी ग्राम बाड़ी थाना सिधौली सीतापुर को भटखेरवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को चालान न्यायालय किया गया है।

### फीता काटकर विधायक ने किया रक्तदान का शुभारंभ



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जनपद मुख्यालय गौरीगंज में परम वंदनीय माता जी की 99वीं जयंती के अवसर पर रविवार को कस्बा गौरीगंज के सुल्तानपुर रोड स्थित पुष्पा त्रिपाठी मेमोरियल हॉस्पिटल में रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने स्वयं भी रक्तदान कर अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है। यह न केवल जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम है, बल्कि समाज सेवा का सबसे बड़ा कार्य भी है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को समय–समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है और किसी के जीवन को संकट के समय नई आशा मिलती है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, चिकित्सक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने विधायक राकेश प्रताप सिंह का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहभागिता से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

### मूर्ति से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से कई लोग चोटहिल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को दोपहर में गांव पूरे गंभीरशाह में माँ दुर्गा की मूर्ति ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से ट्रॉली पर सवार श्रद्धालु गिरकर चोटिल हो गये। ग्रामीण शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति दुर्गा पूजा कार्यक्रम के लिए चौबीसी हैदरगढ़ से माँ दुर्गा की मूर्ति लेकर घर वापसी कर रहे थे कि रास्ते में इन्हौना –सेमरौता संपर्क मार्ग पर स्थित पूरे गंभीरशाह गांव के पास अकस्मात ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटकर नीचे खाई में गिर गई। माँ दुर्गा की भक्तों पर विशेष कृपा रही कि इतनी बड़ी दुर्घटना होने के बावजूद भी सभी श्रद्धालु मामूली चोटें के साथ सही सलामत रहे। स्थानीय लोगों ने तत्काल ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर पहुंचाया जहां उनका उपचार कर घर भेज दिया गया है।

### क्यूआर कोड स्कैन कर विकसित उप्र @2047 अभियान में सुझाव भेजें: डीएम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के तहत अब हर नागरिक को अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। नागरिकों की सीधी भागीदारी से न केवल योजनाएं अधिक प्रभावी बनेंगी बल्कि विकास की यात्रा में सभी वर्गों का योगदान भी सुनिश्चित होगा। जिलाधिकारी ने आह्वान किया है कि सभी नागरिक इस महत्वाकांक्षी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। यह पहल जिले की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं को प्रदेश की नीतियों में समुचित स्थान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। नागरिक अपने सुझाव सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। साथ ही क्यू आर कोड स्कैन कर भी फीडबैक साझा करने की सुविधा उपलब्ध है। सुझाव देने के लिए प्रतिभागियों को पोर्टल पर मोबाईल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर विषय का चयन करना होगा और अपना विचार दर्ज करना होगा। यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और आम नागरिक सभी इसमें अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। सरकार चाहती है कि प्रदेश का कोई भी परिवार पीछे न रहे। क्यू आर कोड और पोर्टल के ज़रिए यह प्रक्रिया इतनी सरल बनाई गई है कि छात्र, किसान, गृहिणी या व्यापारी हर कोई अपने विचार तुरंत दर्ज करा सकता है।

# मिशन शक्ति फेज-5 का शुभारंभ

- एडिशन एसपी संजीव सिन्हा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना की मिशन शक्ति रैली
- पुलिस लाइन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी शक्ति रैली
- डायल 112 और स्कूटीसवार महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली रैली




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति ने पूरे प्रदेश में हमारी मातृशक्ति को सुरक्षा व सम्मान दिलाते हुए उन्हें स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर करने के अभियान को गति दी है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, इसी क्रम में आज नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन एवं मिशन शक्ति से संबंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन भी हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी माताओं, बहनों को हार्दिक बधाई एवं इस महाअभियान के लिए मंगलमय शुभकामनाएं दी है। मिशन शक्ति 5.0 की आज शुरुवात होते ही रायबरेली पुलिस लाइन से शहर के विभिन्न चौराहों पर महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाल कर जिले में नारी सुरक्षा का संदेश दिया, इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया, इस मौके पर सीओ सिटी अमित सिंह, प्रशिक्षु सीओ ऋतिक कपूर,यातायात प्रभारी इंद्रपाल सेंगर सहित सभी लोग मौजूद रहे।

## प्रशासन ने कसी कमर, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित होगी दुर्गा पूजा

- शारदीय नवरात्र की तैयारियां में जुटी दुर्गा पूजा कमेटियां, दर्जनों पंडालों में सजेगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

**डलमऊ रायबरेली।** शारदीय नवरात्र का आगाज हो चुका है दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शासन एवं प्रशासन ने कमर कस ली है। दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये है। शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां एवं पंडलों को सजाने का कार्य अंतिम चरण में है। डलमऊ क्षेत्र में इस बार चार दर्जन से अधिक स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी दुर्गा पूजा को लेकर देवी भक्तों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। दुर्गा पूजा महोत्सव पर्व पर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है 22 सितंबर से शुरू होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शासन एवं प्रशासन ने कमर कस ली है। दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शासन की गाइडलाइन के अनुसार पर्व मनाने की अपील की है यदि किसी शरारती तत्व द्वारा अराजकता फैलाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि डलमऊ क्षेत्र में लगभग 49 जगह पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पुलिस की अराजक तत्वों पर नजर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त किया जाएगा।

## पानी भरने के विवाद में आंख निकाल लेने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना शिवरतनगंज में वांछित 2 अभियुक्त शिवकुमार पासी पुत्र चन्द्रभूखन व बालगोविन्द पुत्र शिवकुमार पासी तथा एक महिला सुनीता उर्फ शिवकुमारी पत्नी शिवकुमार निवासीगण ग्राम गदुआपुर मजरे टिकरी थाना शिवरतगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशानदेही पर एक बांस का डंडा बरामद किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महराजगंज की बहू ने गोवा में लहराया परचम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




रायबरेली के प्रमुख उद्योगपति और सामाजिक नेता कमलेश रस्तोगी की बहू तथा जिला सुल्तानपुर के प्रमुख सर्राफा व्यापारी सुरेश कुमार सोनी कि़ बेटी प्रियम राज रस्तोगी बनी आल इंडिया Mrs. India Globe की द्वितीय रनर-अप प्रियम रस्तोगी ने हाल निवास लखनऊ,रायबरेली व सुल्तानपुर जिलों का व दोनों परिवारों का नाम रोशन करते हुए प्रथम बार में ही Mrs. India Globe प्रतियोगिता में 2nd Runner-आल इंडिया का खिताब अपने नाम किया। देश भर से चुनिंदा प्रतिभागियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया। अलग-अलग राउंड्स जैसे इंट्रोडक्शन, टैलेंट शो, प्रश्नोत्तर एवं पर्सनालिटी टेस्ट में प्रियम राज रस्तोगी ने आत्मविश्वास और गरिमा से अपना प्रदर्शन किया। प्रियम राज रस्तोगी का जन्म एक संस्कारी परिवार में सुल्तानपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश कुमार सोनी व विमला सोनी के यहाँ हुवा । बचपन से ही उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष रुचि रही। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करती रही हैं। उनकी गहरी रुचि फैशन, आर्ट एंड कल्चर, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में है।इनका बिवाह रायबरेली के प्रसिद्ध उद्योगपति व नेता कमलेश रस्तोगी व मीना रस्तोगी के सुपुत्र आई आई एम पास आउट अंकुर रस्तोगी के हुआ उनकी इस सफलता में परिवार का सहयोग और आशीर्वाद अहम रहा। पति व ससुरालजनों ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया। कमलेश रस्तोगी परिवार ने इस उपलब्धि को पूरे समाज के लिए प्रेरणा बताया और गर्व व्यक्त किया।प्रियम राज रस्तोगी ने अपनी इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण और समाजसेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इस मंच ने मुझे यह विश्वास दिलाया है कि महिलाएँ अगर ठान लें तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं.आने वाले समय में मैं समाज की महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करना चाहती हूँ। इस सम्मानजनक उपलब्धि के लिए ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन, लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन, के साथ समस्त स्वर्णकार समाज,परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और स्थानीय समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में और ऊँचाइयाँ हासिल करने की कामना की।

## उत्सव गेस्ट हाउस में विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक उत्सव गेस्ट हाउस में की गई जिसमें प्रांत सह मंत्री प्रवीण भाई साहब का आगमन हुआ सर्वप्रथम राम दरबार पर पुष्प, दीप प्रज्वलित किया गया जिसमें के कार्यक्रम की समीक्षा की गई जिसमें स्थापना दिवस, अखंड भारत संकल्प दिवस 14 अगस्त, संस्कार परीक्षा घर वापसी और प्रखंड की बैठक, सत्संग आदि का 6 महीने का जिला आंकड़े एकत्रित आगामी 6 महीने का कार्यक्रम तय किया गया आगामी कार्यक्रम की रचना बनाई गई दुर्गा अष्टमी के कार्यक्रम 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण24 नवंबर माह में होगा गोपाष्टमी के कार्यक्रम संगठन चलाने के लिए धर्म रक्षा निधि, जिससे पूरे जिले में विश्व हिंदू परिषद का कार्य प्रभावी ढंग से चल सके विश्व हिंदू परिषद को शक्तिशाली बनाने के लिए नवीन घोषणाओं में सह संयोजक बजरंग गर्ल शिवम अर्कवंशी, जिला मठ मंदिर प्रमुख संदीप सक्सेना, जिला संयोजक मातृशक्ति सुनीता जायसवाल, जिला सहसंयोजीका पूजा शुक्ला सह मंत्री प्रवीण, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल, विभाग मंत्री उत्तम सिंह, विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रज्ञा सिंह दुर्गा वाहिनी जिला कार्य अध्यक्ष प्रमोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, राजू लाल जिला मंत्री आशीष मिश्रा, सह मंत्री चंद्रकांत जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया, जिला संपर्क प्रमुख आशुतोष, जिला सह विशेष संपर्क प्रमुख डॉ सत्य प्रकाश, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी वंदना मिश्रा, जिला सहमातृशक्ति सुनीता जायसवाल, दुर्गा वाहिनी कार्यकर्ता राधा शुक्ला, शुभी मिश्रा, गीता सिंह, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, जिलासंरक्षक प्रदीप सिंह,जिला संगठन मंत्री अरविंद, नगर मंत्री संदीप सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा , नगर संयोजक सूरज लोधी, प्रखंड अध्यक्ष मछरेहटा संजय राठौर, खैराबाद विनीत शर्मा, गोदलद्यमऊ अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी, परसेंडी अध्यक्ष हरिश्चंद्र शुक्ला, लहरपुर महेंद्र मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

### नैय्या नाला की टेल पर डूबा युवक, ग्रामीणों की 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मिला शव



**बछरावां, रायबरेली।** नहाते समय डूबे हुए एक युवक को बचाने के चक्कर में दूसरा युवक गहरे पानी में जाकर डूब गया। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। जहां युवक की मौत हो गई है। घटना क्रम के अनुसार रविवार सुबह 8 :00 बजे के आसपास नहाते समय एक युवक नैय्या नाला में डूबने लगा, तभी उसे बचाने के चक्कर में साथी दूसरा युवक नाले में कूद गया। पहले से डूब रहे युवक को तो बाहर निकाल लिया गया। परंतु बचाने वाला युवक गहरे पानी में चला गया और मौत के मुंह में समा गया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनपुर गांव में स्थित नैया नाला की टेल पर एक युवक डूब गया है। जिसकी तलाश कर रहे ग्रामीणों ने उसके शव को घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर खोज निकाला है। सूचना के तीन घंटे बाद पुलिस पहुंची। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। रविवार सुबह हसनपुर गांव का रहने वाला दीपांशु पुत्र कमलेश उम्र लगभग 19 वर्ष अपने परिवरीजन ननकऊ के घर पर दसवां कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था। बाल मुड़वाने के समय सभी परिवारीजन वहीं मौजूद थे। तभी एक युवक नैया नाला में नहाते समय डूबने लगा। जिसे बचाने में के लिए दीपांशु नैया नाला में कूद गया। उक्त युवक तो नाले से बाहर निकल आया। पर देखते ही देखते दीपांशु परिजनों की आखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को देने के साथ ही दीपांशु की खोजबीन में जुट गये । तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर शव को खोज निकाला है। युवक का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत दीघा गोपालपुर गांव में संदिग्ध स्थिति में विवाहिता का शव एक कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता मिला है। दीघा गोपालपुर निवासी विनोद कुमार सरोज की शादी इसी वर्ष बीते 12 मई को थाना क्षेत्र मोहनगंज के मेंढ़ौना गांव निवासिनी पिंकी के साथ हुई थी। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। देखते ही देखते आस पास के ग्रामीण इकट्ठे हो गए और लोगों ने स्थानीय थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने साड़ी का फंदा काटकर पिंकी के शव को नीचे उतारा और विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका पिंकी के माता पिता बाहर रहते हैं पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया है। सूचना मिलने पर मृतका के कुछ रिश्तेदार मौके पर पहुंचे हैं। थाना प्रभारी जामों विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर मृतका के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## एनसीपी ने प्रवीण सिंह को बनाया लहरपुर विधानसभा प्रभारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह ने अपने विश्वास का इज़हार करते हुए प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी दी है और उन्हें लहरपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। जैसे ही इस निर्णय की जानकारी जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुँची, बधाइयों का तांता लग गया। जनपद सीतापुर में कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में लहरपुर विधानसभा में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और जनता के बीच पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष ललित सिंह, प्रदेश महासचिव वकील अहमद, गुड्डू भार्गव, शोभित कुमार मिश्रा, संतोष रस्तोगी, नसीम अहमद, श्यामू अवस्थी, मनोज कुमार यादव, मो. समीर, हरिश्चंद्र राजपूत, इन्द्रपाल यादव और नसीम गाजी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनका अनुभव और सक्रियता संगठन के लिए नई ऊर्जा साबित होगी। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस नई जिम्मेदारी के साथ न सिर्फ लहरपुर विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे जनपद में संगठनात्मक गतिविधियां और तेज़ होंगी। वहीं, जनता को जोड़ने और उनकी समस्याओं को उठाने में भी अब पार्टी की मौजूदगी पहले से अधिक दिखेगी।

### प्रशासन पर भारी पड़ रहे आजाद अतिक्रमणकारी

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के कस्बा जगदीशपुर में समस्त नियम व कानून की धज्जियां उडाते हुए आजाद अतिक्रमणकारी सडको पर कब्जा करके प्रशासन पर भारी पडते नजर आ रहे हैं। आने जाने वाले मुसाफिर भाइयों संभल कर चलना जगदीशपुर का जाम मशहूर है, जहां आए दिन वीआईपी वाहन से लेकर एंबुलेंस तक की गाडियां जाम मे फंसकर हायतौबा करते नजर आते हैं। जिम्मेदार अधिकारीगण बेखबर हैं, कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रानीगंज चौराहा व जगदीशपुर स्थित पुलिस बूथ चौराहे से लेकर बाजार शुकुल मोड समेत अन्य सडकों पर दुकानदारों की आजादी इस तरह हावी है कि काली सड़क तक अपनी दुकान का सामान लगाकर अपना धंधा चटका रहे हैं दूसरी तरफ पुलिस बूथ के निकट स्थित बस स्टाप जहां हर वक्त आने जाने वाली परिवहन निगम की बसें सड़क पर खडी कर सवारियां चढाते उतारते रहते हैं।

## टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ प्रा.शि. संघ ने सांसद को दिया ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा एवं संजय सिंह के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्य समिति में लिए गए निर्णय के क्रम में रविवार 21 सितंबर को अशोक कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में जनपद से सैकड़ों शिक्षक अपराह्न 4 बजे अमेठी सांसद केएल शर्मा को प्रधानमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन दिया है। जिसमें वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को संशोधन करने सम्बन्धी मांग को लेकर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व मण्डल द्वारा सौंपा गया। वर्ष 2011 के पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा आए निर्णय टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षक आहत हैं। सभी शिक्षक अपने भविष्य की सेवा को सुरक्षित रखने हेतु माननीय जी को ज्ञापन के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में आए निर्णय में बदलाव या संशोधन कराने की माँग कर रहे हैं। सांसद जी ने शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को कवरिंग पत्र के साथ प्रधानमंत्री जी को भेज दिया जाएगा तथा अवसर मिलने पर मामले को सदन में भी उठाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर शशांक शुक्ल, राजेश कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार यादव, राम ललन द्विवेदी, राम देव पाण्डेय, गंगाधर शुक्ल, कृष्ण कुमार कन्नौजिया, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, राम बरन कनौजिया, अविनाश शुक्ल, विनोद कुमार यादव, राम कृष्ण पाण्डेय, पुलकित जायसवाल, रवी सिंह आदि सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से बेकरी गोदाम में लगी आग, लाखों का माल राख



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत कस्बा टीकरमाफी पुलिस चौकी के पास स्थित सामिया इंटरप्राइजेज के बेकरी की गोदाम में शनिवार की रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि शुरुआती प्रयास में पहुँचीं फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां इसे काबू नहीं कर सकीं। बाद में और तीन गाड़ियां मौके पर बुलाई गई, घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर कर्मियों के अनुसार, गोदाम में बेकरी से जुड़ा लाखों रुपये का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। बेकरी के मालिक ने बताया कि गोदाम में करीब 50 लाख रुपये से अधिक का माल मौजूद था। इस हादसे से दुकान मालिक महबूब को गहरा सदमा पहुँचा और अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें हार्ट अटैक आ गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया जहां पर उनका इलाज जारी है। हालांकि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते यह घटना हुई होगी। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

## नई शुरूआत की कोई उम्र नहीं

पिछले दिनों बाजार में बहुत पुरानी मित्र से मुलाकात हुई। हम दोनों ने साथ-साथ नौकरियां शुरू की थीं। लेकिन विवाह के बाद उसने नौकरी छोड़ दी। कारण था, उसके पति की बाहर की नौकरी। अक्सर ही स्त्रियों के साथ ऐसा होता है। कुछ दिनों तक तो उससे सम्पर्क रहा, फिर वह भी खत्म हो गया। मोबाइल तो थे नहीं उन दिनों। खैर, इतने दिनों बाद मिलने पर अतीत की तमाम बातें याद आ गईं। फिर बच्चों के बारे में बात होने लगी। पता चला कि उसके दोनों बच्चे विदेश में रहते हैं। पति की मृत्यु हो चुकी है। तो अब वहां अकेली रहती है। कहने लगी कि बच्चों के पास कभी-कभी जाती है, लेकिन रहना अपने देश में ही चाहती है। वहां मन नहीं लगता। फिर उसने बताया कि उसने अपना खाने-पीने का व्यवसाय शुरू किया है। क्योंकि बच्चे जब चले गए, फिर कुछ दिन बाद पति भी, तो समझ में नहीं आता था कि क्या करूं। खाना बनाना हमेशा पसंद रहा, लेकिन अकेली के लिए क्या बनाऊं, तो कई-कई दिन तक रसोई में जाती ही नहीं थी। लगता था कि बस जीवन यहीं तक था, अब खत्म हुआ। एक दिन सोसाइटी की एक युवा लड़की ने कहा कि काश, उसे घर जैसा खाना खाने को मिलता। यहीं से जैसे कोई क्लू मिला। बस उसने सोसाइटी के लोगों के बहुत से लोगों के नम्बर लेकर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। फिर उसी में रोज बताने लगी कि कल क्या बना रही है। कोई चाहे तो आर्डर कर सकता है। खाने के दाम भी ऐसे रखे कि किसी को ज्यादा चुभे नहीं। शुरू में तो एक-दो ही आर्डर आए, अब इतना काम है कि सहायता के लिए दो और लोगों को रखना पड़ा है। उसकी बातें सुनकर अमरीका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा का कुछ दिन पहले का कथन याद आ गया। उन्होंने कहा कि जब से उनकी दोनों बेटियां घर के घोंसले को खाली करके गई हैं, तब से उनकी जिंदगी ठहर सी गई है। वह बहुत अकेलापन महसूस करती हैं। यह कहानी सिर्फ मिशेल ओबामा की ही नहीं, अधिकांश माता-पिता की है। वे माताएं, जो पढ़ी-लिखी हैं, लेकिन बच्चों की जिम्मेदारी उठाने के कारण कभी अपने करियर या अभिरुचियों के बारे में नहीं सोच पाईं। उन सबकी कहानी एक जैसी है। कई माताएं और बहुत से पिता भी इस अकेलेपन को झेल नहीं पाते। जीवन के प्रति आकर्षण जैसे खत्म सा हो जाता है। अब इस उम्र में क्या करें कि बच्चों की कमी महसूस न हो। क्योंकि बच्चे जिस उड़ान पर निकले हैं, उनका भविष्य भी वहीं है। उन्हें तो रोका नहीं जा सकता, न ही पुराने दिनों को वापस लाया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि किसी और काम में मन लगाया जाए। एक महिला के बारे में कुछ दिन पहले पढ़ा था कि उसने यू-ट्यूब पर देखकर पेंटिंग करना सीखा। आज उसकी एक प्रदर्शनी दिल्ली में और एक अमरीका में लग चुकी है। एक अन्य महिला ने ऐसी ही अनेक महिलाओं का एक ग्रुप बनाया है। वह लाइफकोच बन गई है। स्त्रियों को बच्चों के चले जाने के बाद के अकेलेपन से निपटने के लिए तरह-तरह के तरीके बताती है। इससे खूब आय भी होती है। एक और महिला ने भी अपनी ही जैसी स्त्रियों का एक ग्रुप बनाया है। ये सब तमाम मेलों में अपने-अपने बनाए खाने को लेकर जाती हैं और कमाई भी करती हैं। ये माह में एक बार कहीं घूमने भी जाती हैं। इस तरह समय भी कटता है और अकेलापन भी महसूस नहीं होता। एक पिता ने एक बार बताया था कि बेटे के बाहर पढ़ने जाने के बाद, उसका घर आने का मन नहीं करता था।

# नवरात्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक तादात्म्य

-डॉ. आनंद सिंह राणा

ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों में आदि शक्ति का इतिहास सनातन है, जहाँ उन्हें परम चेतना, ब्रह्मांड की मूल निर्माता, दृष्टा और संहारक शक्ति के स्वरूप में वर्णित किया गया है। इसलिए मार्कण्डेय पुराण के दुर्गा सप्तशती अंश में कहा गया है कि

**या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरुपेण संस्थिता,**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः।**

**ऋग्वेद के देवी सूक्त में माँ आदिशक्ति स्वयं कहती हैं,**

**अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां,**
**अहं रूद्राय धनुरा तनोमि।**

अर्थात् मैं ही राष्ट्र को बांधने और ऐश्वर्य देने वाली शक्ति हूँ, और मैं ही रुद्र के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाती हूँ। हमारे तत्वदर्शी ऋषि मनीषा का उपरोक्त प्रतिपादन वस्तुतः स्त्री शक्ति की अपरिमितता का प्रतीक है। नारीशक्ति की सर्वोत्तम व्याख्या भारतीय पुराणैतिहासिक संदर्भों में प्राप्त होती है जो वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। वर्ष 2018 के सर्वश्रेष्ठ शब्द के रूप में आक्सफोर्ड डिक्शनरी ने नारीशक्ति को चुनकर इस दिशा में और गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया है। भारत में नवरात्र आराधना के प्रसंग में ? ऐं ह्रीं क्लीं के अंतर्गत ऐं = वाग्बीज (ज्ञानशक्ति), क्लीं =कामराज (क्रिया शक्ति), ह्रीं = मायाबीज (पदार्थ) के माध्यम से सृष्टि निर्माण, स्थिति और ध्वंस की विज्ञान-सम्मत व्याख्या मिलती है। इसमें ही सात्विक, राजसिक और तामसिक प्रवृत्तियों की व्याख्या की मनोवैज्ञानिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि विकसित हुई है। रात्रि शब्द सिद्धि का प्रतीक माना जाता है, इसलिए भारत में रात्रि का विशेष महत्व है। भारतीय पर्वों के मूल में आध्यात्मिक चेतना के साथ वैज्ञानिकता उसके मूल में निहित है। वैज्ञानिक तथ्य है कि दिन में अन्य तरंगों के कारण ध्वनि तरंगों में अवरोध उत्पन्न होता है इसलिए, रात्रि काल में उपासना पर विशेष रूप से भारतीय मनीषियों ने बल दिया है। नवरात्र दीपावली, महाशिवरात्रि और होली जैसे अधिकांश पर्व रात्रि में ही मनाए जाते हैं, ताकि ध्वनि की तरंगों का ठीक प्रकार से विस्तार हो। एतदर्थ मंत्र, तंत्र और यंत्र के साथ विभिन्न वाद्य यंत्रों और शंख बजाकर वातावरण को न केवल रोगाणु मुक्त किया जाता है वरन् अपकारी शक्तियों के साथ आसुरी प्रवृत्तियों का भी शमन भलीभाँति होता है। नवरात्र के संबंध में यह सर्वविदित है कि एक वर्ष में चार संधि काल होते हैं और इसलिए, क्रमशः चार नवरात्र चैत्र, आषाढ़ अश्विन, और माघ में मनाए जाने की विधान है। भारत में 51 शक्तिपीठों का विशेष महत्व है और इनमें से कई शक्तिपीठ जनजातियों द्वारा पूजित संरक्षित किए गए हैं। चार संधि



भारतीय पर्वों के मूल में आध्यात्मिक चेतना के साथ वैज्ञानिकता उसके मूल में निहित है। वैज्ञानिक तथ्य है कि दिन में अन्य तरंगों के कारण ध्वनि तरंगों में अवरोध उत्पन्न होता है इसलिए रात्रि काल में उपासना पर विशेष रूप से भारतीय मनीषियों ने बल दिया है। नवरात्र दीपावली, महाशिवरात्रि और होली जैंसे अधिकांश पर्व रात्रि में ही मनाए जाते हैं, ताकि ध्वनि की तरंगों का ठीक प्रकार से विस्तार हो। एतदर्थ मंत्र, तंत्र और यंत्र के साथ विभिन्न वाद्य यंत्रों और शंख बजाकर वातावरण को न केवल रोगाणु मुक्त किया जाता है वरन् अपकारी शक्तियों के साथ आसुरी प्रवृत्तियों का भी शमन भलीभाँति होता है।

कालों में सत्व गुण तमोगुण और रजोगुण के मध्य उचित सामंजस्य स्थापित करना ही नवरात्र का मूल आधार है। तन मन को निर्मल और पूर्णतः स्वस्थ रखने के का अनुष्ठान ही नवरात्र है। वस्तुतः नौ रातों के समूह को नवरात्र कहा जाता है, जो शरीर के अंदर निवास करने वाली जीवनी शक्ति दुर्गा के ही स्वरुप हैं। उपनिषदों में उमा या हेमवती का उल्लेख किया है। भारतीय अवधारणा में हिरण्यगर्भ जिसे पाश्चात्य विज्ञान बिग बैंग के रुप समझता है, तद्नुसार शक्ति या ऊर्जा के आलोक में जड़ - चेतन की व्याख्या करता है।शिव - शक्ति का अद्वैत है।

यजुर्वेद में स्पष्ट है कि यद् पिण्डे, तद् ब्रम्हाण्डे। इसी के परिप्रेक्ष्य में भौतिकी में अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी अपने द्रव्य - ऊर्जा समीकरण (श्व=द्व2) के माध्यम से अद्वैत की पुष्टि की है। ऊर्जा से ही सब गतिमान हैं। आंध्र ऊर्जा और आंध्र पदार्थ के संबंध में भी यही अवधारणा है।विज्ञान में ऊर्जा का अध्ययन वास्तव में आदिशक्ति का का ही अन्वेषण है। आदिशक्ति त्रिगुणात्मक है। अपने तीन स्वरूपों क्रमशः ज्ञान शक्ति, इच्छा शक्ति और क्रिया शक्ति से सत्व, रज और तम गुणों को उद्भूत करती है।तीनों गुणों के क्रियात्मक वेग के परस्पर संयोग से 9 के यौगिक की व्युत्पत्ति होती है जो सृष्टि का प्रथम गर्भ है। यही ब्रह्म (ब=23, ॅ=27, ह=33,म =25, 23+27+33 +25 =108..1+0+8 =9)की पुष्टि करता है यही सर्वत्र चराचर में व्याप्त है। हमारे मनीषियों ने नारी को शक्ति के रूप में स्वीकार किया है सरस्वती लक्ष्मी और दुर्गा के मानवीय रूपों के माध्यम से उनके गुणों और क्रिया सहित व्यक्त करने का प्रयास किया है। यह भी स्पष्ट है कि मूर्ति पूजा हमारे यहां प्रतीकात्मक है यजुर्वेद कहता है कि ना तस्य प्रतिमा अस्ति। बौद्धों के पूर्व मूर्ति पूजा शिरोधार्य नहीं थी वरन् आकृतियों का निर्माण कर पूजा की गई है,जैसे शिवलिंग, शालिग्राम और पिंडी का पूजन। देवी के लिए पिंडी पूजन क्योंकि वह गर्भ का द्योतक है। ईश्वास्योपनिषद के शांति पाठ में स्पष्ट है कि ÷ ? पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते..पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते। जिसका अर्थ है वह भी पूर्ण है और यह जगत् भी पूर्ण है, पूर्ण से पूर्ण प्रकट होता है, और फिर भी पूर्ण शेष बचता है, पूर्ण से पूर्ण निकल जाए फिर भी पूर्ण शेष बचे, वही ईश्वर है।यह स्पष्ट है कि एक मादा गर्भधारण कर एक संतान को जन्म देती है जो पूर्ण होती है, और माँ भी पूर्ण रहती है इसलिए मां ईश्वर का स्वरूप है। संसार की सभी मादाएं ईश्वर का ही स्वरूप है।यही मातृत्व शक्ति माँ दुर्गा के रुप में सकल ब्रम्हांड में व्याप्त है। भौतिकी में 9 ऊर्जाओं का क्रमशः स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा, चुंबकीय ऊर्जा, आणविक ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा व रासायनिक ऊर्जा उल्लेख है जिनसे 9 प्रकार की आकृतियों का निर्माण होता है। यही नवरात्र के मूल में वैज्ञानिक तथ्य हैं। भौगोलिक और भूगर्भीय दृष्टि से नवरात्र का बड़ा महत्व है।पृथ्वी पर विषव की विशिष्ट स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं।

**विचार**

# संविदा और बेरोजगारों के लिए ऑक्सीजन योगी

प्रेम शर्मा

जनसंख्या बल के हिसाब से देश में अगर सबसे ज्यादा बेरोजगारी किसी राज्य में है तो वह उत्तर प्रदेश ही है। बिहार के बाद सबसे ज्यादा युवा रोजगार के लिए महाराष्ट्र, दिल्ली या खाड़ी देशों या अन्य दूरस्थ पलायन करते है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो ताजा निर्णय प्रदेश के बेरोजगारों के लिए काफी हद तक मददगार साबित होगें। कोरोना काल के दरम्यान काफी हद तक रोजगार छिन जाने से हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति डावाडोल चल रही थी। उक्त काल में सरकारी नौकरी के विज्ञापन न आने तथा कई प्रतियोगी परीक्षा रद्द हो जाने से काफी पढ़े लिखे युवा नौकरी की अर्हता रखते हुए अधिक उम्र हो जाने के कारण मायूस थे।

योगी सरकार के ताजा निर्णय में कई पदों में उम्र सीमा बढ़ाये जाने से इसका फायदा पढ़े लिखें बेरोजगारों को मिलना तय है। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड का गठन किया है। यह निगम भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगा और आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन व सामाजिक सुरक्षा से जुड़े शोषण से बचाएगा। अकेले यूपी में 11 लाख से अधिक कर्मचारी इस व्यवस्था का



सामना करते हैं। उक्त दोनों निर्णयों को संविदा और आयु अर्हता पार कर चुके युवाओं को योगी आक्सीजन का नाम दिया जा सकता है। योगी सरकार ने तृतीय श्रेणी के कई पदों की आयुसीमा 28 और 32 से बढ़ाकर भर्ती के लिए 40 साल कर दी गई है। संबंधित खबर के अनुसार शासन ने तृतीय श्रेणी के कई पदों पर होने वाली भर्ती में अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 40 साल कर दी है। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने छह सितंबर को प्रयोगशाला तकनीकी संवर्ग, लेखपाल एवं सर्वेयर में भर्ती की अधिकतम आयु सीमा 32 साल से बढ़ाकर 40 साल कर दी थी। पहले इन पदों पर विज्ञापन निकालकर सीधे भर्ती की जाती थी, अब उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को चयन की जिम्मेदारी दी गई है और लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती होगी। इससे पहले समाज कल्याण विभाग ने ग्राम विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी की सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयुसीमा बढ़ाकर 40 साल कर दी थी। हाल ही में आवास एवं विकास परिषद में आशुलिपिक भर्ती की अधिकतम आयु सीमा भी 28 साल से बढ़ाकर 40 वर्ष और स्वागत अधिकारी की आयु सीमा 32 साल से बढ़ाकर 40 साल की गई है। इस बदलाव का फायदा उन बेरोजगार प्रतियोगियों को होगा जो भर्ती के इंतजार में ओवरएज हो चुके हैं। दुनिया के किसी भी देश के लिए रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। अनुमान है कि संविदा पर नियुक्ति या आउटसोर्स की व्यवस्था के तहत देश में सवा करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है, लेकिन मुश्किल यह है कि इनके नियमित वेतन, अवकाश और सामाजिक सुरक्षा प्रविधानों को लेकर विभिन्न राज्यों की नियमावली में कोई एकरूपता नहीं है। इससे अस्थायी किस्म की नौकरी करने वालों को कम वेतन और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

इस बात को लेकर योगी सरकार गम्भीर हुई और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड का गठन किया गया। इसके लिए बकायदा उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष द्वारा एक शासनादेश 19 सितम्बर 25 को जारी कर मुख्यमंत्री की घोषणा पर मुहर लगा दी गई। यानि अब एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में संचालित होने वाली इस पब्लिक लिमिटेड कंपनी

**इससे पहले समाज कल्याण विभाग ने ग्राम विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी की सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयुसीमा बढ़ाकर 40 साल कर दी थी। हाल ही में आवास एवं विकास परिषद में आशुलिपिक भर्ती की अधिकतम आयु सीमा भी 28 साल से बढ़ाकर 40 वर्ष और स्वागत अधिकारी की आयु सीमा 32 साल से बढ़ाकर 40 साल की गई है। इस बदलाव का फायदा उन बेरोजगार प्रतियोगियों को होगा जो भर्ती के इंतजार में ओवरएज हो चुके हैं। दुनिया के किसी भी देश के लिए रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। अनुमान है कि संविदा पर नियुक्ति या आउटसोर्स की व्यवस्था के तहत देश में सवा करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है, लेकिन मुश्किल यह है कि इनके नियमित वेतन, अवकाश और सामाजिक सुरक्षा प्रविधानों को लेकर विभिन्न राज्यों की नियमावली में कोई एकरूपता नहीं है। इससे अस्थायी किस्म की नौकरी करने वालों को कम वेतन और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।**


यानी आउटसोर्स सेवा निगम की मुख्य जिम्मेदारी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और अस्थायी कर्मचारियों के जुड़े कई मुद्दों का समाधान करना है। कंपनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के तहत गठित इस निगम के अस्तित्व में आने से अब उत्तर प्रदेश के सरकारी विभाग आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन खुद नहीं करेंगे, बल्कि उन्हें नए बनाए गए एक पोर्टल (जेईएम) के जरिए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत एजेंसियों का चयन करना होगा। यूपी सरकार का दावा है कि यह कदम उन लाखों कर्मचारियों को राहत दिलाएगा, जिन्हें एजेंसियों के जरिए मिलने वाले काम और वेतन संबंधी शोषण का सामना करना पड़ता है। अकेले उत्तर प्रदेश के 93 सरकारी विभागों में ऐसे 11 लाख कर्मचारी बताए जाते हैं, जिन्हें नियुक्ति देने वाली एजेंसियों से वेतन संबंधी विसंगतियों और नौकरी की असुरक्षा आदि का सामना करना पड़ता है। पूरे देश के स्तर पर देखें तो केंद्र और राज्य स्तर पर करीब 30-43 फीसद कार्यबल अस्थायी, संविदा या आउटसोर्स के तहत काम कर रहा है, जिसमें डाटा एंट्री, क्लर्की, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी प्रमुख सेवाएं शामिल हैं। एक अध्ययन के अनुसार साल 2014 में कुल सरकारी कार्यबल (केंद्र-राज्य) के 43 फीसद (लगभग 1.23 करोड़) कर्मचारी अस्थायी हैं। अनुबंध या संविदा भर्ती का सबसे बड़ा अभिशाप यह कि एजेंसियां कम लागत पर कर्मचारियों को अनुबंध के जरिए भर्ती करती हैं और अनुबंध खत्म होने पर कर्मचारियों को हटा दिया जाता है या फिर उनका अनुबंध रिन्यू कर दिया जाता है।

## राहुल का बयान लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय लोकतंत्र को लेकर हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का यह कहना कि ÷लोकतंत्र बचाना मेरा काम नहीं÷ पूरे राजनीतिक विमर्श में हलचल पैदा कर गया है। यह बयान केवल विपक्ष और सत?ता पक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहनेवाला नहीं है, यह आज आम नागरिकों के मन में भी गहरे सवाल छोड़ता है। लोकतंत्र केवल चुनाव लड़ने और सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत जिम्मेदारी है, जिसमें सत?ता और विपक्ष दोनों बराबर भागीदार होते हैं। यदि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा ही यह कह दे कि लोकतंत्र को बचाना उसका काम नहीं, तो यह न केवल उसकी भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगाता है बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की गंभीरता पर भी संदेह पैदा करता है।

कहना होगा कि विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना या विरोध प्रदर्शन करना भर नहीं है। इसके पीछे संवैधानिक जिम्मेदारी निहित है कि वह जनता की आवाज बने, लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सजग रहे और संसद में सरकार के फैसलों पर ठोस बहस करे। राहुल गांधी ने हालिया कर्नाटक विधानसभा चुनावों के संदर्भ में जब यह आरोप लगाया कि चुनाव आयोग में 'भेदियों' की भरमार है और लोकतंत्र खतरे में है, तब यह अपेक्षा की जाती थी कि वे इस मुद्दे को कानूनी और संवैधानिक रास्तों से उठाएँगे। किंतु न्यायालय या चुनाव आयोग का रुख न अपनाकर उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं है और उनका काम केवल सरकार पर दबाव डालना है। क?या उनका यह दृष्टिकोण सही है? उन?हें न सही कांग्रेस पार्टी के अन?य नेताओं को भी नहीं लगता कि राहुल की ये सोच राजनीतिक दृष्टि से संकीर्ण होने के साथ ही संवैधानिक सजगता की कमी भी उजागर करती है? भारतीय लोकतंत्र के आपातकाल के दौर को देखिए; इंदिरा गांधी की सत्ता के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य विपक्षी नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को और गहरा किया। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज जब विपक्ष में थे, तब वे अपनी तेजतर्रार आलोचना और गंभीर बहसों के लिए जाने जाते थे। वे सत्ता से असहमति रखते हुए भी लोकतंत्र की गरिमा को कभी कम नहीं करते थे। लेकिन आज राहुल गांधी क्या कर रहे हैं। वास्तव में यही अपेक्षा नेता प्रतिपक्ष से है कि वे लोकतंत्र को न केवल भाषणों में बल्कि अपने आचरण से भी मजबूत करें। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में अक्सर यह देखने को मिला है कि वे संसद से अधिक सड़क पर सक्रिय रहते हैं। वे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और युवाओं के मुद्दों को बार-बार उठाते हैं, लेकिन इन मुद्दों पर वैकल्पिक दृष्टिकोण या ठोस नीति पेश करने से चूक जाते हैं। जबकि नेता प्रतिपक्ष का पद केवल आलोचना नहीं बल्कि विकल्प प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी मांगता है। इस पृष्ठभूमि में उनका यह कहना कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं, उनकी राजनीतिक गंभीरता को और कमजोर करता है। क्या उन्हें ये भान नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र कोई स्वतः जीवित रहने वाली व्यवस्था नहीं है? यह निरंतर सजगता, संघर्ष और संस्थागत मजबूती से चलता है। न्यायपालिका, मीडिया और जनता के साथ-साथ विपक्ष इसका अभिन्न हिस्सा है। जब विपक्ष का सबसे बड़ा नेता यह जिम्मेदारी अपने कंधों से उतार देता है और उसे युवाओं या जनता पर डाल देता है, तो लोकतंत्र के प्रहरी की जगह खाली हो जाती है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि देश के युवा और जनरेशन-जेड लोकतंत्र बचाएंगे। निस्संदेह युवा किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं, लेकिन क्या केवल युवाओं पर यह जिम्मेदारी डालकर नेता प्रतिपक्ष स्वयं को मुक्त कर सकते हैं? नेता का काम युवाओं को नेतृत्व देना है, उन्हें दिशा दिखाना है, न कि अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटकर उन्हें सत्ता से लड़ाने-भिड़ाने के लिए छोड़ देना! उनके इस बयान के बाद यदि भारतीय जनता पार्टी और सत्ता पक्ष ये कहें कि कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है और भारत को नेपाल या बांग्लादेश जैसी स्थिति में ले जाना चाहती है तो वे क्या गलत कह रहे हैं? यह आरोप राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा भर नहीं हैं।



# राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा और पदोन्नति के योग हैं।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# भारत बनाम अमेरिका, रिश्तों की नई इबारत

संजीव ठाकुर

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के शुरुआती दिनों में 1947 से 1964 तक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच संबंध कभी गर्मजोशी से भरे तो कभी अविश्वास से ग्रस्त रहे। भारत और अमेरिका के बीच समानांतर स्थाई मित्रता कभी कभार ही देखने को मिली है। भारत की शांतिपूर्ण गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान-समर्थक रणनीति इस रिश्ते की सबसे बड़ी बाधाएँ थीं,फिर भी लोकतंत्र के साझा मूल्यों और खाद्यान्न व सैन्य सहयोग ने संवाद को जीवित रखा। 1962 का भारत-चीन युद्ध एक ऐसा मोड़ साबित हुआ जिसने दिखा दिया कि जब हित टकराएं तो दूरी रहती है, लेकिन जब जरूरत पड़े तो दोनों साथ भी खड़े हो सकते हैं। 1947 से 1953 भारत की स्वतंत्रता के समय व्हाइट हाउस में हैरी एस. ट्रूमैन थे। उनका ध्यान यूरोप के पुनर्निर्माण और सोवियत संघ को रोकने पर था।

अमेरिका चाहता था कि भारत अमेरिका के साथ रूस के विरोधी खेमे में शामिल हो जाए किन्तु नेहरू जी ने रूस के विरुद्ध किसी भी सैन्य गठबंधन और किसी भी समझौते से दूरी बनाये



रखी थी जिससे अमेरिका भारत के संबंधों में निराशा हुई और जिसके कारण भारत और अमेरिका दोनों देशों के रिश्ते शुरुआती वर्षों में औपचारिक ही रहे। 1953 से 1963 ड्वाइट डी. आइजनहावर के कार्यकाल में भारत अमेरिकी रिश्तों में कुछ गर्माहट आई थी, 1959 में वे भारत आए और संसद को संबोधित करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने। खाद्यान्न संकट के दौरान पीएल 480 योजना के अंतर्गत अमेरिका ने भारत को बड़ी मात्रा में गेहूँ उपलब्ध करा कर खाद्यान्न संकट में मदद की थी।

लेकिन दूसरी तरफ इसी दौर में अमेरिका पाकिस्तान को भरपूर सैन्य और आर्थिक मदद भी दे रहा था। जिसके फ्लस्वरुप पाकिस्तान भारत पर आक्रमण की तैयारी में लग गया था यह भारत के लिए गहरी चिंता और सैनिक परेशानियों का का कारण बन गया था। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद 2014 से अब तक अमेरिका में राष्ट्रपति बराक ओबामा,जो बाईडेन और फिर दोबारा डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने तक भारत के संबंध अमेरिका से काफी मधुर रहे हैं। किंतु डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के कुछ समय पश्चात डोनाल्ड ट्रंप भारत के लिए अविश्वसनीय राष्ट्रपति बन गए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप का झुकाव अचानक पाकिस्तान की तरफ अपने निजी हितों के कारण ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण भारत पर भारत से अमेरिका में आयातित आवश्यक सामग्रियों पर 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित कर दिया है, जिसका बड़ा कारण भारत द्वारा रुस से कच्चा तेल खरीद कर उसे परिष्कृत कर यूरोपीय राष्ट्रों को बेचना बताया गया है। जिससे भारत तथा अमेरिका के रिश्ते मैं काफी खटास आ गई है और भारत के लिए एक आर्थिक संकट उभर कर सामने आ गया है। इधर चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में भारत, रूस और चीन एक ही मंच पर नए गठबंधन में खड़े दिखाई दिए इस नई साझेदारी से डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय देशों में बेचैनी काफी बढ़ गई है। पूर्व में पिछले दो दशकों से भारत एवं अमेरिका वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रहे थे। पिछले कुछ दशकों में यह संबंध केवल कूटनीति और सुरक्षा तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति तक विस्तारित हुए हैं। यही कारण है कि इन रिश्तों के भविष्य को लेकर लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी बहस और विश्लेषण होता रहा है। वर्तमान में भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदार समझता एवं मानता है। अमेरिका ने भारत को ÷ मेजर डिफेंस पार्टनर का दर्जा दिया है। दोनों देशों के बीच रक्षा सौदे, सैन्य अभ्यास और तकनीकी हस्तांतरण जैसे मुद्दों पर सहयोग लगातार गहराता और आगे बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भी दोनों तत्परता से एक दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। अमेरिका और भारत शिक्षा और संस्कृति भी रिश्तों की अहम कड़ी बने हैं। भारतीय छात्रों की सबसे बड़ी संख्या अमेरिका में पढ़ाई करतें है, जो दोनों समाजों के बीच मानवीय और सांस्कृतिक पुल का काम करती है। परंतु ताजा खबरों के हिसाब से शिक्षा के लिए भारत से जाने वाले छात्रों पर बड़ी रकम आवर्जन के लिए तय कर दी है जिससे छात्रों को और भारत सरकार को बड़ी आर्थिक हानि होने का अंदेशा भी है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लगातार प्रगति तथा उन्नती पर हैं। अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यातक बाजार है। वहीं, अमेरिका की कंपनियाँ भारत को उसकी विशाल जनसंख्या को मद्देनजर रख एक उभरते हुए विशाल उपभोक्ता बाजार के रूप में देखती हैं। चीन पर भारत की निर्भरता कम करने की वैश्विक रणनीति में अमेरिका तथा यूरोपीय देश भारत को विशेष स्थान देने लगे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का बढ़ता दबदबा भारत और अमेरिका को करीब ला रहा है। संयुक्त अभ्यास, हथियार निर्माण और साइबर सुरक्षा में सहयोग इस दिशा को और मजबूत बना सकता है। एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। डिजिटल इंडिया और सिलिकॉन वैली का मेल इनोवेशन को नई दिशा दे सकता है।ग्रीन टेक्नोलॉजी और स्वच्छ ऊर्जा निवेश आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी को वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका में ला सकते हैं। नेट-जीरो लक्ष्यों की ओर बढ़ते कदम इसमें महत्वपूर्ण रहेंगे। हालांकि रिश्तों में चुनौतियों की कमी नहीं है। टैरिफ, बौद्धिक संपदा अधिकार और बाजार पहुँच को लेकर मतभेद बने हुए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# आज से शारदीय नवरात्र का उत्सव शुरू

## खबरें एक नजर में

### मां के दरबार की तैयारियां पूरी, आज होगी प्रतिमाओं की स्थापना



**बिजुआ (खीरी)।** ग्राम पंचायत गोंधिया में नवरात्र महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दर्जनों कार्यकर्ता दिन-रात जुटकर मां दुर्गा के भव्य दरबार को अंतिम रूप दे रहे हैं। बांस और बल्लियों के सहारे बने दरबार में ऊंची-नीची पहाड़ियों और गुफाओं का आभास कराया गया है। श्रद्धालु दुर्गम रास्तों से गुजरकर मां के दर्शन करेंगे। आयोजकों ने बताया कि दरबार को भव्य और आकर्षक रूप देने में कार्यकर्ताओं ने पूरी कर्मठता से योगदान दिया है। आज प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ होगा। नौ दिनों तक दरबार में प्रतिदिन जागरण और सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। तिथि अनुसार कन्या भोज और भंडारे का आयोजन भी होगा। समापन पर मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

### बाढ़ के कहर से आधा दर्जन आशियाने नष्ट, ग्रामीणों ने लगाई गुहार



**धौरहरा (खीरी)।** घाघरा नदी के लगातार कटान से धौरहरा तहसील क्षेत्र के कई गांव तबाही की चपेट में हैं। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे चकदहा, बल्लापुरवा और अहिरनपुरवा के ग्रामीणों ने एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि को ज्ञापन सौंपकर कटान रोकने की गुहार लगाई। ग्रामीण अजय कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, अमरपाल, सुरजपाल व कायम ने बताया कि अब तक गोले, राजाराम, भगौती, विश्वभर, रंगवी और सुंदर समेत कई ग्रामीणों के आशियाने और झोपड़ियां घाघरा में समा चुकी हैं। वर्तमान में कटान की जद में आने से शेष बचे गांवों पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से बाढ़ खंड को सक्रिय किया जाए और बची हुई बस्तियों को नदी के कटान से बचाया जाए। इस पर एसडीएम धौरहरा ने बाढ़ खंड को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### गायत्री इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ रक्तदान महायज्ञ, 40 लोगों ने किया रक्तदान



**निघासन (खीरी)।** परम वंदनीय माताजी की 99वीं जयंती एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को कस्बे के गायत्री इंटर कॉलेज में प्रांतीय रक्तदान महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर क्रांति रक्तदान शिविर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और स्थानीय लोगों ने भागीदारी निभाई। शिविर का संचालन सार्थक चैरिटेबल ब्लड सेंटर, लखनऊ की टीम ने किया। टीम में सचिन यादव, अनूप मौर्य, जय किशोर, ध्यान चौधरी, अभिनव, प्रियांशु, जितेंद्र कुमार यादव और मोहम्मद समशाद शामिल रहे। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सार्थक चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से प्रमाण पत्र और गायत्री शक्तिपीठ की ओर से अंगवस्त्र प्रदान किए गए। रक्तदान करने वालों में गायत्री ग्रुप्स ऑफ स्कूल के प्रबंधक यज्ञभूषण सिंह, पिंकी सिंह, दामोदर वर्मा, डॉ. आशीष गुप्ता, सतीश गुप्ता, शिवा गुप्ता, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीनाक्षी रानी, वार्डन सोनल गुप्ता, आदर्श, प्रभांशु, विनीत, अजीत कुमार, सुनील कुमार, जय प्रकाश वर्मा, डॉ. राजकुमार, सुभाष, विवेक वर्मा, आशीष, रवि, लक्ष्मी नारायण, अवधेश कुमार वर्मा, शुभम मिश्रा समेत करीब 40 लोगों ने रक्तदान किया। शाम तीन बजे तक चले इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का संदेश दिया।

### मत्स्य पालकों की समस्याओं को लेकर एसो. की बैठक सम्पन्न



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम जलालपुर स्थित पंचायत भवन में रविवार को मत्स्य कल्याण एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक अहम बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र कनौजिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पट्टेदार मत्स्य पालक शामिल हुए और अपने अनुभव व समस्याएं साझा कीं। बैठक में सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय मांग पत्र तैयार कर शासन व प्रशासन को भेजा गया, जिसमें मत्स्य पालन से जुड़ी जमीनी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की गई है।1. मत्स्य पालकों को समय पर पट्टा नवीनीकरण की सुविधा दी जाए।, 2. बिजली दरों में छूट प्रदान की जाए।, 3. मत्स्य बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।, 4. बाढ़ व अन्य आपदाओं से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए, 5. बाजार में उचित मूल्य दिलाने हेतु सरकारी हस्तक्षेप हो।, 6. अवैध शिकार पर सख्त कार्यवाही हो।, 7. मत्स्य पालन हेतु सिंचाई विभाग की भूमि का पुनः पट्टाकरण हो।, 8. मत्स्य पालकों को किसान की मान्यता मिले।, 9. मछली विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण व ऋण सुविधा की व्यवस्था हो। बैठक में वक्ताओं ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मत्स्य पालकों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करेंग। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन की अगली महत्वपूर्ण बैठक 6 अक्टूबर को ग्राम सिकंदराबाद, ब्लॉक कुम्भी, जिला लखीमपुर खीरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गिरजा शंकर कल्पन कवि ने संचालन करते हुए कहा कि संगठन मत्स्य पालकों की आवाज बनकर हर मंच पर संघर्ष करेगा। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार कश्यप, सचिव राज कुमार, राजेश कुमार, सुशील कुमार शर्मा, मोतीलाल, नैपाली, राधेश्याम, मूलचंद, सूरज, रामगोपाल कश्यप सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### देशभक्ति से सराबोर हुआ गोला गोकर्णनाथ, पूर्व सैनिक सेवा परिषद का चौथा वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नगर में रविवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का चौथा वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से लेकर समाजसेवियों और भूतपूर्व सैनिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक अमन गिरी ने अनुशासन और समय के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला, संरक्षक राजेश्वर सिंह, वायु सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी अरविंद दीक्षित, समस्या समाधान समिति के रजनीश गुप्ता, समाजसेवी राम जी रस्तोगी, प्रमुख व्यापारी केशव अग्रवाल, नगर कोतवाल अम्बर सिंह, नानक चौकी प्रभारी योगेश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे। भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक राजेश्वर सिंह और अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम को शानदार ढंग से आयोजित किया गया। उपाध्यक्ष जगदेव सिंह, महामंत्री देव प्रकाश, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार, कार्यालय प्रभारी गजेंद्र प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी निरंकार वर्मा सहित सभी पदाधिकारी कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका में नजर आए। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी आगंतुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वायु सेवा से निवृत्त अधिकारी अरविंद दीक्षित द्वारा लगाए गए जय हिंद के नारों ने समारोह स्थल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं नगर के प्रथम सेवक विजय शुक्ला ने सैनिकों को त्योहारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए जा रहे विशेष सम्मान की बात रखी।

### आज से श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं से ओतप्रोत श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज सोमवार 22 सितंबर से होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत गणेश पूजन और ध्वजारोहण की विधिपूर्वक रस्म से की जाएगी। रामलीला कमेटी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, महोत्सव का समापन शुक्रवार 3 अक्टूबर को भारत मिलाप एवं राजगद्दी कार्यक्रम के साथ होगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन भगवान श्रीराम के जीवन की लीलाओं का मंचन मर्यादा और धार्मिक विधि-विधान के साथ किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 23 सितंबर को शिव विवाह, 24 सितंबर को नारद मोह एवं रावण तपस्या, 25 सितंबर को राम जन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और जनकपुर दर्शन का मंचन होगा। 26 सितंबर को धनुष भंग, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और राम विवाह, 27 सितंबर को कैकेई संवाद, राम वनवास और केवट प्रसंग, 28 सितंबर को दशरथ मरण, भरत मिलाप व पंचवटी दर्शन, 29 सितंबर को सीता हरण, जटायु मरण और राम-सुग्रीव मित्रता, 30 सितंबर को लंका दहन, रावण-अंगद संवाद और रामेश्वर स्थापना, 1 अक्टूबर को लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध व लक्ष्मण शक्ति, 2 अक्टूबर को कुम्भकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण वध व दशहरा और 3 अक्टूबर को भारत मिलाप व राजगद्दी का आयोजन किया जाएगा। रामलीला मंचन का समय प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक रखा गया है, जबकि रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक रासलीला का आयोजन होगा। महिलाओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है।

---

## 10 दिनों तक बांकेगंज में रहेगी धूम

**बाँकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बांकेगंज में मां दुर्गा की पूजा का महा उत्सव शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर सोमवार से शुरू हो रहा है। 2 अक्टूबर को दुर्गा नवमी के साथ नवरात्रि का समापन होगा। इस बार ये पर्व 9 नहीं, 10 दिनों का होगा। ये अद्भुत संयोग लगभग 9 साल बाद बन रहा है। इससे पहले 2016 में भी नवरात्रि 10 दिनों की थी। आज से शारदीय नवरात्रि का भव्य उत्सव शुरू हो रहा है। आज के दिन माता रानी हाथी पर सवार होकर भक्तों के बीच प्रवेश करेंगी। दस दिन तक चलने वाले इस नवरात्रि महोत्सव में भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। भक्त बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लेंगे। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के ज्योतिषाचार्य पं. रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि इस नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन गज यानी हाथी पर होगा। यह जलवृष्टि का संकेत है। जगत जननी मां का प्रस्थान एक अक्तूबर को मनुष्य के कंधे पर होगा। यह सुखद संकेत है।

यह नवरात्र लोगों के लिए सुख, समृद्धि, धन, धान्य से परिपूर्ण होगा। नवरात्र में नौ दिनों तक अलग-अलग मां के नौ स्वरूपों की स्तुति की जाती है, जिसका फल विभिन्न प्रकार से मिलता है। देवी मंदिरों से लेकर घरों तक भक्त मां की स्तुति सुबह-शाम करते है। दोनों पहर देवी गीत गाए जाते हैं। इस साल नवरात्र पर शुक्ल और ब्रह्म योग, उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र और हस्त योग का विशेष संयोग बन रहा है। इसमें मां की पूजा करने से सुख, सौभाग्य में वृद्धि होती है।

### पूरे दिन रहेगी प्रतिपदा तिथि



ज्योतिषाचार्य रामदेव मिश्र शास्त्री

ज्योतिषाचार्य पं. रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि सोमवार को प्रतिपदा तिथि सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगी। इस दौरान साधक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय कलश स्थापना कर सकते हैं। नवरात्र का प्रथम यानी चढ़ती व्रत 22 सितंबर को रखा जाएगा। अष्टमी का व्रत 30 सितंबर को होगा। एक अक्तूबर को नवमी तिथि में हवन-पूजन होगा। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले साधक दो अक्तूबर को दोपहर ढ़ाई बजे के बाद व्रत का पारण करेंगे।

### नवरात्र की आहट से गुलजार हुए बाजार, पूजन सामग्री की खूब हुई खरीदारी



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत से पहले ही नगर में भक्तिभाव का माहौल बन गया है। रविवार को बाजारों में व्रत व पूजन सामग्री की खरीददारी को लेकर जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। पितृपक्ष की समाप्ति के साथ ही शुभ कार्यों का आरंभ हुआ, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा की साधना और उपवास से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते पहले दिन से ही लोगों ने व्रत रखना शुरू कर दिया है। इसके चलते नगर के प्रमुख बाजारों में हवन सामग्री, चुनरी, कलावा, धूप-अगरबत्ती, बताशे, फल व फलाहारी वस्तुओं की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ। बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानों पर सिंघाड़े व कुट्टू के आटे के साथ-साथ मौसमी फलों की भी अच्छी बिक्री हुई। केले, सेव और अनार जैसे फलों के दामों में थोड़ी वृद्धि जरूर दर्ज की गई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था के आगे यह मामूली बात साबित हुई। शाम तक बाजारों में रौनक बनी रही। दुकानदारों के चेहरों पर भी खरीदारों की भीड़ देखकर संतोष नजर आया। नगर में नवरात्र का उल्लास हर ओर दिखाई देने लगा है।

## गन्ना किसानों की गुहार- महेशपुर गन्ना सेंटर को गोला चीनी मिल से जोड़े रखने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

महेशपुर गन्ना केंद्र से जुड़े सैकड़ों किसान इस बार एक बार फिर अपनी गुहार लेकर गन्ना समिति गोला के सचिव महोदय के समक्ष पहुँचे। किसानों की स्पष्ट मांग है कि आगामी गन्ना पेराई सत्र 2025-26 में महेशपुर गन्ना सेंटर को पूर्व की भांति गोला चीनी मिल से ही जोड़ा जाए। किसानों का कहना है कि गोला मिल में समय से पर्चियां मिल जाती हैं और गन्ने की आपूर्ति भी सुचारू रूप से होती है, जिससे उन्हें अपने खेत समय से खाली करने का अवसर मिल जाता है। इस कारण वे गेहूं, लाही जैसी रबी फसलों की बुवाई समय पर कर लेते हैं और अतिरिक्त आमदनी भी सुनिश्चित होती है। गोला मिल की पेराई क्षमता अधिक है, जिससे गन्ना बिना देरी के तौल हो जाता है। पर्चियों के वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता गोला मिल की बड़ी विशेषता है। यदि गन्ना आपूर्ति कुंभी मिल को कराई जाती है, तो वहां की व्यवस्था किसानों के अनुसार धीमी और अव्यवस्थित है। इससे रबी फसलों की बुवाई में देरी होती है और किसानों की आय प्रभावित होती है। किसानों ने सचिव को एक सामूहिक आवेदन सौंपा है, जिसमें प्रमुख रूप से गौरव शर्मा, आशाराम, माखन लाल, निर्मल कुमार, सुनील कुमार, प्रेमराज, राम नरेश, चन्द्रभान, सचिन कुमार, नितिन कुमार, ज्ञानचन्द, अंकित कुमार, मनोज कुमार, भगवानदीन सहित लगभग 25 से अधिक किसानों के हस्ताक्षर हैं। किसानों का कहना है कि गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि हमारे पूरे साल की मेहनत और आशा का केंद्र है। यदि पेराई में देरी हुई या पर्चियां समय से नहीं मिलीं, तो दूसरी फसलें बर्बाद हो जाएंगी और कर्ज का बोझ बढ़ जाएगा।किसानों ने गन्ना समिति गोला और जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि उनके हितों को प्राथमिकता दी जाए और महेशपुर गन्ना सेंटर को गोला चीनी मिल से ही यथावत जोड़ा जाए।

## कछुआ गति से हो रहा सड़क निर्माण, मोहल्लेवासी परेशान



**ओयल (खीरी)।** कस्बे के मोहल्ला शिवाला में मेढक मंदिर से दीक्षित के मकान तक पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत आरसीसी रोड निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। करीब एक माह बीतने के बावजूद अब तक केवल 75 मीटर क्षेत्र में नालियों का निर्माण ही हो पाया है। सड़क खोदी पड़ी है, जिससे मोहल्लेवासियों और प्रतिदिन मेढक मंदिर पहुंचने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री उपलब्ध न कराने के कारण कार्य अधर में लटका है। पांच दिन पूर्व खोदे गए बड़े नाले की स्थिति भी जस की तस बनी हुई है। अव्यवस्था और धीमी कार्यप्रणाली विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदारः** इस संबंध में संपर्क करने पर पीडब्ल्यूडी के जेई विकास कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जब वे जांच हेतु आए थे तब कार्य ठीक चल रहा था। वर्तमान स्थिति की जानकारी वे संबंधित ठेकेदार से करेंगे।

## शारदा नदी में नहाते समय किशोर डूबा, गांव में मातम



**बिजुआ (खीरी)।** शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे शारदा नदी में नहाते समय 13 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना भीरा थाना क्षेत्र के कचनारा गांव की है। मृतक की पहचान शिवम (13) पुत्र हीरालाल के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, शिवम अपने दो साथियों के साथ नदी में नहा रहा था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथी बच्चे शोर मचाने लगे तो मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और गांव वालों की मदद से तलाश अभियान शुरू कर दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। वहीं, घर में मासूम बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, लोग घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

## कार से दो लाख का प्रतिबंधित तंबाकू बरामद, चालक कस्टम के हवाले



**पलिया कलां (खीरी)।** एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पलिया क्षेत्र में करीब दो लाख रुपये का प्रतिबंधित तंबाकू पकड़ा गया। कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन पर रविवार को 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पलिया की सीमा चौकी बनकटी ने थाना गौरीफंटा पुलिस के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई सीमा पिलर संख्या 749 से लगभग 3.1 किलोमीटर भारत की ओर डिगनिया मोड़ पर की गई। इस दौरान मारुति सुजुकी कार (UP31BM6415) की तलाशी में सुपर पॉवर तंबाकू के 1300 छोटे पैकेट, रजनीगंधा के 520 पैकेट, तुलसी तंबाकू के 500 पैकेट, स्नो पीक के 20 पैकेट और शेर/201/बहादुर बीड़ी के 100 पैकेट बरामद किए गए। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आदित्य गुप्ता (23) पुत्र विवेक गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार-01 थाना पलिया कलां बताया। वह जब्त किए गए प्रतिबंधित तंबाकू से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने कार और प्रतिबंधित माल कब्जे में लेकर चालक को कस्टम कार्यालय पलिया के सुपुर्द कर दिया।

## श्रद्धा और आस्था के संगम में संपन्न हुआ पितृ विसर्जन

**घाटों पर उमड़ी अपार भीड़, तर्पण व दान-पुण्य में लीन रहे श्रद्धालु**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को पितृ पक्ष का समापन श्रद्धा और आस्था के अनूठे संगम के साथ पितृ विसर्जन पर हुआ। सुबह से ही जिलेभर के घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति हेतु मंत्रोच्चार के बीच तर्पण, पिंडदान व दान-पुण्य में लीन रहे। वातावरण पूर्णतः भक्ति, श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत दिखाई दिया। मितौली, धौरहरा, मोहम्मदी, गोला गोकर्णनाथ और लखीमपुर शहर के सरयू, गोमती, कठिना व शारदा तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मैगलगंज क्षेत्र से निकली आदि गंगा गोमती का मढिया घाट और मितौली क्षेत्र का रतहरी स्थित पौराणिक कस्टहरण घाट पर भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पितरों का तर्पण किया और पितृदेवों को नमः का सामूहिक जाप गूंजता रहा। परंपरानुसार श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों को भोजन कराया और अन्न, वस्त्र व दक्षिणा का दान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब और नदियों के किनारे भी लोग तर्पण कर पितरों का स्मरण करते रहे। घर-घर में विशेष पकवान बनाकर उन्हें पितरों को अर्पित किया गया। घाटों पर भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। बैरिकेडिंग से यातायात नियंत्रित किया गया। जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती से श्रद्धालुओं ने निर्भय होकर स्नान व तर्पण किया। एम्बुलेंस सेवाएं भी घाटों के आसपास उपलब्ध कराई गईं।

हेतु संदर्भित करने की सूचना
न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार, मुसाफिरखाना, अमेठी
वादी प्रमोद कुमार आदि
बनाम
सियापति उर्फ श्रीपति प्रतिवादी
(1.सतीश, 2.संदीप, 3.सत्यम पुत्रगण बैजनाथ 4.श्रीमती कुसुमा पत्नी बैजनाथ निवासी ग्रामः पिंडारा ठाकुर, परगना व तहसील-मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी)

चूंकि उपरिनामांकित वादीगण ने इस न्यायालय में प्रा.पत्र प्रतिस्थापन हेतु आवेदन किया है। अतः आपको एतत द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के 2025 के दिवस 25/09/2025 को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और आधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित आज 2025 के माह 09 दिवस 18 को निकाली गई।

आज्ञा से न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार, मुसाफिरखाना, अमेठी

## अचलपुर चौधरी बाजार में सूखा आम का पेड़ बना दुर्घटना का सबब, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**सादुल्लानगर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रेहराबाजार-सादुल्लानगर मार्ग पर स्थित अचलपुर चौधरी बाजार में सड़क किनारे खड़ा आम का सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। पेड़ की डालियाँ सड़ चुकी हैं, जो आए दिन टूटकर सड़क पर गिरती रहती हैं। स्थानीय बाजारवासियों ओम प्रकाश, मलखान, राजेश, हरिहर प्रसाद गुप्ता, राहुल, अजय व रामू का कहना है कि यदि समय रहते इस पेड़ को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं और पेड़ की कमजोर डालियाँ अक्सर टूटकर गिर जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लोग इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई कर सूखे पेड़ को हटवाने की मांग की है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को किसी तरह की दुर्घटना का शिकार न होना पड़े। रेंजर सादुल्लानगर बीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जल्द ही सूखे पेड़ कटवा कर नए पेड़ लगवाया जाएगा ।

## राम लीला मंचन के संबंध सोमनाथ मंदिर बैठक कर बनाई गई रणनीत



**बलरामपुर।** विकासखंड श्रीदत्तगंज के श्री सोमनाथ मंदिर पर दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर परंपरागत तरीके से होने वाले श्रीरामलीला का मंचन के लिए श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में 88 वें वर्ष की बैठक कार्यवाही हुई जिसमें महंत जितेन्द्र वन, योगेन्द्र वन अध्यक्ष अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष कामता प्रसाद मौर्या, उपाध्यक्ष भूपाल कौशल, जवाहर लाल कौशल, मनीष गुप्ता, महामंत्री दीनदयाल जायसवाल, गोमती प्रसाद जायसवाल, प्रेम प्रकाश जायसवाल, पृथ्वीनाथ जायसवाल, सूर्य प्रकाश पाठक, सिद्धार्थ पटवा, मनीराम, अशोक कुमार आदि लोग शामिल रहे।

पेशी-22/9/25 गांटा संख्या. 2343/0.607 है।
विभाजन हेतु - एफ0सी0जे0 फार्म नं0 13 भाग,। धारा 116 रा0सा0
हेतु संदर्शित की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय परगनाधिकारी (न्यायिक) स्थान गोला जिला खीरी
वाद संख्या 194

रामगीता
बनाम भूपेश
प्रतिवादी
1.भूपेश कुमार पुत्र शिवचन्द्र
2.देवेश कुमार पुत्र स्व.जमुना प्रसाद
3.राजेश कुमार पुत्र स्व.जमुना प्रसाद
4. सर्वेस कुमार पुत्र स्व.जमुना प्रसाद
5. अखिलेश कुमार पुत्र स्व. जमुना प्रसाद
6. रामबेटी पत्नी स्व0 जमुना प्रसाद
7. ममत्ता गुप्ता पत्नी जोगेश कुमार
8. जोगेश कुमार पुत्र राकेश चंद्र
9 .भुवनेश कुमार पुत्र राकेश चंद्र
10. योगेश कुमार पुत्र राकेश चंद्र
11. राकेश चन्द्र पुत्र भगौती प्रसाद
12. प्रेमचन्द्र पुत्र शंभू दयाल
13. परवेश चन्द्र पुत्र शंभू दयाल
14. हरि प्रसाद पुत्र पुत्तूलाल समस्त निवासीगण बिजुआ तहसील गोला जिला लखीमपुर खीरी
15. ग्राम सभा बिजुआ द्वारा ग्राम प्रधान बिजुआ परगना भूड़ तहसील गोला खीरी।
16:उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय लखीमपुर खीरी।
नि बिजुआ पर0 भूड़

ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि..........अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिये 2025 के. 09 /22 दिवस को.. 2 बजे पूर्वान्ह में स्वंय या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकल गई।

न्यायालय श्रीमान परगना अधिकारी महोदय (न्यायिक) गोला गोकर्णनाथ खीरी।

रामगीता पत्नी भूपेश आदि धारा-1163.9.रा. सा.2006 वाद संख्या 194

गाटा संख्या -2343/0.607 हे. में विभाजन हेतु वाद दायर किया गया है।

अखिलेश कुमार पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद देवेशकुमार पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद सर्वेश कुमार पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद।

**कला क्राफ्ट एवं पेप्टरी प्रतियोगिता**

## अध्यापिका प्रतिमा यादव ने प्रथम और पूनम मिश्रा द्वितीय ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बलरामपुर।** सहादुल्ला नगर डायट में आयोजित कला क्राफ्ट एवं पेप्टरी प्रतियोगिता में क्षेत्र की अध्यापिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया।कम्पोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन से सहायक अध्यापिका प्रतिमा यादव ने विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय रंकीबदलपुर की सहायक अध्यापिका पूनम मिश्रा ने गणित वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बीएसए शुभम शुक्ल ने बताया कि जनपद में पांच लोगो को पांच विषयो में प्रथम आने वाले को प्रदेश में जाने का मौका मिलेगा। खंड शिक्षा अधिकारी रेहरा बजार भारत लाल गुप्ता के साथ प्रधानाध्यापक अहमद अखलाक आलम, सहायक अध्यापक हाजिरा खातून, देवसागर, विभा सिंह आदि ने दोनों अध्यापिकाओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बक्सरिया से डुमरियागंज जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील, आवागमन बाधित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बक्सरिया से भड़रिया पुल तक डुमरिया गंज हाइवे पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। आज पहली बार नहीं बने हैं बल्कि ऐ गड्ढे कई वर्ष पुराने हैं। सरकार का गड्ढा मुक्त आदेश को गाहे बगाहे का पालन औपचारिक तौर पर कर दिया जाता है अगले माह तक फिर वही गड्ढे विकराल रूप लेकर राहगीरों को दर्द देते रहते है। अभी बक्सरिया में कुछ दिन पूर्व एक आदमी पानी भर जाने से गड्ढे का आकलन नहीं कर सका और गिर गया जिसको गहरी चोटे आई। किंतु जिम्मेदार अधिकारी गड्ढा मुक्त के नाम पर खाना पूर्ति करनें के अलावा कुछ नहीं करते।बक्सरिया, पिपराराम, हसीनपारा, चिरकुटिया, पुरैना बुलंद, बांक चौकी, महुआ बाजार, बौडीहार, तक सिर्फ गड्ढे ही दिखते हैं। राहगीर कामेश मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत शोएब अहमद ने बताया कि कुछ गड्ढों में ईट बालू और कुछ गड्ढों को मिट्टी से पाट दिया जाता हैं जो कुछ ही दिनों में गाड़ियों के आने जाने से सड़क उसी स्थिति में हो जाया करता हैं। बक्सरिया के पास पटरी इतनी गहरी हो गई है जिसके कारण कई बार ई रिक्शा सवारी को लेकर पलट जाते है। इसी तरह पिपरा राम से तिलखी बढ़या, तक, बक्सरिया से तिलखी बढ़या तक सड़क में गड्ढे बन चुके है जिसमें दुर्गापूजन में मूर्ति ले जाने और विसर्जन के दौरान काफी दिक्कत हो सकती हैं। लोगो ने सासन प्रशासन से अविलंब सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करवाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### महिला के कहने पर पति ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी जनपद निवासी एक महिला के कहने पर पति द्वारा मार पीटे जाने का आरोप महिला ने लगाया है । पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के बीजापुर गांव निवासी विजय लक्ष्मी पाठक ने दी गई तहरीर में अपने पति पर दूसरी महिला के कहने पर रविवार को मारपीट करने का आरोप लगाया । बताया कि उसका पति रोज शराब पीकर मारता पीटता है और उसे व उसकी दो पुत्री को गंदी-गंदी गाली देता है। यह भी आरोप लगाया है कि महिला के कहने पर उसके पति ने कई बार जान से मारना चाहा, परंतु हर बार बच्चों की वजह से उसकी जान बचती आई है। महिला ने कहा कि यदि उसकी जान जाती है तो उसकी मौत के लिए उसके पति और दूसरी महिला जिम्मेदार होगी।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से भाई-बहन घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार ईको गाड़ी द्वारा टक्कर मार देने गांव से हैदरगढ़ आ रहे भाई बहन घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के मेहरबान पुरवा मजरे बरांवा निवासी साकिर अली पुत्र लाल मोहम्मद अपनी बहन अनीशुल के साथ कुछ काम से हैदरगढ़ आ रहा था। कि तभी लघुशंका लगने पर बरांवा गांव के निकट रुककर पेशाब करने के बाद मोटरसाइकिल के पास रूक गया कि तभी तेज रफ्तार ईको गाड़ी टक्कर मारते हुए चली गयी। गाड़ी की टक्कर से भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस इको गाड़ी नंबर यूपी 32 एल यू 9736 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र की एक पीड़ित मां ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है।जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र की एक पीड़ित मां ने थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री को गांव के एक युवक द्वारा लगभग एक सप्ताह पूर्व बहला फुसलाकर भगा कर ले जाया गया था।जिसे अब उस ने लाकर छोड़ दिया गया है।मेरी पुत्री को भगाने में युवक के परिवार की कुछ महिलाओं का भी हाथ है।मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दुर्घटना में घायल रोडवेज बस चालक की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के दिग्विजयपुर निवासी शिवबहादुर पुत्र रामपाल रोडवेज बस में संविदा ड्राइवर थे। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान रविवार दोपहर 3 बजे मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतक के चचेरे भाई अजय कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी दिग्विजयपुर ने थाने में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि चचेरे भाई शिवबहादुर 40 वर्ष रोडवेज बस में संविदा चालक थे। 17 सितंबर को रोडवेज बस लेकर लखनऊ से कानपुर आ रहे थे, नवाबगंज टोल प्लाजा के पास ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने उनकी बस में टक्कर मार दी जिससे शिवबहादुर गंभीर घायल हो गए थे। सीएचसी नवाबगंज में प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर में भर्ती कराया रविवार सुबह कानपुर से जवाब होने के बाद परिजन रायबरेली एम्स ले जा रहे थे। दोपहर 3 बजे रास्ते में शिवबहादुर की मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि चचेरे भाई की सूचना पर पोस्टमार्टम भेजा जा रहा है। मृतक की पत्नी उषा देवी, 22 वर्ष की पुत्री पारुल तथा 19 वर्षीय बेटा शिवा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जहरीले सांप के डसने से युवती व किशोर की मौत

**उन्नाव।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जहरीले सांप के डसने से युवती व किशोर की मौत हो गई। अचानक हुई घटनाओं से परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों की सूचना पर संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मवई निवासी जगदीश की 20 वर्षीय बेटी ज्योति शुक्रवार की रात घर पर थी तभी सोते समय उसकी कलाई पर किसी जहरीले सांप ने काट लिए। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल की जगह झाड़-फूंक के चक्कर में पड़े रहे। इससे शनिवार को उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। इसपर परिजन उसे अस्पताल लाए लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत से मां शांति, भाई रोहित, करन व छोटी बहन बेहाल रहीं। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वहीं सर्पदंश की एक अन्य घटना में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। दही थाना क्षेत्र के रामबक्शखेड़ा गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी खेत व छोटा बेटा व बेटी स्कूल गए थे। घर पर उसका बड़ा बेटा नागेश (16) घर पर था तभी उसे किसी सांप ने काट लिया। किसी काम से कमरे में पहुंचे बाबा रामप्रसाद ने उसे अचेत पड़ा देख अन्य परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसपर वह उसे सरकारी व दूसरे निजी अस्पताल लेकर भागे लेकिन सभी ने जांच के बाद उसे मृत बताया। इसपर देर रात तक परिजन झाड़-फूंक कराते रहे लेकिन सफलता न मिलने पर शव लेकर घर लौट आए। बेटे की मौत से मां लक्ष्मी बेहाल रहीं। नागेश दही चौकी स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा 9 का छात्र था और वह भाई वंश व बहन माही से बड़ा था। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि बाबा की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### लाइफसेवर्स ने भगत सिंह की जयंती पर रक्तदाताओं को किया सम्मानित



**उन्नाव।** रक्तदान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से कार्यरत सामाजिक संस्था लाइफसेवर्स आगामी 27 सितंबर को शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक भव्य रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। यह कार्यक्रम जिला अस्पताल उन्नाव के ब्लड बैंक में आयोजित होगा, जिसमें लगभग एक सैकड़ा रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारीगण तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान संस्था की ओर से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को क्रांति की ज्वाला, रक्तदान से उजाला कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया जाएगा। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदाता समाज के लिए सच्चे जीवनदाता होते हैं। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की जयंती पर रक्तदानियों का सम्मान करना, न केवल उनकी सेवाओं का आदर है, बल्कि समाज को प्रेरित करना भी है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति रक्तदान को अपने कर्तव्य के रूप में स्वीकार करे और एक स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग दे। यह बैठक संस्था की नियमित रक्तदाता एवं प्रमुख समाजसेविका निम्मी अरोड़ा के आवास पर आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर वेदप्रकाश साहू, अनुराग सिंह राठौर, निम्मी अरोड़ा, राहुल कश्यप, लवी गुप्ता, राहुल सिंह, शशांक तिवारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा की



**इटावा।** दर्पण पोर्टल विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस, स्वच्छ भारत मिशन, गौ संरक्षण, फैमिली आईडी कार्ड सहित अन्य सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने आईजीआरएस के अंतर्गत समाधान प्राप्त फीडबैक के विवरण पर विस्तृत चर्चा की एवं फीडबैक की स्थिति को खराब बताते हुए उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस और हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति को सुधारा जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति एवं ओडीएफप्लस ग्रामों की प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें ओडीएफका लक्ष्य 680 प्राप्त है, जिसपर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। शौचालय के रेट्रोफिटिंग की प्रगति 68.44 : है एवं प्राप्त लक्ष्य 145364 है, जिसपर ज्यादा से ज्यादा टूटे हुए शौचालयों की मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी एडीओ पंचायत को वर्मी कम्पोस्ट की प्रगति को बढ़ाए जाने हेतु एवं किसान, गौशाला के केयर टेकर व अन्य लोगों को वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देश दिए। तालाब की साफ-सफाई कराने हेतु एवं फिल्टर चेंबर पर ड्यूटी लगाने हेतु निर्देश दिए जिससे फिल्टर चेंबर पर कचरा इकट्ठा न हो एवं साफ-सफाई होती रहे। तरल अपशिष्ट में प्रबन्धन पर ध्यान देने हेतु निर्देश दिए। अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य एवं डिजिटल लाइब्रेरी के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पर्व-त्यौहार पर ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता का कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया। नवरात्र के पर्व दृष्टिगत सभी जगह मंदिरों के आस-पास एवं विसर्जन स्थल पर अभियान चलाकर साफ-सफाई कराए जाने हेतु निर्देश दिए। विसर्जन स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था अवश्य की जाए एवं भरथना एडीओ को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल के गड्ढे को बड़ा कराया जाए, जिससे मूर्तियों का विसर्जन करने पर किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियानः निकाली गई बाइक रैली, डीएम-एसपी ने किया शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति-5 के तहत महिला पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देते हुए भव्य बाइक रैली निकाली गई। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह बाइक रैली रिजर्व पुलिस लाइन बाराबंकी से प्रारम्भ होकर कम्पनी बाग (आईटीएसएस)- बस अड्डा- पटेल तिराहा- नाका - पल्हरी पहुंची, जहां से वापस होकर उसी मार्ग से होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत महिलाओं को निडर होकर आगे बढ़ने का वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा नजदीकी थाना/चौकी को दें एवं महिलाओं का सम्मान ही समाज का सम्मान है व महिला स्वावलंबन से ही वास्तविक सशक्तिकरण संभव है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विधानसभा हैदरगढ़ में बजरंग धर्म काटा पर समाजवादी पार्टी सेक्टर संयोजक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम मगन रावत ने की। बैठक में पीडीए और आगामी पंचायत चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। पूर्व विधायक राममगन रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। उनका लक्ष्य पार्टी की जीत सुनिश्चित करना और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव, युवा नेता पप्पू सिद्दीकी विधानसभा महासचिव धर्मेंद्र वर्मा और त्रिवेदीगंज ब्लॉक अध्यक्ष रामरूप रावत पूर्व सभासद अय्यूब खां वरिष्ठ नेता रमेश चौधरी, महेश चंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य रामदीन , डॉक्टर दिनेश वर्मा, शिवलाल यादव, राम खेर और कई अन्य स्थानीय नेताओं ने भी बैठक में हिस्सा लिया। सभी सेक्टर प्रभारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बेलहरा, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैया मार्ग पर स्थित पडुखा मोड पर बाइक सवार दो युवकों को कार ने सामने से जोरदार टक्टर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी फतेहपुर भेजा जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र अंतर्गत शिकारपुर निवासी डेविड गुजरात काम करने जा रहा था। उसका साथी सिद्धांत उर्फ छोटू बाइक से उसे छोड़ने बेलहरा जा रहा था तभी बेलहरा -चिरैया मार्ग पर स्थित पडुखा मोड पर तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक में जोरदार टक्टर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को बेलहरा में एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर रेफर कर दिया गया।

## तलाकशुदा महिला की हत्या के बाद शव का परिजनों किया अंतिम संस्कार

- पुलिस ने अर्थी को दिया कन्धा

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



महिला की हत्या के मामले फरार एक आरोपी शनिवार को देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ है। उसके पैर में गोली लगी है। जिला अस्पताल लाया गया। मृतका की भाई की तहरीर पर पुलिस ने घायल बदमाश समेत दो लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार को मृतका का शव गांव में आने पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने पुलिस बल के पहुंचकर मानवता दिखाते हुए अर्थी को कंधा दिया। मसौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शुक्रवार की दोपहर बाराबंकी शहर के विजय नगर चौराहा पर दवाएं लेने के लिए आई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। शनिवार को महिला का शव बेरिया गांव के पास शारदा सहायक समानांतर नहर में मिला। मौके पर मिले साक्ष्य से साफ था कि महिला की गला दबा कर हत्या की गई थी। साथ ही मौके पर मिले साक्ष्यों से यह भी लग रहा है कि उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया है। हालांकि दुष्कर्म मामले में पुलिस की जांच जारी है।

**मृतका के भाई की तहरीर पर केस दर्जः** महिला के देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। पुलिस को भी सूचना दी गई। इस बीच पता चला कि जहांगीराबाद थाना के अछेछा गांव का राजू पुत्र मोल्हे बुधेड़ा गांव की एक युवती व उसकी बहन को लेकर गया है। राजू वर्तमान में मृतका के गांव के सुनील वर्मा के घर पर ही रह रहा था। पीड़ित ने बताया कि वह सुनील के घर पहुंचा तो वहां राजू व वीपेंद्र मौजूद थे। उसे देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने वीपेंद्र को दबोच लिया। राजू फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**बदमाश ने पुलिस पर झोंका फायरः** पुलिस को देर रात सूचना मिली की राजू त्रिलोकपुर गांव के पास नहर पुलिया के निकट मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी। पुलिस को देख कर भाग रहे बदमाश राजू ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिसमें एक सिपाही घायल भी हुआ लेकिन जवाबी फायरिंग में राजू के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे धर दबोचा। घायल राजू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुठभेड़ में राजू को गिरफ्तार किया गया है। इस पर पहले से तीन मुकदमें दर्ज हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार को मृतका का शव गांव पहुंचते ही सभी की आंखें नम थी। सूचना मिलने ही मसौली थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर पुलिस ने एक बार फिर मानवता दिखाते हुए मृतका की अर्थी में कंधा देकर परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।जिस पर गांव के लोगों ने पुलिस ही मानवता को सराहा।

## कर्ज के रुपये अदा करने के लिए सेल्समैन को लूटा

- पुलिस ने माल सहित तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



स्वाट एवं सर्विलांस व थाना कुर्सी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 3 शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लूट के शत प्रतिशत 71 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बरामद हुई है। 17 सितम्बर को वादी मो जावेद पुत्र जहीर अहमद निवासी महमूदाबाद खास थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर द्वारा तहरीर दी गयी कि वादी के सेल्समैन प्रमोद कुमार से राइडर सवार तीन अज्ञात युवकों द्वारा मोबाइल से भरा बैग छीन लिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना कुर्सी पर मुअसं 272/2025 धारा 309(4)/318(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना के सफल अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना कुर्सी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा व सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। पकड़े गए बदमाश सुनील कुमार विश्वकर्मा उर्फ संदीप कुमार विश्वकर्मा पुत्र राजाराम निवासी ग्राम सादभारी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी दूसरे रचित वर्मा पुत्र विजय वर्मा तथा आकाश वर्मा पुत्र हनुमान निवासी ग्राम सिंगहापुरवा मजरे बड़कापुरवा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को लिखना अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना से सम्बन्धित 71 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस रायडर UP41BK5769 बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि घटना का मास्टर माइण्ड अभियुक्त सुनील कुमार विश्वकर्मा था, सुनील कुमार विश्वकर्मा स्वयं भी सेल्समैन का कार्य करता है। अभियुक्त सुनील कुमार विश्वकर्मा द्वारा कुछ लोगों से कर्ज लिया गया था तथा उसे रुपयों की आवश्यकता थी। अभियुक्त सुनील कुमार विश्वकर्मा द्वारा सेल्समैन प्रमोद को चिन्हित किया गया तथा एक मोबाइल जिसे अभियुक्त द्वारा मटियारी जनपद लखनऊ से छीना गया था, उस मोबाइल में सिम डालकर सेल्समैन प्रमोद को काल की तथा मोबाइल की नयी दुकान खोलने की बात कहकर मोबाइल का आर्डर दिया गया। 17 सितम्बर को सेल्समैन प्रमोद जब मोबाइल की डिलीवरी देने के लिए आया तो अभियुक्त द्वारा अपने दो साथियों रचित वर्मा व आकाश वर्मा के साथ मिलकर निगोहा से देवा जाने वाली नहर पटरी के पास घटना को अंजाम दे दिया। अभियुक्त आकाश वर्मा जनपद लखनऊ में रेपिडो में नौकरी करता है, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस रायडर अभियुक्त आकाश वर्मा की थी।

## शारदीय नवरात्र के तहत सजने वाले पूजा पंडालों के लिए प्रतिमाएं हुई रवाना

- पंडलों में आज से मचेगी संस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शारदीय नवरात्र के तहत कस्बों व ग्रामो में सजने वाले पूजा पंडालो के लिए मूर्तियों के जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र के तहत पूरे क्षेत्र में सैकड़ो स्थानो पर दुर्गा पूजा पंडाल सजाकर पूरे नवरात्र भर पूंजा आरती के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती हैं। नगर के पूरे मितई व लिल्हौरा वार्ड में पिछ्ले 3 महीना से बन रही मूर्तियों का शनिवार से ही पूजा स्थलों के लिए जाना शुरू हो चुका था शारदीय नवरात्र के तहत हैदरगढ़ कस्बे के अलावा पोखरा चौबीसी हरिपालपुर सतरही सालपुर सहित कोतवाली क्षेत्र के 63 स्थानो के अलावा पड़ोसी जनपद अमेठी वा रायबरेली के शिवरतनगंज, सेमरौता सीवन के अलावा विभिन्न कस्बा और गांव के लिए आज भी मूर्तियां जाने का सिलसिला जारी रहा। सोमवार से शुरू हो रहीं शारदीय नवरात्र के तहत समूचे तहसील क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित पूजा पांडाल सज धज कर तैयार हो गए हैं। इन सभी पांडालों में सोमवार को नवरात्र के पहले दिन विधि विधान के साथ जगत जननी महामाई के पूजन अर्चन व कलश स्थापना के व देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। इन पांडालों में जवाबी कीर्तन, जगराता, कवि सम्मेलन भजन संध्या सहित तमाम रंगारंग सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## कार व बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत



**बकेवर, इटावा।** सिक्सलेन हाईवे कस्बा बकेवर नेशनल हाईवे सोनिया ढाबा के समीप एक तेजरफ्तार कार ने बाइक सबार के सामने से टक्कर मार दी बाइक सबार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। सैफई मिनी पीजीआई से रेफर किया गया सैफई से आगरा के लिऐ रेफर किया गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम छा गया। सिक्सलेन हाईवे कानपुर इटावा मार्ग पर सोनिया ढाबा के समीप तेज रफ्तार फोरव्हीलर कार ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लोगों ने बकेवर पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा गया जहां हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिऐ भेजा गया वहां से सैफई के लिऐ रेफर किया गया। सैफई से आगरा के लिऐ रेफर कर दिया गया आगरा ले जाते समय आसिव पुत्र शराफत उम्र 20 बर्षीय निवासी शास्त्री नगर बकेवर की रास्ते में मौत हो गयी। मौत की खबर स्वजनों को मिलते ही मृतक आसिव के परिवार में कोहराम छा गया। मृतक आसिव के पिता ने बताया कि वह हाईवे के पास मीट की दुकान किऐ है दुकान बंद करके बाइक में पैट्रोल डलवाकर घर वापस आ रहा था तभी कार ने सोनिया ढाबा के पास टक्कर मार दी। मृतक दो भाई जिसमें बड़ा भाई दानिश है मृतक द्वितीय नम्बर का है सबसे छोटी बहिन है।

## डीएम-एसपी ने रवाना की महिला सशक्तीकरण बाइक रैली

- नारी को अपनी सुरक्षा एवं अधिकार के प्रति जागरुक कराता मिशन शक्ति-5

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस के महत्वपूर्ण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जनपद में महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, सीडीओ कृति राज, एडीएम सुशील कुमार, एएसपी उत्तरी सिंह खिलेश सिंह, सीओ बांगरमऊ संतोष कुमार सिंह, मधुपनाथ मिश्रा क्षेत्राधिकारी बीघापुर एवं श्रीमती सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी सफीपुर ने गदनखेड़ा बाईपास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर का भ्रमण करेगी। रैली में भाग ले रही सभी महिला आरक्षियों को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। रैली के दौरान, सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता नंबर 112 और चाइल्डलाइन 1098 शामिल हैं। इन नंबरों का उद्देश्य संकट में फंसी महिलाओं और बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सावधानियां बताई गई। उपरोक्त कार्यक्रम में अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, संतोष कुमारी सिंह प्रभारी मिशन शक्ति एवं डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति का विशेष योगदान रहा।

### दो सगी बहने रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर कलां निवासी रामकुमार ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर अपनी दो बेटियों के लापता होने की जानकारी दी है। पीड़ित रामकुमार ने थाने में दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनकी बड़ी पुत्री शालू 23 वर्ष तथा छोटी पुत्री शिल्पा 14 वर्ष बीते 10 सितंबर की शाम घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन की तो पता चला कि दोनों बहनें एक मोटरसाइकिल पर बैठकर उन्नाव की तरफ गई थीं, इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है बालिकाओं की तलाश में प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपा सरकार के अब सिर्फ 400 दिन ही बचे हैं: अखिलेश

- भाजपा सफारी पार्क को ठीक से नहीं चला रही

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को इटावा का दौरा किया। उन्होंने एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के श्राद्ध कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद हनुमान मंदिर में दर्शन किए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को इटावा पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले शास्त्री चौराहा स्थित रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के आवास पर जाकर श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद नजदीकी हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी के दर्शन किए और आर्शीवाद प्राप्त किया। श्राद्ध और दर्शन करने के बाद अखिलेश यादव इटावा लायन सफारी पार्क पहुंचे। सफारी पार्क का भ्रमण करने के बाद उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव का जो सपना था वह इटावा सफारी के रूप में साकार हुआ है लेकिन भाजपा सरकार इसे ठीक से नहीं चला पा रही है। अगर सरकार से सफारी नहीं संभल रही तो इसे वनतारा को सौंप दे। हमारी सरकार बनेगी तो हम इसकी व्यवस्था और मजबूत करेंगे ताकि इटावा का नाम पूरी दुनिया में जाना जाए। मौजूदा सरकार अब आखिरी दिनों में है। सरकार के पास केवल 400 दिन ही शेष रह गए है। नौ बजट आ चुके है लेकिन इटावा और आसपास के क्षेत्रों को कोई फायदा नहीं दिया गया आखिरी बजट में भी इटावा को कुछ नहीं मिलेगा। अमेरिका से संबंध और न बिगाड़ें। आजम खान के मुद्दे पर अखिलेश यादव बोले कि भाजपा सरकार उन्हें जेल से बाहर नहीं आने देना चाहती है। उन पर लगातार फर्जी मुकद्दे लगाए जा रहे है वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि इटावा के टाप-10 के अपराधियों की सूची भी सरकार जारी नहीं होने दे रही है।

## व्यापारियों की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार- व्यापारी अध्यक्ष

- हमारे के लिए व्यापारी भाई परिवार के सदस्य हैं: कृष्णमुरारी गुप्ता

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता ने कहा कि जनपद के व्यापारियों की सेवा के लिए 24 घंटे सेवा को तैयार हूं। उद्योग व्यापार मंडल के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता ने प्रेस के माध्यम से बताया कि उ.प्र उद्योग व्यापार मण्डल एक लम्बे अर्से से व्यापारियों की सुरक्षा सम्मान की लडाई लड़ता चला आ रहा है, प्रदेश के अध्यक्ष पं.मुकन्द मिश्रा, प्रदेश महामन्त्री राजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महामन्त्री दिलीप सेठ और उनकी प्रदेश कार्यकारणी ने जिस विश्वास के साथ मुझे जनपद इटावा का अध्यक्ष बनाया उसके लिये प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जनपद के हर कस्बे में व्यापारी भाइयों से संपर्क कर संगठन का विस्तार करेंगे, उन्होंने कहा कि हमारे लिए सभी व्यापारी भाई हमारे परिवार के सदस्य जैसे हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व संगठन के संस्थापक पं.श्याम बिहारी मिश्रा पूर्व सांसद ने स्थानीय उत्पाद, स्थानीय व्यापार,स्थानीय पर्यटन का नारा दिया था जिसे देश के मा.प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने भाषणों में स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का जिक्र अनेकों बार किया है, उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल के महामंन्त्री सदाशिव श्रीवास्तव एवं प्रत्यूष वर्मा ने बताया कि इस समय देश एवं प्रदेश में व्यापारी मित्र सरकार होते हुए भी जिस प्रकार खाद्य एवं श्रम विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, वह असहनीय है। प्रेसवार्ता में संरक्षक रघुराज शाक्य पूर्व सांसद, चेयरमैन राजेश पाण्डेय, जिलाउपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा, डा. हर्षित पोरवाल, राजीव शुक्ला, राजेन्द्र सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तर तक संगठन की मजबूती पर जोर

**अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रॉयल होटल में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने संगठन की आधारभूत मजबूती पर बल दिया। उन्होंने जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जिला कमेटी का गठन तत्काल करें और हर ब्लॉक से अनुशासित, समर्पित तथा संस्कारित सदस्यों को जोड़ें।

पंडित त्रिपाठी ने कहा आप लोगों का यह हाल है कि पेड़ लगाया नहीं, फल की इच्छा पहले करने लगे। मैंने दारुलशफा लखनऊ में जमीन पर सोकर इस संगठन को खड़ा किया है। जब तक हम एक-दूसरे के पूरक नहीं बनेंगे, तब तक कल्याण संभव नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी जिले में कोई ब्राह्मण न्याय से वंचित न रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि मासिक बैठकें अनिवार्य हों, जिसमें हर कार्यकर्ता कम से कम पांच नए सदस्यों को लेकर आए। हर ब्लॉक और जिले में व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं, ताकि कम्युनिकेशन मजबूत हो। नवरात्रि के अंतिम दिन तक जिला कमेटी की पूरी सूची उन्हें प्राप्त हो जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छे और विश्वसनीय लोगों के कंधों पर ही जिम्मेदारियां सौंपी जाएं, क्योंकि संगठन की सफलता आपसी विश्वास पर टिकी है। परशुराम सेवा समिति के जिलाध्यक्ष रिंकू तिवारी ने चिंता जताई कि आज ब्राह्मण समाज में आपसी सहयोग की कमी हो गई है। ब्राह्मण ब्राह्मण का साथ नहीं देना चाहता, जो हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। कानपुर मंडल प्रभारी डॉ. सरित द्विवेदी ने उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने घोषणा की ब्राह्मण समाज की सेवा के लिए मैं 24 घंटे तैयार हूं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए तन, मन, धन से पूर्ण सहयोग करूंगा। डॉ. द्विवेदी के इस बयान से बैठक में उत्साह का संचार हुआ। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, मुकेश पांडेय, शिव कुमार मिश्रा, ग्रीसचंद्र दुबे, राम दुबे, शैलेंद्र दुबे सहित ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों का स्वागत किया और संगठन के विस्तार का संकल्प लिया।

## पितृ पक्ष की अमावस्या पर किया प्रसाद का वितरण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पितृ पक्ष की अमावस्या के अवसर पर पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा ने स्टाल लगाकर राहगीरों में पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया। सत्यनारायण वर्मा ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से अपने पूर्वजों की स्मृति में इस दिन प्रसाद वितरण कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा यह आयोजन न केवल पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक सेवा और एकता को भी दर्शाता है। इस नेक कार्य में गौरव वर्मा, सौरभ वर्मा, युवराज वर्मा, कृष्णकांत वर्मा, काव्या वर्मा, प्रियांशु गुप्ता और ऋतिक वर्मा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। राहगीरों ने इस पहल की सराहना की और इसे सामाजिक सौहार्द का एक सुंदर उदाहरण बताया।

# अब नारी केवल घर की शोभा नहीं, बल्कि समाज की प्रगति की धुरी है : प्रिया शाक्य

**शारदीय नवरात्रि पर साझा किए विचार**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर समाजसेविका, कुशल गृहिणी और कन्नौज की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नारी सशक्तीकरण पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा युग बदला, काल बदला, और नारी सशक्त हुई। अब नारी केवल घर की शोभा नहीं, बल्कि समाज की प्रगति की धुरी है।

प्रिया, जो राजनीति में रुचि रखने वाले ओमकार शाक्य की धर्मपरायण पत्नी हैं, ने कहा कि देवी दुर्गा की आराधना का श्लोक सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके... नारी शक्ति का प्रतीक है। प्रिया के अनुसार, समाज में बदलाव स्पष्ट है। सशस्त्र सेनाओं, खेल, और उच्च पदों पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इसका प्रमाण है। गांव-गांव से लड़कियां अपनी प्रतिभा और जज्बे से रुकावटों को पार कर रही हैं। पहले जो परिवार बेटियों को बाहर काम करने से रोकते थे, वे अब उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा पारित महिला शक्ति वंदन अधिनियम, लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देता है, और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया गया मिशन शक्ति का पांचवां चरण नारी सशक्तीकरण की दिशा में बड़े कदम हैं।

हालांकि, प्रिया ने जोर देकर कहा कि अभी संतुष्ट होने का समय नहीं है। सच्चा सशक्तीकरण तभी संभव है जब नारी नारी का उत्पीड़न बंद करे। सास-बहू के रिश्तों में मधुरता, बेटियों को बेटों जैसा सम्मान, और आपसी प्रेम ही नारी शक्ति का सही मुकाम स्थापित करेगा।

नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने संकल्प लेने का आह्वान किया कि धर्म के मार्ग पर चलकर रिश्तों में मधुरता लाई जाए।

# समाजवादी पार्टी की नीतियां जन जन तक पहुंचाने का संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास कॉलोनी में आयोजित समाजवादी पार्टी की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक समरसता और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) सहित सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है और पार्टी के सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाना है। स्वदेश पाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही समाजवादी विचारधारा को मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को पता चला कि उमेश पाल का जन्मदिन है। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अनूप कुमार पाल, अंशु पाल, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल, आशीष पाल, आशुतोष दुबे, बीनू पाल, उपेंद्र शाक्य, पारुल यादव, आनंद शाक्य, अंकुर यादव, प्रांजल यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

# शांति यात्रा निकाल समाज में प्रेम, एकता का दिया संदेश

**विश्व शांति दिवस पर मौन साधना परिवार के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




विश्व शांति दिवस पर शांति यात्रा में शामिल लोग

अंतरराष्ट्रीय विश्व शांति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्टेशन रोड़ सिटी सेंटर में आयोजित किया गया जिसमें मौन साधना परिवार ने उरई शहर में प्रेम एकता और शांति का संदेश फैलाने के लिए एक विशाल शांति यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में सैकड़ों साधकों ने शंखनाद के साथ हिस्सा लिया, जिसने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। मौन साधना परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व में प्रेम एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना था। यात्रा के दौरान साधकों ने संदेश दिया कि धर्म, मजहब और सिद्धांतों के भेदभाव को भूलकर मानवता को एकजुट करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में सभी धर्मों के विद्वानों ने प्रेम और संगठन के समर्थन में प्रवचन दिए जिसमें ईश्वर साक्षात्कार और सुख-शांति के महत्व पर जोर दिया गया।

मौन साधना परिवार के प्रवक्ता ने कहा आज विश्व में प्रेम और एकता का अभाव है। सिद्धांतों के नाम पर मानव-मानव के बीच विनाश हो रहा है। हम सभी को 15 मिनट की मौन साधना के माध्यम से एकता और शांति का मार्ग अपनाना चाहिए।उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि मानव हृदय में परिवर्तन हो तो विश्व को साकेत जैसा बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चेतावनी दी कि प्रकृति और समय के संकेतों को नजरअंदाज न करें। प्रकृति विपरीत दिशा में जा रही है और एकता ही इसका समाधान है। यदि हम एक साथ नहीं रह सकते, तो एक साथ मिट जाएंगे। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य रूप से रघुवीर शरण द्विवेदी हमीरपुर,गायत्री प्रसाद वियोगी मऊ, रानीपुर, झांसी, अरुण कुमार बाबई, आशीष राजपूत ,चंद्रपाल , जालौन,अशोक कुमार दीवोलिया, तुलाराम राजपूत, रघुवीर राजपूत, देवी सिंह राजपूत, भवानी सिंह परिहार, महेंद्र कुमार, खलक सिंह कट्यारी, सरीला, विजय सिंह निषाद, मथुरा प्रसाद सरीला, अर्पण, शत्रुघ्न सिंह शिक्षक, खूबचंद्र आचार्य, मोतीलाल, संदीप कुमार, राजेश कुमार गौतम, शिव कुमार, गोपीचंद सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौन साधना देवस्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में माताओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने सभी शहरवासियों से अपील की कि वह प्रतिदिन सायं 6.50 से 7.05 तक 15 मिनट की मौन साधना करें, ताकि विश्व में शांति और एकता स्थापित हो सके। यह आयोजन न केवल उरई, बल्कि पूरे क्षेत्र में शांति और एकता का संदेश फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**संगठन का किया विस्तार**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा के साथ संगठन का विस्तार भी किया गया।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि संगठन द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को निराकरण वरीयता के आधार पर करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान उन्होंने आशीष वर्मा को जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज दीक्षित, अंकित तिवारी, रॉबिन मिश्रा, दीपक कठेरिया, अवनीश गुप्ता, अतुल वर्मा, जिला संरक्षक पूर्व सभासद करुणा शंकर गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा को नियुक्त किया। नगर अध्यक्ष गौरव गोयल एडवोकेट को पुनः नगर की जिम्मेदारी दी गई। इसी के साथ युवा के नगर अध्यक्ष डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव को भी जिम्मेदारी दी गई। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियो को मनोनयन पत्र भी सौंपे गए। सभी व्यापारियों ने माला पहना कर जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। बैठक में शैलेंद्र सिंह गौर, विनीत कुमार वर्मा, राहुल अवस्थी, सचिन वर्मा व राहुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गुजरात से नाबालिग को भगाकर लाने वाला युवक रामपुरा से गिरफ्तार

**औपचारिकताएं पूरी कर गुजरात पुलिस युवक को अपने साथ लेकर रवाना**



**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुजरात के सूरत शहर से नाबालिग किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ लाने वाले युवक को गुजरात पुलिस ने रामपुरा थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पुरनपुरा थाना रामपुरा निवासी सत्यम पुत्र सर्वेश उम्र लगभग 22 बर्ष गत तीन वर्षों से सूरत शहर में पत्थर कटिंग एवं टाइल्स लगाने का काम करता था। इसी दौरान उसकी जान–पहचान 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी से हो गई, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के ही ग्राम बघावली (थाना रामपुरा) निवासी है। बताया जाता है कि आपसी संपर्क बढ़ने पर 16 अगस्त 2025 को सत्यम उक्त किशोरी को सूरत शहर से अपने साथ भगा लाया। इस घटना की प्राथमिकी थाना सिगड़पुर डाभौली (सूरत शहर) में मु.अ.स. 550/2025 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64(2)(एम), बीएस 3।, 45S, 6, 7, 8 व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज की गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर गुजरात पुलिस के मुख्य आरक्षी अनिल कुमार और कांस्टेबल अमित कुमार यादव 18 सितंबर को जिला मुख्यालय उरई पहुँचे और 19 सितंबर को रामपुरा थाना में डेरा डालकर कार्यवाही शुरू की। रामपुरा थाना पुलिस के कांस्टेबल आकाश जैन व विपिन यादव ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्थानीय सुरागों और मुखबिरों की मदद से आरोपी सत्यम को उसके ग्राम पुरनपुरा से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व गुजरात पुलिस नाबालिग किशोरी को बरामद कर उसके पिता को सौंप चुकी थी। गिरफ्तार आरोपी सत्यम को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गुजरात पुलिस अपने साथ लेकर रवाना हो गई। थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने बताया कि घटना गुजरात प्रदेश से संबंधित है अतः मामले की आगे की विवेचना गुजरात पुलिस द्वारा की जाएगी। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस और गुजरात पुलिस के बीच समन्वय व सतर्कता महत्वपूर्ण रही।

### महिला सशक्तिकरण की भावना को किया जागृत



रैली निकाल जागरूक करतीं महिला कांस्टेबल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पुलिस लाइन्स कन्नौज से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। रैली का शुभारंभ विधायिका अर्चना पाण्डेय, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली में जनपद की लगभग 100 महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने प्रतिभाग किया। रैली पुलिस लाइन्स से प्रारंभ होकर थाना सदर कोतवाली, मुख्य बाजार, लाखन तिराहा, फूलमती मंदिर, मकरंद नगर, तिर्वा क्रॉसिंग, गैस गोदाम रोड, गोल कुआं होते हुए पुनः पुलिस लाइन्स पहुंचकर संपन्न हुई। रैली ने लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की भावना को जागृत करना था। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने का संदेश भी दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक कुमार अजेय, क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण रहे।

# एनडीए की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**संगठनात्मक मजबूती पर जोर**

नहर निरीक्षण भवन में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में गठबंधन के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर गहन चर्चा हुई और संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई गई।

सुहेलदेव समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप पाल ने नियमित बैठकों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े और संगठनात्मक गतिविधियां सुचारू रहें। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा ने जनपद में खाद की कमी को प्रमुख मुद्दा उठाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन और शासन के सहयोग से खाद की किल्लत जल्द दूर की जाएगी। रालोद के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रेयस द्विवेदी ने संगठन को और सशक्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, अपना दल के जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान की वकालत की।

बैठक में सभी घटक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान गठबंधन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय पर भी चर्चा हुई, ताकि जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

## पहाड़पुरा में दलित बस्ती में जलभराव से लोग परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** दलित आबादी में पानी की निकासी की सुविधा न होने से जलभराव होता है। जिसके चलते दलित आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी समाजसेवी समाजसेवी कमल सिंह चौहान ने बताया कि उनके गांव में दलित बस्ती निचले हिस्से में है। ऐसे में बारिश आदि होने पर और नाले नालियों का पानी उतरकर गांव की दलित बस्ती की ओर आ जाता है। दलित बस्ती में पानी आने से वहां जलभराव हो जाता है। लभराव के चलते बस्ती के लोगों को परेशानी होती है। इस बस्ती में कई मकान कच्चे भी बने हैं। ऐसे में पानी भरा होने से कच्चे मकानों को भी क्षति पहुंच रही है। गंदे पानी के चलते मच्छर आदि भी पनप रहे हैं। बताया कि बस्ती के आगे एक नाला है यह नाला गंदगी के चलते अवरुद्ध है। जिसके चलते बस्ती का पानी नहीं निकल पाता है। यदि इस नाले की सफाई करा दी जाती है, तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है।

# नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना, अखंड ज्योति व जवारे बोने की परंपरा : साध्वी हर्षिता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देती साध्वी हर्षिता किशोरी।

सोमवार से देवी मां दुर्गा की पूजा-आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। हिंदू धर्म में नवरात्र पर्व का विशेष महत्व होता है। कुल चार नवरात्र में चौत्र और शारदीय नवरात्र पर घर-घर देवी मां विराजमान होती हैं। नवरात्र पर देवी पांडालों को सजाने का काम पूरा हो चुका है। आज पूर्ण विधि विधान से देवी पांडालों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

सोमवार से देवी आराधना का पर्व शुरू होने वाला है। इसके पहले ही दिन कलश (घट) स्थापना होती है। साथ में अखंड ज्योति और जवारे यानी धान बोने की भी परंपरा है। साध्वी हर्षिता किशोरी बताती हैं कि देवी स्थापना और उनकी पूजा अर्चना के लिए मिट्टी का कलश, दीपक, अनाज और सोलह श्रृंगार की चीजें के अलावा घर को सजाने के लिए वंदनवार और रंगोली की व्यवस्था करें।

जिस जगह कलश स्थापना और देवी की चौकी बैठाना हो, उस जगह को गंगाजल का छिड़काव कर पवित्र कर लें। इसके बाद देवी स्थापना करें। कहा कि देवी आराधना के नौ जरूरी हिस्से होते हैं। जिनमें कलश स्थापना, देवी की चौकी बैठाना, पूजा करना और अखंड दीपक जलाना, दुर्गा सप्तशती पाठ, व्रत-उपवास, हवन, कन्या पूजन, ब्राह्मण भोजन और आखिरी में क्षमा प्रार्थना होती है। देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा में अलग-अलग प्रसाद चढ़ता है। इसलिए इनके लिए गाय का घी, शक्कर, शहद, तिल, गुड़, सेब, अनार, केला, नाशपाती, अंगूर, चीकू, अमरूद और नारियल की व्यवस्था करनी चाहिए। नवरात्र के दौरान सात्विक भोजन, साफ सफाई, देवी आराधना, भजन-कीर्तन, जगराता, देवी आरती और मंत्रों आदि का जाप करना चाहिए।

इस दौरान तामसिक चाजों का प्रयोग न करें। बता दें, इस बार नगर में आधा सैकड़ा स्थानों पर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 20 स्थानों पर देवी पांडाल सजाए जा रहे हैं। देवी पांडालों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नगर के ऐतिहासिक देवी मंदिर छोटी माता, बड़ी माता, छठी माता, कांमाख्या देवी आदि मंदिरों में साफ-सफाई व सजावट कर ली गई है। आज विधि विधान से देवी पांडालों में देवी मूर्तियों की स्थापना की जाएगी।

# भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर नगर में काशीराम कॉलोनी और देवी सहाय मार्केट में भाजपा के खिलाफ वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

हस्ताक्षर करने वाले सर्व समाज के लोगो ने जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन एडवोकेट से कहा हम सब लोग इस सरकार में बहुत परेशान हैं। महंगाई इतनी हो गयी है कि सब्जी भी खरीदने के लिये सोचना पड़ता है। सरसों का तेल महंगा है, नौकरियां मिल नहीं रही हैं,बेरोजगारी चरम पर हैं।

जिलाध्यक्ष ने उन सभी को बताया अभी तक आपके वोट की चोरी हो रही थी, अब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता विपक्ष राहुल गांधी और गठबंधन के सभी नेताओं ने चुनाव आयोग की वोट चोरी पकड़ ली है। केंद्र और प्रदेशों में भाजपा की जो सरकारें बैठी हुई है वह वोट चोरी से बनी हुई हैं। अब आने वाले चुनाव में आप सभी अपने वोटों की रक्षा करें,जरा चूक हुई ये आपके वोट फिर चुरा सकते हैं। जो वोटर लिस्ट अब बने उसमें अपना नाम ज़रूर देखें कि कहीं बिहार की तरह आपका वोट तो नहीं काट दिया गया।

इस हस्ताक्षर अभियान में पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव संजय पौल, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू, अमोल दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, मेराज़ वारसी, आसिफ, आशाराम यादव, विनोद दुबे, अनिल शुक्ला, उमर खान, राजू खान सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्वेलरी शॉप में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**चार शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से जेवरात, नगदी व अवैध तमंचा बरामद**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** ज्वेलरी एवं बर्तन की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस। के अभियुक्तों के पास से चोरी माल चांदी के आभूषण, नगदी तथा तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए।

बीते 8 जुलाई को थाना सौरिख क्षेत्र मोहल्ला लोहिया नगर निवासी वादी संजीव गुप्ता पुत्र जानकीलाल ने थाना सौरिख पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी दुकान का शटर तोड़कर अलमारी सहित ज्वेलरी व नगद धनराशि चोरी कर ली गई। अलमारी को दुकान के पीछे खेत में फेंक दिया गया था। इस संबंध में थाना सौरिख पर मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर थाना सौरिख प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार, एसओजी प्रभारी देवेश कुमार व सर्विलांस प्रभारी त्रदीप सिंह ने पुलिस टीम के साथ बब्लू कटियार पुत्र विनोद, निवासी पट्टिया सातनपुर, फतेहगढ़, गुलशन पुत्र रामबाबू गिहार निवासी लकूला कादरी गेट फतेहगढ़, संतोष पुत्र छविनाथ निवासी छोटी मिल्किया सुल्तान थाना नवाबगंज फतेहगढ़, संचित यादव पुत्र धीरेन्द्र उर्फ धीरी यादव, निवासी मिर्जापुर सौरिख को कबीरपुर के पास एक सीमेंट की दुकान से गिरफ्तार कर कब्जे से जेवरात, 9000 नकद और एक अदद तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। चारों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, डकैती, मारपीट, महिलाओं से संबंधित अपराध आदि शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में पहुंचे डीएम ने मरीजों से किया संवाद

**मेले में आने वाले मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच व दवाएं बांटी**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



आरोग्य मेले में जिलाधिकारी महिला मरीजों से संवाद करते हुए

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत रविवार को जनपद के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बघौरा, उमरारखेड़ा व काशीराम कॉलोनी स्थित केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों व उनके तीमारदारों से संवाद किया और रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबरों पर कॉल कर उपचार संबंधी फीडबैक लिया। उन्होंने मरीजों को आश्वस्त किया कि चिकित्सकों द्वारा बेहतर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है तथा आवश्यक दवाएं वहीं से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि हर आने वाले मरीज का संवेदनशीलता के साथ इलाज किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा आदि सहित संबंधित चिकित्सक मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# मंदिर परिसर स्थित कमरे सहित एक अन्य खोखे से हजारों की चोरी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने मंदिर परिसर के कमरे सहित एक खोके का ताला तोड़कर हजारों की नगदी व चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को मामले की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। एक महीने में तीन मंदिरों से लगातार चार बार हुई चोरियों से लोगों ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला गंगा टोला स्थित प्राचीन चौमुखी नाथ शिव मंदिर में पुजारी शिव शरण मिश्रा रहते हैं। शनिवार शाम पुजारी प्रतिदिन की भांति पूजा करने के बाद मंदिर में ताला लगाकर रामलीला समारोह में शामिल होने चले गए।रविवार की बीती रात चोर किसी पहर दीवार फांदकर मंदिर परिसर में घुस गए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर 27 हजार रुपए की नगदी व चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। रविवार सुबह पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने कमरे का ताला टूटा व सामान अस्त व्यस्त पड़ा देखा। उन्होंने मंदिर के पुजारी को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे मंदिर ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं दूसरी घटना ग्यारह मंजिल मंदिर के निकट अनुराग सैनी की फूलों की दुकान का खोखा रखा है। बीती रात चोरों ने खोखे का ताला तोड़कर दो हजार रुपए की नगदी व गुल्लक चोरी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।



जांच पड़ताल करती पुलिस

### एक महीने में तीन मंदिरों में लगातार चार बार हुई चोरी की घटनाएं

एक माह पूर्व नगर स्थित मंदिर सिद्ध मढ़ी मंदिर में चोरों ने पैंसठ हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। पुलिस जांच में मंदिर के सेवादार को ही थाने ले आई। थाने पहुंचे मंदिर के महंत सेवादार को छुड़ाकर घर ले गए। दो दिन बाद चोरों ने फिर से कमरे का ताला तोड़कर मंदिर का अन्य समान चोरी कर लिया। चोरी की घटनाओं से आहत होकर महंत बाबा ब्रह्मानंद मंदिर छोड़कर चले गए। दो सप्ताह पूर्व कालेश्वर नाथ मंदिर के परिसर में घुसे चोरों ने अठारह हजार की नगदी व मोबाइल चोरी कर लिया। महंत की नामदर्ज तहरीर पर पुलिस एक युवक को थाने ले आई। हालांकि पुलिस ने उसे मानसिक मंदित बताकर उसे छोड़ दिया। जिससे चोरों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में रोष व्याप्त है। दो दिन पूर्व भी कंपिल बाईपास मार्ग पर स्थित एक चक्की से चोरों ने नगदी व समान चोरी कर लिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चौबीस वर्ष पूर्व भी चौमुखी नाथ मंदिर से करोड़ों की शिवलिंग हुई थी चोरी

चौबीस वर्ष पूर्व 19 जनवरी 2001 को मंदिर परिसर में लगी लगभग एक करोड़ की अष्टधातु की शिवलिंग चोरों ने चोरी कर ली थी। हालांकि कुछ समय बाद पुलिस ने शिवलिंग को बरामद कर लिया। उसी समय से शिवलिंग थाने के मालखाने में रखी है।

# देखरेख के अभाव में बदहाल हो रहा सेल्फी प्वाइंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बस स्टैंड स्थित सेल्फी प्वाइंट देखरेख के अभाव में बदहाल होता जा रहा है। यहां पर लगे अक्षर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वहीं साफ-सफाई न होने से स्थिति और भी खराब हो चुकी है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

बताते चलें कि करीब एक से डेढ़ वर्ष पूर्व रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट सेल्फी प्वाइंट का नगर पालिका की ओर से निर्माण कराया गया था। तब यह सेल्फी प्वाइंट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा, लेकिन धीरे-धीरे देखरेख के अभाव में यह सेल्फी प्वाइंट अपनी पहचान खोता जा रहा है। यहां पर आने वाले लोगों का कहना है कि देखरेख व साफ-सफाई न होने से यह सेल्फी प्वाइंट अपनी पहचान खोता जा रहा है।

जब इस मामले में नगर पालिका के ईओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनकी मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर मिला। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाया गया यह सेल्फी प्वाइंट आज अपनी मूल अवधारणा से दूर हो चुका है।




बदहाल सेल्फी प्वाइंट

# सट्टा माफिया हसनैन की दो करोड़ 40 लाख की सम्पत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस ने सट्टा माफिया की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क की है। यह कार्यवाही गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गयी है।

जानकारी के अनुसार रविवार को तहसीलदार सनी कनौजिया कोतवाली कोतवाली प्रभारी राजीव पाण्डेय व मऊदरवाजा थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, नखास चौकी इंचार्ज इमरान फरदीन के अलावा भारी पुलिस बल के साथ शहर के मोहल्ला खटकपुरा पहुंचे। जहां सट्टा माफिया हसनैन पुत्र जुम्मन द्वारा अपने परिजनों के नाम खरीदी गयी बेनामी सम्पत्ति को डुगडुगी पिटवाकर कुर्क किया। तहसीलदार ने बताया कि सट्टा माफिया की करीब 2 करोड़ 40 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गयी है। बताते चलें कि इससे पूर्व भी सट्टा माफिया की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है। तहसीलदार ने बताया कि बेनामी सम्पत्तियों के खिलाफ प्रसासन की यह कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही गैंगेस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे के आधार पर की गयी है।



कुर्की की कार्यवाही करते तहसीलदार



सम्पत्ति को सील करता कर्मचारी

# पुलिस हुई सक्रिय, महिलाओं-छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी गयी जानकारी



महिलाओं को जागरुक करतीं थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति-5 का शुभारंभ करते ही पुलिस सक्रिय हो गयी है। अमृतपुर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य ने नारी सशक्ति मिशन के तहत महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने अमृतपुर बाजार में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। थाना अध्यक्ष ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने स्कूली छात्राओं और छोटे बच्चों को महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित महिला जागरूकता अभियान की भी जानकारी साझा की। इस मौके पर मौजूद पुलिस स्टाफ रचना, अंकुश प्रजापति, विकास भाटी मौके पर मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना है और उनकी सुरक्षा को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शासन के आदेशों का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। वहीं नवरात्रि को देखते हुए मंदिरों के बाहर सुरक्षा को पुख्ता किया जायेगा।

# फाइनेंसर व ट्रैक्टर मालिक के बीच हुआ विवाद, एक दर्जन हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर फाइनेंसर तथा ट्रैक्टर मालिक के बीच हुए विवाद में मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर के सामने ट्रैक्टर एजेंसी मालिक तथा फाइनेंसर के बताएं मुताबिक मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उनासी शिवम पुत्र उमेश चंद्र उनकी आयसर एजेंसी से बीते पांच माह पूर्व एक ट्रैक्टर अपना पुराना ट्रैक्टर जमा करके ले आए थे। तब से ना ही ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन कराया और ना कोई फाइनेंस कंपनी को भुगतान किया।

जिस पर फाइनेंस कंपनी के लोग सक्रिय रहे और आज सूचना मिलने पर मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर से ट्रैक्टर को ले आए। ट्रैक्टर चालक मौके पर अकेला था, तभी फाइनेंस कंपनी के लोग ट्रैक्टर अपने दबंगई के बलबूते ले आए, लेकिन जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने अपने परिजनों को सूचना दी तो परिजन भी एक पिकअप गाड़ी से ट्रैक्टर का पीछा किया और नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर में ट्रैक्टर को पकड़ लिया। जिस पर दोनों पक्षों में काफी गाली-गलौज होने लगी।

वीरपुर के ग्रामीणों तथा राहगीरों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। जिसकी सूचना किसी राहगीर ने थाना पुलिस को दी दर्जनों की संख्या में झगड़ा कर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस में एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया और थाने में लाया गया। जहां ट्रैक्टर को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। वहीं खबर लेकर जाने तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास चल रहा था, लेकिन थाना पुलिस दोनों पक्षों पर कार्रवाई कर ट्रैक्टर को फ्रीज करने की बात कह रही थी।



थाने में मौजूद दोनों पक्ष

# अस्थियां विसर्जित करने जा रहे परिवार के साथ टेंपो चालकों ने की मारपीट



परिजनों से विवाद करते टेंपो चालक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा में अस्थियां विसर्जित करने जा रहे एक परिवार के साथ टेंपो चालकों ने मारपीट कर दी। जिससे तीन लोग घायल हो गये। पीड़ित परिजनों ने टेंपो चालकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 8.30 बजे जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव बदन नगला की रहने वाली सोनी अपने परिवार के साथ टेंपो में सवार होकर पांचाल घाट अस्थि विसर्जन करने जा रही थी। जैसे ही टेंपो नवाबगंज के मेन चौराहे पर पहुंचा, तभी वहां खड़े करीब 10-15 टेंपो चालकों ने उनका रास्ता रोक लिया। टेंपो चालकों ने उन्हें आगे जाने से मना किया। परिवार ने जब कहा कि वह अस्थि विसर्जन करने जा रहे हैं, तो इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरु हो गयी। वाद विवाद बढ़ने पर टेंपो चालकों ने टेंपो में सवार लोगों के साथ मारपीट कर दी। जिससे बृजेश, हिरदेश और बलवीर घायल हो गए। परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# शारदीय नवरात्र आज से, मंदिरों में देर शाम तक चलती रहीं तैयारियां

▸ पंसारी की दुकानों पर पूजा सामग्री खरीदने के लिए उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवदुर्गा का प्रारम्भ 21 सितंबर से होगा। नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर जहां नगर में किराने की दुकानों पर पूजा सामग्री की बिक्री होती रही, वहीं नवदुर्गा की पूर्व संध्या पर मंदिरों में भव्य सजावट की गयी। उधर, मिशन अस्पताल के बाहर भगवती दुर्गा की मूर्ति की बिक्री होती रही। जहां 100 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक की भव्य मूर्तियां बिकीं। बाजारों में माता के परिधानों की दुकानों पर बिक्री का दौर देखा गया।

मिट्टी के कलश, नारियल आदि की भी जमकर बिक्री हुई। अपराकाशी के नाम से विख्यात नगरीय फर्रुखाबाद में मंदिरों की बहुतायत है।

मंदिरों के नजरिये से ही इसे अपराकाशी का नाम दिया गया है बड़ी तादात में मंदिर हैं। जिसमें प्रमुख देवी मंदिरों में पूजा की तैयारियां देर शाम तक होती रहीं। पल्ला मठिया के नाम से प्रसिद्ध फूलमती देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, फतेहगढ़ स्थित कालीवाड़ी मंदिर व सैन्य क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा के मंदिर में तैयारियों का दौर चलता रहा। शाम को मंदिर भव्य तरीके से सजाये गये। घर में घट स्थापना की तैयारियां चलती रहीं। सोमवार से नवदुर्गा अनुष्ठान शुरु हो जायेगा। जिसमें नौ दिन भक्त व्रत रखकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे।



शीतला माता मंदिर परिसर में सजी पूजा सामग्री की दुकानें

# 22 सितंबर से सात अक्टूबर तक तक बंद रहेंगी मांस मछली की दुकानें व रेस्टोरेंट



नगर पालिका परिषद कायमगंज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद ने नवरात्रि पर्व को देखते हुए नया आदेश जारी किया है। अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर 22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सभी स्लॉटर हाउस बंद रहेंगे। इस दौरान मीट और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। चिकन.मीट रेस्टोरेंट भी नहीं खुलेंगे।

इस अवधि में कई धार्मिक त्योहार आ रहे हैं। इनमें अग्रसेन जयंती, नवदुर्गा पूजा, गांधी जयंती, विजयदशमी और बाल्मीकि जयंती शामिल हैं। नगर पालिका ने धार्मिक और सामाजिक परंपराओं के सम्मान में यह निर्णय लिया है। यह आदेश पूरे नगर में लागू होगा। नोनियामगंज, पुल गालिब और रेलवे रोड सभी इलाकों में इसका पालन करना होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई होगी। नियम तोड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी दुकानदार की होगी।

## खेत से बकरी भगाने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर जागीर निवासी शिशुमा पत्नी सर्वेश ने पुलिस को शिकयती पत्र देकर कहा कि मेरे गांव का ही बालक बकरी चुंगा रहा था। उसी दौरान उसकी बकरी उसके खेत में घुस गयी। उसने खेत में घुसी बकरी को खेत से बाहर निकाल दिया। जिस पर वहां मौजूद उस बालक ने अपने घर पर जाकर परिजनो से कहा कि बकरी व उसे मारा पीटा कर वहां से भगा दिया। बालक की बात सुन बालक के परिजन आक्रोशित हो गए और खेत पर जाकर महिला को लाल-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडीकल परीक्षण करवाया।



जानकारी देती पीड़ित महिला

# शीतल सांझी मंडल द्वारा धूमधाम से निकाली गयी भगवान शिव की बारात

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में शीतल सांझी मंडल द्वारा शनिवार की देर रात भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में भगवान शिव के साथ ब्रह्मा और विष्णु के स्वरूप भी शामिल थे। इसमें भूत-पिशाच, ऋषि और मुनि के वेश में बाराती शामिल हुए।

बारात में रामलला सहित विभिन्न देवी देवताओं की दर्जनों झांकियां निकाली गई। मुखौटा पहने भूत पिशाच लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। हर्षित वर्मा ने शंकर का रूप धारण किया।

बारात में शुक्र, शनि, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुबेर, नारद, सुर्यदेव और चन्द्र देव की झाकियाँ शामिल थीं। बरेली से आये भोले अखाड़े में बौने कलाकारों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। राजा रानी, खाटू श्याम, तिरूपति बाला जी, श्री नाथ अयोध्या के राम और महिषासुर मर्दिनी माँ दुर्गा की आकर्षक का केंद्र रहीं। युवाओं ने मशालों के साथ करतब दिखाए।

इस वर्ष लव जिहाद के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष झांकी भी शामिल की गई। डीजे की धुन पर युवा और भूत प्रेत के वेश में लोग जमकर नाचे। बैंड बाजे के साथ ढोल ताशा, शंख और मजीरे की धुन पर श्रद्धालुओं ने श्हर हर महादेव के जयकारे लगाए। दूल्हा बने भोलेनाथ पर देवी देवताओं ने फूल बरसाए। नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग बारात देखने पहुंचे। सड़क के दोनों किनारे दर्शकों की भीड़ जमा रही। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी। जगह-जगह बारात की आरती उतारी गई और पूजा-अर्चना की गई।



भगवान विष्णू व मां लक्ष्मी की झांकी



भगवान कृष्ण व राधा-रानी की झांकी

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में ग्रामीणों ने जांच कराकर लीं दवायें



जन आरोग्य मेले में दवायें लेते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने जन आरोग्य मेले में पहुंचकर अपना परीक्षण कराया और नि :शुल्क दवायें प्राप्त कीं।

जानकारी के अनुसार रविवार को बाढ़ प्रभावित अमृतपुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी जांच करायी। जांच में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज ज्यादा पाये गये। सभी को नि :शुल्क दवायें वितरित की गयीं। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा के अनुसार मेले में कुल 175 मरीजों की जांच की गई। इनमें मलेरिया के 17, टायफाइड के 11, शुगर के 12, डेंगू के 4, टीबी के 7 और हीमोग्लोबिन जांच के 12 मरीज शामिल थे। उन्होंने बताया कि मेले में अमृतपुर के अलावा फखरपुर, बनारसीपुर सहित बाढ़ प्रभावित कईगावों के लोग पहुंचे। मरीजों को दवाएं, इंजेक्शन और बच्चों के लिए सीरप वितरित किए गए। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वह खुले में यदि सो रहे हैं, तो मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें और पानी उबालकर पियें। अपने आसपास गंदगी न होने दें, क्योंकि गंदगी में बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद मुख्यालय रेफर करने की व्यवस्था की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य केंद्र पर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। इस मौके पर चिकित्सक अरविंद कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, मीना कुमारी, पावनी, रितिक अवस्थी और रोहित उपस्थित रहे।

## रंजिशन दबंगों ने ग्रामीण को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन दबंगों ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी हंसराज उर्फ लल्लू पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह शनिवार की देर शाम अपने केलों की फसल देखने खेत पर गया था। वहीं पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही दबंग विजय जो उससे रंजिश मानते हैं उसे घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसका कहना था कि अगर आसपास के लोग मौके पर नहीं पहुंचते तो वह लोग उसे जान से मार देते। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मेडीकल परीक्षण करवाया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।



जानकारी देता घायल पीड़ित

# घायल गोंडा जनपद की महिला ने बंधक बनाकर लूटपाट का लगाया आरोप

▸ पुलिस ने कई बिन्दुओं पर शुरु की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज क्षेत्र के कुंदन गनेशपुर गांव में एक महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली। महिला की पहचान गोंडा जिले की रहने वाली शीला उर्फ शिमला के रूप में हुई। वह लखनऊ में नौकरी करती थी। शीला ने बताया कि लखनऊ में उसकी मुलाकात काजल, सोनी और विपिन से हुई। एक सप्ताह पहले तीनों उसे बहला-फुसलाकर फर्रुखाबाद ले आए। यहां उन्होंने उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपए, सोने का नाक का फूल, चांदी की पायलें और आधार कार्ड छीन लिए। शनिवार रविवार की रात में आरोपियों ने लाठी-डंडों से महिला के साथ मारपीट की। रविवार सुबह करीब 8 बजे महिला सड़क के किनारे घायल अवस्था में बेहोश हालात में पड़ी मिली। राहगीरों ने पानी का छिड़काव किया, तब महिला होश में आयी। जिसके बाद उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमलागंज में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि डॉ0 मान सिंह और डॉ0 विकास पटेल की टीम ने उसका इलाज किया। जहानगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय ने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता से पूछताछ की। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि महिला का इलाज जारी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी देती गोंडा जनपद की महिला

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस ने स्कूटी रैली निकाल किया जागरुक

## डीएम, एसपी, सीडीओ, एएसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना


रैली निकाल जागरूक करती महिला कांस्टेबल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में स्कूटी रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ से डीएम व एसपी, सीडीओ, एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्कूटी रैली में महिला पुलिस कर्मियों, महिला पीआरवी स्टाफ, एंटी रोमियो टीम, महिला बीट अधिकारी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। स्कूटी रैली में जनपद के उच्चाधिकारी व महिला पुलिसकर्मी शामिल हुई। रैली ने शहर के प्रमुख चौराहों, स्कूलों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों से गुजरकर महिलाओं को सुरक्षा संबंधित कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक किया। रैली के दौरान हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), एवं 1098 (बाल सहायता सेवा) का प्रचार-प्रसार किया गया। आमजन को एंटी रोमियो स्क्वॉड, महिला हेल्प डेस्क, एवं महिला शिकायत निवारण प्रणाली की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की प्रशंसा करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियानों को अपना पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में जनपद स्तर पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशाला, साइबर सुरक्षा से संबंधित सत्र, एवं महिला संवाद का भी आयोजन किया जाएगा। समाज तभी सशक्त होगा, जब सभी महिलाएँ सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। मिशन शक्ति का उद्देश्य यही सुनिश्चित करना है कि हर महिला अपने अधिकारों को जानें और निर्भय होकर अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़े।

# जो पत्रकारिता से हटकर कार्य करते हैं उन्हें मिलती है निराशा

## आठवां स्थापना दिवस सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन का आठवा स्थापना दिवस नवभारत सभा भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन अनिल मिश्रा एवं संजय शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश विजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्भीकता, निष्पक्षता एवं ईमानदारी पत्रकारिता का क्षेत्र है और इससे हटकर जो पत्रकार अपने क्षेत्र में काम करते हैं, उनको हमेशा निराशा देखनी पड़ती है।

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दमयंती सिंह ने कहा कि जिले के समस्त पत्रकारों को अपने क्षेत्र में ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए और पत्रकारों को हमेशा सच्चाई लिखना चाहिए। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार अनुराग मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को सच्चाई और अच्छाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, रही सोशल मीडिया की बात तो सोशल मीडिया एक ऐसा पायदान है, जिसने वर्तमान में पत्रकारों को काफी बड़ी राहत दी है, इस समय पूंजीपत लोगों ने चाहे वह कार्यपालिका हो, न्यायपालिका हो या राजनीति क्यों न हो काफी बड़ा हस्तक्षेप किया है, जो चैनल कभी पूंजीपतियों और राजनीति के खिलाफ लिखते थे। पूंजीपतियों ने वह चैनल ही खरीद लिए इसका नतीजा यह हुआ चैनल मालिक पूरी तरह से बर्बाद हुआ, यदि सोशल मीडिया न होती तो उन चैनल मालिकों का आज पता नहीं होता। इस मौके पर ऋषित चौहान, अब्दुल कय्यूम, मोहम्मद मुस्लिम, जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी, स्नेह कुमार सिंह, प्रताप सिंह यादव, अनिल प्रजापति, दीपक तिवारी, ताहिर खा बज्जू, विनय सक्सेना, अरशद वारसी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, अजीत अग्निहोत्री, रविन्द्र भदौरिया, सुबोध साध, आतिफ अली खान, अहमद अंसारी मौजूद रहे।


मंचासीन अतिथिगण

# मेधावी बच्चे समाज की शान : इं. बृजेश कठेरिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कठेरिया समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में सजातीय मेधावी छात्र-छात्रा का सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह कठेरिया ने की। संचालन जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया व अशोक कठेरिया ने किया। 138 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 75, इंटर मीडिएट के 51, स्नातक के 12 विद्यार्थी सम्मानित हुए। बौद्ध भिक्षुओ द्वारा गौतम बुद्ध व बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पंचशील के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि किशनी विधायक इं0 बृजेश कठेरिया ने कहा कि यह मेधावी बच्चे समाज की शान है। हमें ध्यान रखना होगा कि हमारे बच्चों की संगत अच्छी रहे। बच्चों की शिक्षा पर जोर देना होगा। जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने युवाओं को बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर कठेरिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर केआर वर्मा, जसकरन कठेरिया, पंकज कठेरिया, एचडी कठेरिया, विजय गांधी, राजेश कठेरिया, नीलम कठेरिया, सुषमा कठेरिया, विमला कठेरिया, अरुण कठेरिया, अनिल कठेरिया, रामनिवास कठेरिया, लालाराम कठेरिया, कुलदीप कठेरिया, प्रेम सिंह, शीतल बाबू, प्रशांत कठेरिया, मेवालाल, डालचन्द्र कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी

# भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत आज




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की महापंचायत हथियापुर में 22 सितम्बर को सम्पन्न होगी। महापंचायत में राकेश टिकैत भाग लेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने दी है।

# सपा व्यापार सभा के कई पदाधिकारी घोषित

## अरविन्द, रितेश कुमार, प्रवेश कुमार यादव का किया गया स्वागत


मौजूद सपा व्यापार सभा के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल व जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की संस्तुति पर समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने अरविन्द यादव को जिला सचिव व रितेश कुमार को भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रवेश कुमार यादव को जिला उपाध्यक्ष पर नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया।

अरविन्द यादव व रितेश कुमार एवं प्रवेश कुमार यादव ने विश्वास दिलाया कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक तक पहुंचायेंगे।

पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ेंगे। उन्होंने पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह पीडीए के पक्षधर हैं। उनकी सरकार ने ही लोगों को सम्मान और सुरक्षा दिया। साथ ही उन्होंने ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव मे संगठन को मजबूत करना व ग्रामीण स्तर पर सपा को पीडीए से जोड़कर समाजवादी पार्टी की रीति नीति का प्रचार प्रसार करने का काम करेंगे। इस मौके पर शशांक सक्सेना, सौरभ कटियार, नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद यादव, विवेक भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# रामलीला में हुआ पुष्प वाटिका का मंचन


मंचन के दौरान राम-लक्ष्मण, सीता के स्वरुप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** श्रीराम लीला मण्डल द्वारा आयोजित रामलीला में रविवार को पुष्प वाटिका मंचन हुआ। रामबाग स्थित मैदान में रामलीला का मंचन करते हुए पात्र भगवान श्रीराम व लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ पुष्प वाटिका पहुंचे। जहां पूजा के लिए पुष्प लेने गये थे, तभी उनकी नजर सीता पर पड़ी। वहां सीता सखियों के साथ पुष्प वाटिका में आयी थी। जहां उन्होंने राम को देखा। ऐसा वर मन ही मन में मांगा। वहीं राम व लक्ष्मण ने पुष्प लेकर विश्वामित्र के साथ चले गये, तभी राजा जनक ने सीता के स्वयंवर की घोषणा कर दी।

# विजय दशहरा पर शस्त्र पूजन में आयेगें बृजभूषण सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा विजय दशहरा पर्व की तैयारी बैठक बढ़पुर स्थित होटल राजपूताना पैलेस के सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने की। संचालन कार्यक्रम संयोजक महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह गोंडा से आयेंगे। जिलाधिकारी को भी सूचना दे दी गई है। पीडब्लूडी की टीम कार्यक्रम स्थल पर हैलीपैड बनवाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिया है। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू होंगे। विशिष्ठ अतिथि सवायजपुर विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू एवं विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह, बदायूं विधायक राजीव सिंह, एमएलएसी अविनाश सिंह, वीर विक्रम सिंह की स्वीकृति मिल गयी है। डीएस राठौर ने कहा कि प्रचार-प्रसार कर झण्डे, बैनर आदि की व्यवस्था की जाये। प्रदेश सचिव अनिल प्रताप सिंह ने धन संचाय करने की अपील की और कहा कि अपने-अपने ब्लाकों से लोग कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर सुमन राठौर, किरन सिंह, लक्ष्मण सिंह, योगेन्द्र सिंह राठौर, राकेश सिंह, योगेश सिंह, अजय सिंह, श्रीपाल सिंह, प्रदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद जिलाध्यक्ष ने ज्ञापित किया।


बैठक को सम्बोधित करते वीरेन्द्र सिंह राठौर

# गायत्री शक्ति पीठ द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



रक्तदान शिविर में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा माता भगवती देवी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री शक्ति पीठ फूस बंगला फतेहगढ़ में मानव कल्याण एवं ऊर्जा संवर्धन हेतु गायत्री मंत्र का जाप किया गया। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर ट्रस्ट द्वारा सम्पन्न हुआ। ब्लड सेंटर एवं नेशनल इक्ट्रीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एक्टीविटीज द्वारा डा0 केएम द्विवेदी, डा0 एसपी सिंह, डा0 वाई0पी0 सिंह, डा0 राजा वत्सल, एवं डा0 विनीत मिश्रा की देखरेख में पुरुष एवं महिलाओं ने देश के सैनिकों हेतु रक्तदान किया। इस मौके पर राकेश बाबू शर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता, शिवशंकर मिश्रा, शीतल प्रसाद यादव, सुनील सिंह राठौर, प्रमोद मिश्रा, एसपी सिंह, केके वर्मा, ममता राजपूत, संध्या राजपूत, सरिता दुबे, संत कुमारी अवस्थी, नीलम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉ. अम्बर के जन्मदिन पर काव्यपाठ का हुआ आयोजन

## विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने राष्ट्रीय कवि डॉ. अम्बर को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** समर्पण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विराट काव्य गोष्ठी एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

रविवार को मोहल्ला नुनहाई स्थित हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मानस मर्मज्ञ डॉ0 राम बाबू पाठक, राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर, डॉ0 संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा, राम मोहन शुक्ल, राष्ट्र सेवक रोहित दीक्षित ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

अध्यक्षता कर रहे मानस मर्मज्ञ डॉ0 राम बाबू पाठक ने कहा कि शिवओम का जीवन संघर्ष से भरा रहा है, वह मेरे श्रेष्ठ विद्यार्थियों में से एक है,



डॉ. शिवओम अम्बर का स्वागत करते लोग

शिवओम अम्बर दृढ़ संकल्पी विनम्र व्यक्तित्व के धनी है, उनकी कविता से पूरे जनपद को पहचान मिली है। वह राष्ट्रीय चेतना के शिखर पुरुषों में शामिल है।

उन्होंने कहा कि यदि हम अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्यो को करने वालों का सम्मान करते है तो ये हमारे लिए गौरव का विषय है। मनुष्य को जीवन भर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए, कि वह महापुरुषों के व्यक्तित्व कृतित्व से प्रभावित होकर अपने जीवन को बदल सकता है, वाणी से बड़ा कोई प्रसाद नहीं होता। डॉ0 संतोष पाण्डेय ने अम्बर के जीवन से जुड़े संस्मरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि स्वागत है शत-शत बार समर्पण की पावन अभिलाषा का है अंबर का अभिनन्दन अभिनन्दन हिंदी भाषा का। डॉ0 शिवओम अम्बर ने अभिनन्दन करने वाली संस्थाओं और शहर के प्रबुद्ध जनों का आभार प्रकट किया। कई संस्थाओं के अध्यक्षों व संरक्षकों ने डा0 शिवओम अम्बर का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर केशव भान साध, सुधांशु दत्त द्विवेदी, संजय गर्ग, रमेश चंद्र त्रिपाठी, ब्रजकिशोर सिंह, सुबोध शुक्ला, अमन अवस्थी, मुनीश मिश्रा, श्वेता दुबे, प्रीति तिवारी, अविनाश सारस्वत, निमिष टंडन, प्रमोद दीक्षित, अनिल प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पांडेय, अमित सक्सेना, कुलभूषण श्रीवास्तव, राम शंकर अवस्थी, प्रभात अवस्थी, डा0 सर्वेश श्रीवास्तव, प्रियांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, स्मृति अग्निहोत्री, विपिन अवस्थी, राम शंकर अवस्थी, उमाशंकर वर्मा, साहिल, उत्कर्ष अग्निहोत्री, महेश पाल सिंह उपकारी, अरविंद दीक्षित, नीरज शर्मा, अमित त्रिवेदी, प्रखर दीक्षित, स्वदेश दुबे, विमलेश मिश्रा, श्रीकांत पाण्डेय, उपकार मणि, वैभव सोमवंशी, सुनील तिवारी, कौशलेंद्र यादव बेवाक, अंकित गुप्ता, दिलीप कश्यप, संजीव वर्मा राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# 931 परीक्षार्थियों ने नव भारत साक्षरता परीक्षा में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड बढ़पुर, कायमगंज, नवाबगंज, शमसाबाद, कमालगंज, मोहम्मदाबाद, राजेपुर एवं जिला कारागार फतेहगढ़ में 15 वय वर्ग के 170 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजन कराया गया। जिसमें 955 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 931 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला कारागार जेल अधीक्षक अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जेलर गिरीश कुमार, डिप्टी जेलर मुकेश गौड़ एवं डिप्टी जेलर सरोज देवी के द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ उल्लास नव भारत परीक्षा का सकुशल सम्पन्न करायी गई। जिसमें बढ़पुर ब्लाक से 94, शमशाबाद से 32, कमालगंज से 154, नवाबगंज से 111, मोहम्मदाबाद से 168, कायमगंज से 130, राजेपुर से 130, जिला जेल से 12 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जनपद से 931 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा में समस्त


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते बीएसए

सम्बन्धित उल्लास नव भारत परीक्षा केन्द्र (सम्बन्धित परिषदीय विद्यालय) के समस्त स्टाफ को परीक्षा केन्द्र समय सुबह 10 बजे से परीक्षा सम्पन्न होने तक खोले जाने हेतु आदेशित किया गया था। परीक्षा के निरीक्षण हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी एवं एआरपी को परीक्षा के संचालन एवं निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया था।

**सूचना**

मेरे इंटरमीडिएट वर्ष 2013 जिसका अनुक्रमांक 0165171 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र कहीं वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे दूसरी प्रति की आवश्यकता है। **प्रेम सिंह पुत्र रामप्रकाश निवासी पचरोली महादेवपुर कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# फर्रुखाबाद विकास मंच ने हैवतपुर गढ़िया में लगाया स्वास्थ्य शिविर

## चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर दी दवाइयां


स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** काशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया में बाढ़ से प्रभावित लोगों व बीमार व्यक्तियों एवं घायल व्यक्तियों एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा द्वारा लगाया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न बीमारियों की दवाइयां ली। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 ऋषिनाथ गुप्ता, डॉ0 विनय चौहान, डॉ0 पंकज राठौर ने लोगों का चेकअप किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयां का वितरण भी किया। कई लोगों की ड्रेसिंग इत्यादि भी की गई। स्वास्थ्य शिविर लगाए, जाने से काशीराम कॉलोनी के निवासियों और क्षेत्र के सभी लोगों ने इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि बाढ़ के कारण लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा है। विभिन्न बीमारियों से लोग ग्रसित है, मुसीबत के समय में लोगों की मदद करना मानवता की सच्ची सेवा होती है, पूरे क्षेत्र में जहां पर भी आवश्यकता होगी, स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते रहेंगे, जिससे लोगों को राहत मिले और जरूरतमंदों को दवा के लिए, इधर-उधर भटकना न पड़े, क्षेत्र में लोगों को बीमारियों ने जकड़ लिया है, अब लगातार स्वास्थ्य शिविर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगाए जाते रहेंगे। परमार्थ संस्थान के केशवभान साध ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हिस्सा लिया। इस मौके पर आजाद तिवारी, रावेश मिश्रा सभासद, हिमांशु गुप्ता, सनी गुप्ता, राजीव वर्मा, वेदप्रद बाजपेई, तालिब खान, मदन लाल गुप्ता, विनीत बाजपेई, राजेंद्र माथुर, मोनू दुबे, मुकीम, वसीम खान, शहजाद, रेशमा बानो, खुर्शिदा बेगम, सुनीत दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# प्रकृति की दोहरी मार से अन्नदाता हुआ बदहाल


बाढ़ के पानी में डूबी फसल

## घरबार के साथ-साथ धान की फसल भी बर्बाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गंगापार क्षेत्र में बाढ़ से जनमानस ही नहीं, बल्कि फसलें भी प्रभावित हुई हैं। हजारों हेक्टेयर में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो चुकी है। जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं। पीड़ित किसानों का कहना है कि प्रकृति की दोहरी मार से वह पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है।

जानकारी के अनुसार राजेपुर दहेलिया में हजारों हेक्टेयर में खड़ी धान की फसल बाढ़ की भेंट चढ़ गयी है। जिससे किसान बदहाली की कगार पर पहुंच चुका है। किसानों का कहना है कि एक ओर जहां बाढ़ ने उनका घरबार तबाह कर दिया है, वहीं फसलें भी बर्बाद हो चुकी हैं। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इससे आलू व गेहूं की बुवाई भी प्रभावित होगी। किसानों का कहना है कि फसलें करीब डेढ़ माह से जलमग्न हैं। पानी में डूबी फसल सड़कर खराब हो चुकी है। इस स्थिति का असर आने वाली फसलों पर भी पड़ेगा। किसानों के अनुसार अगेती आलू की बुवाई नहीं हो पाएगी। साथ ही सरसों और गेहूं की बुवाई में भी देरी होगी। किसानों की अभी तक शासन की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिला है। बार-बार गंगा का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक:778/ न0पा0परि0 का0/2025-26 — दिनांक 17/09/2025

**-: नामांतरण सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया गया है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-147 (2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किया जा चुके है। नामान्तरण पर किसी कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य सहित दर्ज करा सकते सकते है। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया

| क्र0 सं0 | भवन संख्या/ मोहल्ले का नाम | वर्तमान अभिलेखों में अंकित भवन स्वामी का नाम | आवेदक/जिसके पक्ष में नामांतरण होना है। | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1- | भवन सं0-87/86, 92/91 वार्ड सं0-09 मो0 मंगूलाल, कायमगंज | श्री सत्यप्रकाश पुत्र श्री जुगल किशोर | श्री संजय सत्य प्रकाश रस्तोगी, शरद कुमार रस्तोगी, सरिता रस्तोगी पुत्र/पुत्री सत्यप्रकाश रस्तोगी | विरासतन |
| 2- | भवन/प्लाट सं0-4986, वार्ड सं0-08 मो0 पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | श्री सुभाष चन्द्र, चन्द्र मोहन पुत्रगण स्व0 श्री राम चन्द्र | श्री अरविन्द कुमार गंगवार पुत्र स्व0 प्रमोद प्रकाश | रजि0 बैनामा |
| 3- | भवन 320, वार्ड सं0-03, नोनियमगंज, कायमगंज | श्रीमती शांती देवी पत्नी श्री अमर सिंह | श्रीमती शशी पत्नी राजेन्द्र कुमार | रजि0 बैनामा |
| 4- | वार्ड स0-11, मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज | स्वकर | श्रीमती सिम्पल पत्नी अंकुर भारद्वाज | रजि0 बैनामा |
| 5- | भवन/दुकान स0-428/116 वार्ड सं0-13 मो0 लोहाई, कायमगंज | श्रीमती प्रेमवती पत्नी स्व0 सतीश चन्द्र | श्री अखिलेश पुत्र स्व0 सतीश चन्द्र | विरासतन |
| 6- | भवन/प्लाट स0-99 वार्ड सं0-05 मो0 पटवन गली, कायमगंज | श्रीमती स्नेहलता द्विवेदी पत्नी श्री प्रमोद कुमार दुबे | श्री प्रशांत कुमार द्विवेदी पुत्र स्व0 प्रमोद कुमार दुबे | रजि0 दान |
| 7- | भवन सं0-159,160, 161 जुज, वार्ड सं0-10 रेलवे रोड कायमगंज | श्री बृजनन्दन लाल, हरिनन्दन सिंह पुत्रगण श्री विद्याधर | श्री शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामप्रयोजन शाक्य | रजि0 बैनामा |
| 8- | भवन सं0-159,160, 161 जुज, वार्ड सं0-10 रेलवे रोड कायमगंज | श्री बृजनन्दन लाल, हरिनन्दन सिंह पुत्रगण श्री विद्याधर | श्रीमती अर्चना शाक्य पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार | रजि0 बैनामा |
| 9- | भवन स0-65 वार्ड सं0-23 नुनहाई, कायमगंज | श्रीमती शशी गुप्ता पत्नी श्री ओमशिव गुप्ता | श्रीकृष्ण चन्द्र दीक्षित पुत्र ओमप्रकाश | रजि0 बैनामा |
| 10- | वार्ड स0-03 मोहल्ला नोनियमगंज, कायमगंज | स्वकर | श्री प्रेमचन्द्र वर्मा पुत्र श्री रामेश्वर दयाल | रजि0 बैनामा |
| 11- | भवन सं0-27 वार्ड सं0-06 मोहल्ला गंगादरवाजा (कूंचा) कायमगंज | श्रीमती विन्दा देवी पत्नी सूरज प्रसाद | श्री सूरज प्रसाद पुत्र स्व0 गंगारचन | विरासतन |

**(अंशमान आनन्द शुक्ला)**
**राजस्व निरीक्षक**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रु0**

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज, फर्रु0**

# नवरात्रि : भीड़ नियंत्रित करने के लिए लगाया गया बैरियर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गड़बड़ा धाम में नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा बैरियर लगाया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने गड़बड़ा धाम में रविवार को पहुंचकर गड़बड़ा धाम में डियूटी प्वाइंट का निरीक्षण किया है। गड़बड़ा धाम में नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ पहुंचने का अनुमान है राति से ही भक्त गड़बड़ा धाम में पहुंच रहे है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। सेवटी नदी में पानी अधिक होने से घाट पर बैकेटिंग की व्यवस्था कराया गया है। घाट पर प्रकाश के लिए लाइट लगाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की नवरात्रि के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक प्रबंध किया गया है। हर प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों व महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती किया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरियर लगाया गया है। सेवटी नदी के घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरकैटिंग कराया गया है। प्रकाश के लिए लाइट की व्यवस्था कराया गया है। इस दौरान एसआई श्याम लाल, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे आदि मौजूद रहे।



## क्षेत्र में नवरात्र पूजन के लिए देवालय व पंडाल सजाए गये, भोर से ही दर्शन-पूजन की तैयारी में जुटे भक्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में देवालयों के साथ माँ दुर्गा पूजन के लिये पंडाल और देवालय सज गये हैं और भोर से ही पूजा शुरू हो जाएगी। इस मौके पर लोग बड़ी संख्या में जुटते हैं और मां शक्ति की आराधना करते हैं। पंडालों को आकर्षक और भव्य तरीके से सजाया गया है जिसमें विभिन्न थीमों का उपयोग किया गया है। क्षेत्र के गडबडा शीतला मंदिर, पावर हाउस हलिया में दुर्गा मंदिर, माता चौरा मंदिरों को सजाया गया है। जीप स्टैंड के पास ग्राम दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल सजाया गया है। पुरवा अवसान सिंह में अदवा कालोनी, सिकटा, राजपुर, सोठिया, भटवारी, बरी, सोनगढ़ा, पिपरा, मनिगढ़ा, देवरी, मतवार आदि गाँव में दुर्गा पंडाल सज गये है। जहाँ विधिविधान से प्रत्येक वर्ष की भाति पूजन का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोर से ही दर्शन पूजन करेंगे।

# दो किलो चार सौ ग्राम चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

काशीवार्ता एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम के साथ मिलकर अदलहाट पुलिस ने थाना अंतर्गत पुलिस चौकी नरायनपुर क्षेत्र के विशेश्वरपुर इनफ्लैंड एजेंसी के पास से शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थों को बेचने जा रहे तीन तस्कर के पास से 2 किलो 4 सौ ग्राम लाखों रुपए कीमत की चरस के साथ तीन आरोपी रविशंकर मिश्रा पुत्र मारकण्डेय मिश्रा, रोशन यादव पुत्र हरीराम यादव, वामिक अन्सारी उर्फ सौरभ पुत्र मोहम्मद शोएब के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। पकड़े गए आरोपी अंतरप्रांतीय पेशेवर चरस तस्कर है जो काफी समय से क्षेत्र में सप्लाई कर रहे थे। नारकोटिक्स व पुलिस की ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।

## खबरें एक नजर में

### लोकतंत्र अपनी भाषा में पुष्पित, पल्लवित व समृद्ध होता है : प्रो. चितरंजन मिश्र



**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** लोकतंत्र की मजबूती अपनी भाषा में ही सम्भव है, भारत में सविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा एवं राजभाषा अधिनियम के बारे में वर्णित है। हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने का पहला प्रस्ताव दक्षिण भारत से आयंगर जी के माध्यम से आया ग्रयह कहना है दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. चितरंजन मिश्र ने आज दिन सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पी.जी. कॉलेज आनन्दनगर, महराजगंज में हिंदी विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रभाषा हिंदी : चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित वैचारिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि हिंदी ही भारतीय मानस को स्वाधीन चेतना दें सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट ने कहा कि हिंदुस्तान में हिंदी दिवस व हिंदी पखवाड़ा मनाया जाना अपने आप में विडंबना है क्योंकि हम हम अपनी भाषा को छोड़कर विदेशी भाषा को सिखने में ऊर्जा लगा रहें है, इससे युवा न तो ढंग से हिंदी बोल पा रहें है और न ही अन्य भाषा। अपनी भाषा ही सृजनात्मकता को लाती है और उसी से देश का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. राम पाण्डेय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कहा कि उधार की भाषा से कोई भी राष्ट्र समृद्ध नहीं हो सकता, अतः हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने से देश की एकता-अखंडता तथा लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अनुष्का व निशु ने सरस्वती वंदना एवं विशाल व अनुष्का ने स्वागतगीत प्रस्तुत किया। मंच का संचालन डॉ. मनोज कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रीति यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ तृप्ति त्रिपाठी, डॉ.शिव प्रताप सिंह, बृजेश कुमार वर्मा, अजीत सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, डॉ. सोनी भट्ट, डॉ. बाल गोविन्द मौर्य, डॉ. चन्द्र प्रकाश, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, डॉ. वैभवमणि त्रिपाठी, डॉ. डी.के. चौबे, डॉ. बी.के. मालवीय, डॉ. अनिल मिश्र, डॉ.अखिलेश मिश्र, डॉ. अर्चना दीक्षित, भागीरथी भट्ट, सौरभ भट्ट, दिनेश भट्ट, धर्मेंद्र सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बाइक की डिग्गी से चोरों ने उड़ाए तीन मोबाइल, जांच में जुटी पुलिस

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** विधायक चौराहे पर खडी बाइक की डिग्गी से अज्ञात चोरो ने मोबाइल उड़ा कर पुलिस को चौका दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। यह घटना फरेंदा थाना क्षेत्र के विधायक चौराहे का है। रानीपुर निवासी इरफान आज शनिवार को रानीपुर से तीन मोबाइल जिसमें रियलमी नी,वीवो वाई 56 और आईफोन-12 लेकर म रिपेयरिंग के लिए फरेंदा जा रहा था। उसने बताया कि मोबाइल विष्णु मोबाइल सेंटर (रानीपुर चौराहा) के दुकान मालिक के कहने पर कुछ तकनीकी खराबियां थी ,जिसे लेकर जा रहा था। वह जब विधायक चौराहे पर स्थित प्रेम चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए रुका, तो उसने बाइक की डिग्गी में मोबाइल सुरक्षित रख दिए। चाय पीने के बाद जब वह बाइक के पास लौटा, तो डिग्गी खोलने पर तीनों मोबाइल गायब मिले जिससे उसके होश उड़ गए। पीड़ित इरफान ने तुरंत घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। लेकिन पुलिस के हाथ खाली मिले।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका हमेशा भीड़-भाड़ वाला रहता है, बावजूद चोरों ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर लोगों को चौका दिया, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़कर चोरी किए गए मोबाइल बरामद कर लिए जाएंगे।

### नगर पंचायत चौक की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत चौक कार्यालय के सभागार में बीते गुरुवार को नगर पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर के विकास कार्यों को गति देना और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान सड़क निर्माण, नाली निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन तथा यूज़र चार्ज जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संगीता देवी ने की। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता, विकास और मूलभूत सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता होंगी। उन्होंने सभी सभासदों और कर्मचारियों से सहयोग की अपील की और कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान पर ईओ ओमप्रकाश यादव, प्रधान लिपिक रमेश चंद समेत नगर पंचायत के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। चर्चा में सभासद नेहा यादव, रंजू देवी, नरोत्तम प्रसाद, गोवर्धन प्रसाद, हरी लाल, हरकेश बहादुर, विजय कुमार मद्धेशिया, आशीष साहनी, पी.के. वर्मा, उर्मिला देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक के दौरान ईओ ओमप्रकाश यादव ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रस्तावित योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

# रामगया घाट पर तर्पण, पिंडदान करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

पितृपक्ष के महालया पर विंध्याचल के शिवपुर स्थित छोटी गया के रूप में प्रसिद्ध रामगया घाट पर अपने पितरों को तर्पण, पिंडदान करने के लिए भीड़ उमड़ी। जनपद समेत प्रयागराज आदि जिले से आए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने तर्पण, पिंडदान कर अपने पूर्वजों की आत्मा को शांति प्रदान कर परिवार की सुख, शांति, समृद्धि के साथ ही वशं वृद्ध का आशीर्वाद लिया।

रामगया घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर तक पूरे घाट पर तिल रखने का भी जगह नहीं बचा। अपने पुरोहितों के निर्देशन में कालीतिल से तर्पण कर कालीतिल जौ का आटा, खोया आदि का पिंड, दूध, गुड़ मिश्रित खीर गाय के उपली के अहरा की आंच पर बनाकर पितरों के नेमित्त कौवा, कुत्ता और गाय को खिलाकर पूर्वजों की आत्मा को इसके बाद घर पर अपनी श्रद्धा और समार्थ्यके मुताबिक भोजन कराया। भोजन के बाद ब्राम्हणों को सामर्थ्य के अनुसार दान दक्षिणा देकर विदा कर परिवार के मुखिया परिजनों के साथ भोजन किया। रामगया घाट के अलावा चील्ह, चुनार क्षेत्र के गंगा घाटों पर तर्पण और पिंडदान करने के लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### पिंडदान करने के लिए गंगा में नहाते समय वृद्ध डूबा, लापता

जिले के ईश्वरपट्टी घाट पर 55 वर्षीय सोमारु बिंद पिंड दान करने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में डूब गए। चौकी प्रभारी ने गोताखोरों को बुलाकर उनकी तलाश शुरू करवाई। संतोष ने गोताखोर बुलाकर तलाश शुरू करवा दिया है।

# जन आरोग्य मेले का 258 मरीजों ने उठाया लाभ

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 258 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक विवेक खरे ने कुल 61 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 45 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 59 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का स्टॉफ नर्स माया के देखरेख में 51 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया।

जहां पर 42 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 258 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान डॉक्टर रीना पटेल फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहें।

### अरहर की फसल को नष्ट करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही गांव निवासी सीता पत्नी कमलेश कोल ने रविवार को थाने में तहरीर देकर फसल को काटकर ट्रैक्टर से नष्ट करने का आरोप लगाते हुए फसल नष्ट करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस पुरे मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गयी है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि मेरे ससुर अपने अपने कब्जे के खेत में अरहर बोकर काम के सिलसिले में मुंबई चले गए की गांव के छह लोग खेत में पांच फिट की तैयार अरहर की फसल को शनिवार को उखाड़ कर फेंक कर ट्रैक्टर से फलट दिए है। मैं और सास थीं कुछ नहीं कर पाई जिस पर पुलिस तहरीर के आधार पर पुरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की अरहर की फसल को नष्ट करने की शिकायत मिली है। पुरे मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

### सर्पदंश से युवक अचेत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार की देर रात सौच वापस आते समय युवक को सर्प ने बाये पैर में लिपट कर काटने लगा किसी तरह से उसे छुडाते हुए भाग कर घर पहुंचा। परिजन आनंद फानन में हथेडा बैद्य के यहाँ दवा इलाज के बाद घर लेकर चले गए घर पहुंचने पर शुक्रवार को यूवक अचेत होने लगा जिसे परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है जहां उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी 36 वर्षीय महेंद्र घर से सौंच के लिए गया था वहां से वापस आते समय रास्ते में सर्प ने बाएं पैर में दश लिया। घटना के बाद भागते हुए यूवक घर पहुंचा घर पहुंचने पर परिजनों से आप बीती बताते हुए अचेत हो गया परिजन पहले हथेडा स्थित एक बैद्य के यहां ले गए। जहां दवा पिलाने के बाद घर वापस लेकर चले गए लेकिन कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है। इस संबंध में डॉक्टर विवेक खरे ने बताया कि सर्प दंश से अचेत युवक का उपचार चल रहा है।

# चिन्हित अतिक्रमण नहीं हटाने पर सड़क चौड़ीकरण कार्य बाधित

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

- लोक निर्माण विभाग की लापरवाही हुई उजागर
- एक करोड़ 93 लाख रुपए से होना है सड़क चौड़ीकरण का कार्य

नगर के पक्का पुल से फौवारा तक सवा किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य एक करोड़ तिरानवे लाख रुपए से कराया जाना है। सड़क चौड़ीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मात्र एक दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर सिर्फ खानापूर्ति किया गया। चिन्हित किए गए अतिक्रमण को आज तक नहीं हटाया गया।जिससे सड़क चौड़ीकरण कार्य



प्रभावित हो रहा है। चुनार उप डाक घर, भारत गैस, और मस्जिद के पास लाल निशान से चिन्हित किए गए अतिक्रमण को भी लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं हटवाया गया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोक निर्माण विभाग के एई आरपी चौरसिया, जेई अमर नाथ के द्वारा सड़क में हुए गड्ढे में गिट्टी डलवा कर जेसीबी मशीन से फैलवा कर सिर्फ खानापूर्ति किया गया। नगर के मनीष राय, सभासद विकास कश्यप, आशीष बिंद आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क निर्माण में चिन्हित अतिक्रमण को हटवाए जाने व सड़क निर्माण कार्य जल्द कराए जाने कि मांग किया है।

# स्टार हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

- आक्रोशित परिजनों ने फरेंदा-लेहड़ा मार्ग किया जाम, अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेंदा के स्टार हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने फरेंदा-लेहड़ा मार्ग कुछ देर के लिए जाम कर दिया और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान काफी देर तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर उनसे भारी भरकम रकम वसूली। लेकिन समय पर उचित इलाज और देखभाल





नहीं की गई। उनका कहना था कि डॉक्टरों ने लापरवाही बरती, जिसके चलते महिला की मौत हो आक्रोशित लोगों ने यह तक आरोप लगा दिया कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा ÷पैसे से खरीद-फरोख्त÷ करने की कोशिश किया, जहां मरीज की जान की कीमत केवल रुपये से आंकी जाती है।

स्थानीय लोगों ने भी अचानक बने इस हालात पर नाराजगी जताई। सूचना मिलते ही फरेंदा पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में करने की कोशिश शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से बात कर उन्हें शांत कराया। बातचीत और समझाने-बुझाने के बाद परिजनों ने जाम हटाने पर सहमति जताई। पुलिस ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी और यदि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही साबित हुई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हंगामे की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोगों में इस बात को लेकर चर्चा बनी रही कि निजी अस्पताल इलाज के नाम पर मनमानी करते हैं और मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। कई लोगों ने भी अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए और स्वास्थ्य विभाग से ऐसे संस्थानों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं का विकास होता है : मुकेश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में इस बार जवाहर नवोदय विद्यालय की बालक टीम और दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज की बालिका टीम ने पहला स्थान हासिल किया है। दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार में हुई इस प्रतियोगिता में जिले की छह टीमों ने भाग लिया और अपनी धुन व ताल से समां बांधा।

प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज पनियरा, महराजगंज इंटर कॉलेज (बालक वर्ग), दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज (बालक एवं बालिका वर्ग) और दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज की टीमें शामिल हुईं। निर्णायक मंडल ने 10 से 15 मिनट की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की।

बालक वर्ग में नवोदय विद्यालय प्रथम रहा जबकि बालिका वर्ग में दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज की टीम अव्वल रही। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका लेफ्टिनेंट डॉ. रामपाल यादव और मो. मनौवर ने निभाई। बैंड नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि छात्रों ने अपनी धुन और ताल से सबका मन मोह लिया। जिला समन्वयक माध्यमिक मुकेश ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निखार और सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नवरात्रि आज, मां भगवती शैलपुत्री का होगा पूजन-अर्चन

- नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों की तैयारी पूर्ण, जगह जगह सजने लगे मां के दरबार
- गोरखपुर से फरेंदा से उत्तर-पश्चिम में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भगवती का मंदिर स्थित है, इसी मंदिर पर पाण्डवों ने देवी द्रौपदी के साथ पूजन-अर्चन वन्दन किया था, चुनरी के रूप में द्रौपदी ने अपने साड़ी के आंचल को फाड़कर चढ़ाया था

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ आज यानी 22सितम्बर दिन सोमवार से शुरू होगा और विजयदशमी पर्व पर नवरात्रि व्रत रखने वाले मां के भक्त कन्या पूजन अर्चन वन्दन कर मिष्ठान भोजन कराकर नवरात्रि व्रत का समापन करेंगे।

दो अक्टूबर को यह व्रत श्रद्धा विश्वास के साथ हर्षोल्लास पूर्वक हिन्दू परम्परा के अनुसार विजयदशमी के साथ समाप्त होगा। इस व्रत को लेकर देवी मंदिरों की सजावट पूर्ण हो गई है नवरात्रि व्रत के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया जायेगा। जिसको लेकर हाट बाजार नारियल, चुनरी व फलों से पट गये है फलों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी व्रत रखने वाले भक्त अपने व्यवस्था अनुसार खरीददारी करने में मशगूल हैं वहीं पूजन सामग्री खरीदने वाले लोग भी खरीददारी करने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ रहे हैं जिससे बाजरों में चहल-पहल शुरू हो गई है।

दशहरा पर्व को लेकर महराजगंज, फरेंदा, धानी, वृजमनगंज पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा, कोल्हुई व बहदुरी के क्षेत्रों में मां के दरबार की सजावट शबाब पर है। गोरखपुर से उत्तर फरेंदा से 7



किलोमीटर उत्तर- पश्चिम में प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भगवती दुर्गा का मंदिर स्थित है नवरात्रि व्रत को लेकर मां के भक्त पूजन अर्चन वन्दन करने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। मां भगवती दुर्गा के बगल में लेहड़ा रेलवे स्टेशन होंने के कारण मां आद्रवनवासनी देवी भगवती लेहड़ा वाली माता जी के नाम से भी विख्यात है।

शारदीय नवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दिया गया मंदिर सीसीटीवी कैमरे से लैस है।सर्किल के थाने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है।समय - समय पर पुलिस के उच्चाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा जिलाधिकारी महराजगंज के दिशा निर्देशन में लेते दिखाई दे रहे हैं। यह शक्ति पीठ अति प्राचीन है जहां पांडव ने देवी द्रौपदी के साथ पूजा अर्चना किया था चुनरी के अभाव में द्रौपदी ने अपनी साड़ी के आंचल को फाड़ कर चुनरी के रुप में चढ़ाया था, तभी से चुनरी चढ़ाने की प्रथा शुरू हो गई। आद्रवन अदरौना के जंगल में स्थित मां भगवती शैलपुत्री यानी भगवती दुर्गा का मंदिर स्थित है।

घने जंगल के बीच से रास्ता होने के बावजूद श्रद्धालु भक्तो की भीड़ उमड़ जातीं हैं वैसे सप्ताह के सातों दिन भक्त दर्शन करने के लिए उमड़े रहते हैं। इस मंदिर का महात्म्य बहुत पुराना है। मंदिर महंथ देवीदत्त पाण्डेय उर्फ दाढ़ी बाबा बताते हैं कि इस मंदिर पर जो भी भक्त श्रद्धा विश्वास के साथ आता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। नवरात्रि के पर्व पर बंगाल की खाडी से लेकर कन्याकुमारी तक मां के भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं वैसे तो सप्ताह के सातों दिन मां के भक्त पूजन अर्चन वन्दन के लिए आते रहते हैं। मांगलिक कार्यों में जनेऊ विवाह, मुण्डन आदि भी होते हैं।

यह मंदिर अपनी प्रसिद्धि के लिए जाना जाता है इसी मंदिर के रास्ते ह्वेनसांग चीनी यात्री भी गुजरा था।जिस आद्रवन का उल्लेख किया जाता है वह दुर्गा सप्तशती में पाया जाता है। आज जो आद्रवन अदरौना के नाम से जाना जाता है इसी वन में पाण्डवों ने अपना अज्ञातवास भी बिताया था।इसी क्रम में मां भगवती के दरबार ग्रामीण क्षेत्रों में सजायें जा रहें हैं साथ ही साथ छोटे बड़े मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

# पितविसर्जन पर लोगों ने दान पुण्य के साथ पितरों को किया विदा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पितृपक्ष के आखिरी दिन पितरों की बिदाई लोगों ने दान पुण्य के साथ कर पितृश्रृण से छुटकारा लिया। पितृपक्ष पितरों के आशीर्वाद लेने का दिन होता है।लोग अपने अपने पितरों के तिथियों पर श्रद्धा पूर्वक पिण्ड दान कर ब्राह्मण भोजन करा कर दान पुण्य कर श्रद्धांजलि देते हैं पितृपक्ष पितरों का दिन होता है।

अपने माता पिता से उश्रृण होने के लिए उनके बच्चे व परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा तिलांजलि दी जाती है उनके तिथि पर ब्राह्मण भोजन कराया जाता है पितृपक्ष के आखिरी दिन अमावस्या तिथि को पितरों का पूजन अर्चन वन्दन कर अपने व्यवस्था अनुसार बड़े पैमाने पर दान पुण्य कर उनसे बिदा लोगों द्वारा किया जाता हैं आज यह उत्सव हर्षोल्लास के साथ लोगों ने मनाया है वहीं बहुतायत लोग गया मैं जाकर पिण्ड दान कर अपने पितरों के मोक्ष प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त



करते हैं। इसी क्रम में पितृपक्ष के आखिरी दिन यानी अमावस्या तिथि को लेकर महराजगंज, फरेंदा,धानी, वृजमनगंज पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा, कोल्हुई बहादुरी निचलौल परतावल पनियरा, घुघली नौतनवां लक्ष्मीपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास पूर्वक अमावस्या तिथि पर ब्राह्मण भोजन करा कर लोगो ने श्रद्धा पूर्वक दान पुण्य कर अपने व्यवस्था अनुसार अपने अपने पितरों को बिदा किया। आज रविवार को पूरा दिन हर क्षेत्रों में यह त्यौहार श्रद्धा पूर्वक मनाया गया है।

### करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर शनिनचरहिया निवासी एक युवक की मौत करेंट की चपेट में आने से होने का मामला प्रकाश में आया है। खबर के मुताबिक युवक करन फरेंदा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर सनचरहिया निवासी सुनील का पुत्र था जो करेंट की चपेट में आ गया था। परिजनों ने बताया कि कमरे में कोई कार्य करने के दौरान बिजली के चपेट में करन आ गया जिसको इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने देखते ही करन को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि करन को सुबह लगभग 8:50 पर इलाज हेतु मृत अवस्था में सीएससी बनकटी लाया गया था। सूचना पाकर फरेंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचायतनामा तैयार कराकर पोस्टमार्टम हेतु महाराजगंज भेज दिया। करन के मौत की जानकारी होते ही परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा परिजन रोने बिलखने लगे। उनके आवास पर पहुंच कर लोगों ने ढांढस बंधाया, बताया जा रहा है कि करन बहुत ही मिलनसार लड़का था। लेकिन पोस्ट मार्टम होने के पश्चात जब शव घर पहुचा तो लोगो ने गोरखपुर -सोनौली रोड पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया इसकी भनक लगते ही विभिन्न थानों की फोर्स पहुंच गई साथ ही उनके एडिशनल एसपी, व उपजिलाधिकारी फरेन्दा भी मौके पर पहुंच कर स्थित को नियंत्रित किया। मुआवजा की मांग तबतक करते जबतक कानूनी कार्रवाई नहीं हुई अंत में कसौधन बर्तन स्टोर के मालिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के पश्चात ही रास्ता जाम ख़त्म किया उसके पश्चात लोगों ने शव का अंतिम संस्कार किया।